ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 01 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 13 दिसंबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 307 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

आईपीएल 2024 में खेलते नजर आ ... पेज 10 पर

## एक नजर

### नक्सलियों ने की गुदड़ी के पूर्व उप प्रमुख की हत्या, छोड़ा पर्चा

**प. सिंहभूम।** जिला गुदड़ी प्रखंड में पूर्व उप प्रमुख कमल पूर्ति की हत्या की जिम्मेदारी मंगलवार को भाकपा माओवादियों ने ली है। माओवादियों ने पुलिस मुखबिर के आरोप में कमल पूर्ति की हत्या की है। हत्या के बाद माओवादियों ने रायगढ़ा गांव से कुछ दूर मुख्य सड़क पर हस्तलिखित पर्चे छोड़े हैं, जिसमें पुलिस का एसपीओ बताकर सजा देने की बातें लिखी गयी हैं। हालांकि, अभी तक पुलिस की टीम घटनास्थल नहीं पहुंची है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण पुलिस को घटनास्थल पर पहुंचने में वक्त लग सकता है। माओवादियों ने सोमवार दोपहर को घटना को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक कमल पूर्ति नक्सलियों के भय से अपना गांव रायगड़ा छोड़कर सोनुआ में किराये के मकान में रह रहा था। सोमवार को अपने गांव रायगड़ा पहुंचा था। बताया जाता है कि कमल पूर्ति सोमवार सुबह 11 बजे घर से किसी काम से बाहर निकला था। इस बीच रास्ते में माओवादी दस्ते से भेंट हो गयी और रास्ते में ही दस्ते ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। साथ ही शव के साथ सड़क पर एक पर्चा लिखकर छोड़ दिया।

### हाईकोर्ट में गृह सचिव और डीजीपी को हाजिर होने का निर्देश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों को मुआवजा दिलाने एवं इससे संबंधित क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की बेंच ने गृह सचिव और डीजीपी को अगली सुनवाई के दौरान सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया है। अब अदालत इस जनहित याचिका पर 19 दिसंबर को सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने कोर्ट में पक्ष रखा। उन्होंने अदालत को बताया कि अब तक कई जिलों में पीड़ितों को मुआवजा नहीं दिया गया है। वहीं राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने बताया कि रांची, रामगढ़, पलामू और हजारीबाग में पीड़ितों को मुआवजा दिया गया है। बोकारो में मुआवजा देने के लिए फंड जारी कर दिया गया है।

### सीबीआई कोर्ट ने संजय तिवारी को जमानत देने से किया इंकार

**रांची।** मिड-डे-मील योजना में 100 करोड़ रुपये घोटाला करने के आरोपित संजय तिवारी को रांची सीबीआई कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सीबीआई कोर्ट ने मंगलवार को उसकी जमानत याचिका पर फैसला सुना दिया है। अदालत ने संजय तिवारी की याचिका को खारिज करते हुए उसे बेल देने से इनकार कर दिया है। मिड-डे-मील के करीब 100 करोड़ रुपये एसबीआई धुर्वा ब्रांच से भानू कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित कर दिये गये थे। इसे लेकर पहले धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

# सांसद धीरज साहू के घर जीओ सर्विलांस से जांच शुरू

### गृह परिसर में जमीन के अंदर जेवरात छुपाकर रखने की है आशंका

### रांची स्थित आवास परिसर की सभी लाइट और बत्तियां बंद कर दी गई हैं

### सोमवार तक नोटों के अलावा 17 किलोग्राम आभूषण भी मिल चुके थे

**क्या है जीओ सर्विलांस**

यह एक उच्च भू-निगरानी तकनीक है। जिससे जमीन के अंदर भौगोलिक परिवर्तन की जानकारी हासिल की जाती है। साथ से जमीन के अंदर मौजूद धातु की जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। इसमें कई हाई सेंसर युक्त मशीन का इस्तेमाल किया जाता है।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के रांची स्थित आवास में जमीन के अंदर भी जेवरात छुपाये जाने की सूचना मिली है। इस सूचना के बाद आईटी की टीम मंगलवार की शाम जीओ सर्विलांस सिस्टम से सांसद के घर के कैम्पस की जांच शुरू कर चुकी है। छापेमारी के छठे दिन इनकम टैक्स की टीम ने मशीन से धीरज साहू के कैंपस की जांच शुरू की। बताया जा रहा है की जमीन के अंदर भी काफी कुछ दबा हुआ है। बताया जा रहा है कि जीओ सर्विलांस मशीन के द्वारा जमीन के अंदर अगर हीरे-जेवरात दबाकर रखे गए होंगे या फिर कोई मेटल दबा कर रखा गया होगा तो उसकी जानकारी मिल जाएगी। आईटी की टीम धीरज साहू के रांची से आवास के पूरे कैंपस की गहराई से जांच कर रही है।

जांच से पूर्व ही इनकम टैक्स के अफसरों ने आवास के बड़े परिसर में अंधेरा कर दिया। मशीन का प्रयोग करने से पहले आवास के सभी लाइट और बत्तियां बंद कर दी गई है। जिसके बाद पूरे कैंपस की जांच मशीन के द्वारा शुरू की गई है। इसके पूर्व सूचना मिली थी कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू से संबंधित ठिकानों पर आयकर (आईटी) विभाग की छापेमारी मंगलवार को समाप्त हो गई है, लेकिन शाम को उनके रांची आवास में फिर से जांच शुरू हो गई। धीरज साहू से संबंधित ठिकानों पर छह दिसंबर से आईटी की छापेमारी चल रही है। इससे पहले सोमवार तक आयकर विभाग की टीम ओडिशा के बलांगीर स्थित सूदपाड़ा में बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के परिसर में छापेमारी कर रही थी। यहां जब्त किए गए पैसे को आयकर विभाग के बलांगीर एसबीआई शाखा में जमा कराया गया है। आईटी की टीम ने छह दिसंबर को धीरज साहू से संबंधित कई ठिकानों पर छापेमारी कर 30 आलमारियों में भरे नकदी बरामद किये थे। इस दिन नोटों की गिनती जारी थी। बताया गया है कि अब तक की गिनती में आंकड़ा 500 करोड़ रुपये को पार कर गया है।

### पीएम का कटाक्ष : भारत में 'मनी हीस्ट' फिक्शन की जरूरत किसे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद धीरज साहू के परिसर से 300 करोड़ रुपये से अधिक की भारी नकदी की बरामदगी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक बार फिर कांग्रेस पर कटाक्ष किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में, किसे 'मनी हीस्ट' की जरूरत है, जब आपके पास कांग्रेस पार्टी है, जिसकी डकैतियां 70 वर्षों से प्रसिद्ध हैं और गिनती बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री के चुटीले जवाब में लोकप्रिय नेटफ्लिक्स सीरीज 'मनी हीस्ट' का जिक्र है। पीएम मोदी ने अपने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि भारत में किसे 'मनी हीस्ट' फिक्शन की जरूरत है, जब आपके पास कांग्रेस पार्टी है, जिसकी डकैतियां 70 वर्षों से प्रसिद्ध हैं और गिनती बढ़ती जा रही है। इसके साथ पीएम ने भाजपा के हैंडल से पोस्ट की गई वीडियो को भी शेयर किया। उन्होंने भाजपा द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो को साझा करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें लिखा है, कांग्रेस मनी हीस्ट पेश करती है। भाजपा ने साहू से जुड़े परिसर से बरामद धन के भारी स्टोरेज का एक वीडियो भी संलग्न किया, जिसकी पृष्ठभूमि में मनी हीस्ट का गाना और राज्यसभा सांसद के साथ पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी की तस्वीर है।

### सीबीएसई ने जारी की बोर्ड परीक्षा की डेटशीट

# 15 फरवरी से 2 अप्रैल 2024 तक होगा एग्जाम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के लिए डेटशीट जारी कर दी। सीबीएसई की डेटशीट के मुताबिक 15 फरवरी से बोर्ड परीक्षाएं शुरू होगीं और 12वीं बोर्ड की आखिरी परीक्षा 2 अप्रैल तक चलेगी। जबकि, 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 13 मार्च को समाप्त हो जाएंगी। बोर्ड परीक्षाएं लगभग 55 दिनों तक चलेंगी। सीबीएसई 12वीं बोर्ड की पहली परीक्षा 15 फरवरी को है। पहली परीक्षा एंटरप्रेन्योरशिप की और आखिरी परीक्षा 2 अप्रैल को कंप्यूटर, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की है। वहीं, 10वीं कक्षा की बात की जाए तो 15 फरवरी को पहली परीक्षा पेंटिंग विषय की है। दसवीं बोर्ड की आखिरी परीक्षा 13 मार्च को है। इस दिन कंप्यूटर एप्लीकेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परीक्षा है। 19 फरवरी को 12वीं के छात्र हिंदी की परीक्षा देंगे। 21 फरवरी को कॉस्ट अकाउंटिंग का एग्जाम होगा। 22 फरवरी को इंग्लिश विषय की परीक्षा है। 27 फरवरी को केमिस्ट्री का एग्जाम है। 29 फरवरी को ज्योग्राफी, 4 मार्च को फिजिक्स और 9 मार्च को गणित की परीक्षा ली जाएगी।

वहीं, दसवीं कक्षा की बात की जाए तो 19 फरवरी को संस्कृत, 21 फरवरी को हिंदी, 26 फरवरी को इंग्लिश, 2 मार्च को विज्ञान, 7 मार्च को सामाजिक विज्ञान और 11 मार्च को गणित की परीक्षा होगी। सीबीएसई द्वारा जारी डेटशीट के मुताबिक परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। पहली परीक्षा सुबह 10.30 बजे से शुरू होगी जो दोपहर 1.30 बजे तक चलेगी। सीबीएसई ने कहा है कि बोर्ड परीक्षा, 2024 दसवीं और बारहवीं के लिए डेट ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सीएम ने किया 5358 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास, बोले

# अब महिलाओं को आशीर्वाद योजना से मिलेंगे 50 हजार

### राज्य में कोई घर नहीं हो, जहां सरकार की कोई योजना न हो

### कोई लाभ से वंचित हैं तो पंचायतों में लग रहे शिविरों में जाएं

**1035.10 करोड़ की योजनाओं का तोहफा**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 1035.10 करोड़ रुपये की 5358 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया । इसमें 835.71 करोड़ रुपये की 5308 योजनाओं की नींव रखी गई जबकि 199.38 करोड़ रुपये की 50 योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ। साथ ही विभिन्न योजनाओं के 34077 लाभुकों के बीच 53 करोड़ 23 लाख 10 हजार रुपये की परिसंपत्तियां बांटी गईं।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को दुमका में कहा कि राज्य में कोई ऐसा घर नहीं होगा, जहां सरकार की कोई न कोई योजनाएं नहीं पहुंची हो। इसका उद्देश्य लोगों सशक्त बनाना है। इसी क्रम में फूलो-झानो आशीर्वाद योजना के तहत महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ने के लिए अब 10 हजार रुपये की बजाय 50 हजार रुपये देने का निर्णय सरकार ने लिया है। अबुआ सरकार आपके सुख दुख में हमेशा आपके साथ है। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति अबतक किन्हीं वजहों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं तो वह पंचायतों में लग रहे शिविरों में जाएं और आवेदन दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार विभिन्न माध्यमों से ग्रामीण उद्यमिता और आजीविका को बढ़ावा दे रही है।

# भजनलाल शर्मा होंगे राजस्थान के सीएम

### प्रेमचंद बैरवा और दीया कुमारी डीप्टी मुख्यमंत्री

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान के नए मुख्यमंत्री को लेकर भी भाजपा ने चौंकाने वाला फैसला किया है। राजस्थान के नए मुख्यमंत्री की कमान सांगानेर विधायक भजनलाल शर्मा को सौंपी गई है। वहीं, दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को डिप्टी सीएम बनाया गया है। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में हुई विधायक दल की बैठक में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने भजनलाल शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा। इस नाम पर सभी विधायकों ने सहमति जता दी, वहीं, अजमेर उत्तर से विधायक वासुदेव देवनानी को विधानसभा स्पीकर बनाया गया है। इसके पूर्व दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर कई दौर की बैठक और मंथन के बाद मंगलवार शाम 4 बजे राजस्थान भाजपा मुख्यालय पर विधायक दल की बैठक हुई। इस बैठक में भजन लाल शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा गया, इसे सभी ने पास कर दिया। बता दें कि भजनलाल शर्मा वर्तमान में सांगानेर से विधायक के साथ ही प्रदेश भाजपा के महामंत्री हैं। इस बैठक के दौरान पार्टी के तीनों पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, विनोद तावड़े और सरोज पाण्डेय, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी समेत पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### ▸▸कौन हैं भजनलाल शर्मा

राजस्थान के होने वाले नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा (56) भरतपुर के रहने वाले हैं, जबकि पार्टी ने उन्हें जयपुर की सांगानेर विधानसभा से टिकट दिया था। भजनलाल शर्मा के पिता का नाम कृष्ण स्वरूप शर्मा हैं। भाजपा ने उन्हें टिकट देने के लिए वर्तमान विधायक अशोक लौहाटी का टिकट काटा था। भजनलाल शर्मा ने अपने प्रतिद्वंदी कांग्रेस उम्मीदवार पुष्पेंद्र भारद्वाज को 48 हजार से अधिक मतों से हराया था। भजनलाल शर्मा संघ के काफी करीबी माने जाते हैं। साथ ही पार्टी में भी उनकी अच्छी पकड़ हैं। भजनलाल शर्मा सामान्य वर्ग से आते हैं। भजनलाल शर्मा राजस्थान में पार्टी के महामंत्री के तौर पर काम कर रहे थे। भजनलाल शर्मा ने मास्टर्स डिग्री तक की पढ़ाई की है। उन्होंने शुरूआती पढ़ाई के बाद राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर से राजनीतिक विज्ञान में मास्टर्स की डिग्री हासिल की। पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा करोड़पति हैं। उनके पास 1.46 करोड़ रुपये की संपत्ति है। साथ ही उनके नाम पर 35 लाख रुपये की देनदारी है।

▸▸संबंधित खबरें पेज 12 पर

## भविष्य के राजनीति की संदेश देती राजस्थान-मप्र की घटनाएं

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

कई घटनाओं की कड़ियां जोड़कर एक जगह रखने से जो तस्वीर बनती है, वह वर्तमान सत्ता राजनीति को समझने का एक महत्वपूर्ण पहलू बन सकती है।

**1.** राजस्थान के भरतपुर के मूल निवासी 56 वर्षीय पंडित भजनलाल शर्मा पहला चुनाव बागी होकर लड़े थे, जमानत जब्त हो गई। दूसरा चुनाव जयपुर के सांगानेर विधानसभा से (मजबूत भाजपा विधायक का टिकट काटकर) लड़ाया गया, जीते और राजस्थान का मुख्यमंत्री बना दिए गये। पालिटिकल साइंस में एमए हैं। जिन नेता ने उनको सीएम बनवाया वो इंटरनेशनल पालिटिक्स में एमए हैं। इनके नाम का प्रस्ताव दो बार मुख्यमंत्री रहीं वसुंधरा राजे सिंधिया से कराया गया। राजपूत दीया कुमारी और दलित प्रेमचंद बैरवां को उपमुख्यमंत्री बनाया गया।

**2.** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार 12 दिसंबर को अपने आवास पर समर्थकों से मिल रहे थे। उनसे मिलने बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंची थीं। महिलाएं उनके गले लग फफक-फफक कर रो पड़ीं। रोते हुए कहने लगीं - आप सबके चहेते हो, हमने आपको वोट दिया था। इसके बाद शिवराज ने कहा - मैं भी कहीं नहीं जा रहा। शिवराज से एक महिला ने कहा कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## महुआ मोइत्रा से बंगला खाली करने को कहें

**नई दिल्ली।** कैश फॉर क्वेरी मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता चली गई है। अब लोकसभा पैनल ने आवास और शहरी मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर महुआ मोइत्रा से बंगला खाली कराने के लिए कहा है। इसको लेकर संसद की आवास समिति ने आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर टीएमसी नेता को बंगला खाली करने का निर्देश देने के लिए कहा है। महुआ मोइत्रा को संसद में सवाल पूछने के लिए एक कारोबारी से गिफ्ट लेने का दोषी ठहराया गया था। इस मामले में सदन ने आचार कमेटी की रिपोर्ट पर फैसला लेते हुए 8 दिसंबर को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था।

## नागरिकता कानून की धारा 6ए की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। धारा 6ए के खिलाफ याचिकाएं मुख्य रूप से असम समझौते के प्रावधानों को चुनौती देती हैं, जिसने 2019 में प्रकाशित असम में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) का आधार बनाया। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ में शामिल जस्टिस सूर्यकांत, एम.एम. सुंदरेश, जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा दोनों पक्षों की मौखिक दलीलें सुनने के बाद जल्द ही अपना फैसला सुनाएंगे। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से पूर्वोत्तर राज्यों, विशेषकर असम से भारतीय क्षेत्र में अवैध अप्रवासियों की आमद को रोकने के लिए उठाए गए प्रशासनिक कदमों के बारे में जानकारी देने को कहा था। इसने नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6 ए (2) के तहत 1 जनवरी, 1966 और 25 मार्च, 1971 के बीच असम में नागरिकता प्रदान किए गए बांग्लादेशी प्रवासियों की संख्या के बारे में केंद्र और असम सरकारों से एक आम हलफनामा मांगा था। जवाब में, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अवैध प्रवासी गुप्त तरीके से देश में प्रवेश करते हैं, इसलिए ऐसे लोगों का सटीक डेटा एकत्र करना संभव नहीं है। सीजेआई के नेतृत्व वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सितंबर में प्रक्रियात्मक निर्देश पारित किए थे।

## सामूहिक दुष्कर्म के तीन दोषियों को 20 -20 साल की सजा

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने मंगलवार को 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के तीनों दोषियों को 20-20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। रांची पॉक्सो की विशेष अदालत ने सोहन कुमार, इरशाद अंसारी और कुदुस अंसारी को सात दिसंबर को दोषी करार दिया था। अदालत ने दोषियों को 20-20 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि पीड़िता को दी जाएगी। दोषी सोहन कुमार नाबालिग छात्रा से एकतरफा प्यार करता था। जनवरी 2022 में पीड़िता जब अपनी दो सहेलियों संग मॉर्निंग वॉक पर निकली थी।

# जानलेवा या जरूरी हैं धरती के नकली भगवान ?

सुनील बादल

***कल*** चतरा के पिछड़े इलाके में एक झोलाछाप डॉक्टर ने एक बच्चे की गलत इंजेक्शन लगाकर जान ले ली। ऐसा झारखंड ही नहीं देश के अनेक राज्यों में होता रहता है। हमें ऐसे समाचारों की आदत सी हो गई है पर विकसित देशों की बात करें तो ऐसा होना बहुत ही बड़ी घटना मानी जाती। गत वर्ष मानवाधिकार आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष जस्टिस अरुण कुमार मिश्रा ने कहा था कि झोला छाप डॉक्टरों की प्रैक्टिस को मानवाधिकारों का उल्लंघन के मामले में सबसे खतरनाक उदाहरण है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे डॉक्टर पर कड़ी नजर रखने और नियमित अंतराल पर जांच करने का भी निर्देश दिया था। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ने झोलाछाप डॉक्टर को लेकर राज्य सरकार से ऐसे डॉक्टरों को रोकने के लिए आयोग को एक योजना प्रस्तावित करने और ऐसे डॉक्टरों को प्रैक्टिस करने से रोकने के लिए कहा था। राज्य सरकार की तरफ से उन्हें आश्वासन दिया गया था कि झोलाछाप डॉक्टरों को विभिन्न जिलों में प्रैक्टिस करने से रोकने के लिए कार्य किया जा रहा है। इस मामले में एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि जहां सरकार या निजी स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों की पहुंच से बाहर हैं वहां यही लोग कई बार लोगों की जान तक बचाते हैं पर यह एक पहलू है और दूसरा पहलू यह है कि ये लालच में बिना किसी तकनीकी या चिकित्सीय ज्ञान के प्रसव भी कराते हैं और ऑपरेशन तक करते हैं जिससे अनेक भोले-भले लोग मारे जाते हैं जो इन्हें डॉक्टर साहब समझते हैं क्योंकि ये बड़े-बड़े बोर्ड में यही लिखवाते हैं। झारखंड इंडियन मेडिकल एसोशिएशन के महासचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह बताते हैं कि इन फर्जी डॉक्टरों के बिगाड़े हुए केस किसी न किसी डॉक्टर के पास आते हैं जिससे बदनामी उस डॉक्टर कि होती है कई बार मारपीट तक उनसे की जाती है। झोला छाप या बिना मान्यता चलने वाले अस्पतालों पर रोक के लिए भारत सरकार ने क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 बनाया था पर इसको भी कॉर्पोरेट मेडिकल कंपनियों के हित में 27 अनापत्ति प्रमाण पत्र की शर्त लगाकर व्यावहारिक बना दिया गया और झारखंड में इसे बिना किसी सुधार के 30 मई 2013 से लागू कर दिया गया है जबकि सुधार का प्रावधान था। इस एक्ट के तहत सभी सरकारी, गैर सरकारी अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर को निबंधित होना जरूरी है। अस्पताल आने वाले हर मरीज का इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड और मेडिकल हेल्थ रिकॉर्ड अस्पताल प्रशासन के पास सुरक्षित होना चाहिए। सरकारी नियम मेटरनिटी होम्स, डिस्पेंसरी क्लीनिक्स, नर्सिग होम्स, एलोपैथी, होम्योपैथी और आयुर्वेदिक से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं पर समान रूप से लागू होता है। हर अस्पताल, क्लीनिक्स का खुद का रजिस्ट्रेशन भी जरूरी है, जिससे ये सुनिश्चित किया जा सके कि वहां मरीजों को न्यूनतम सुविधाएं और सेवाएं मिल रही हैं। किसी रोगी के इमरजेंसी में पहुंचने पर उसको तुरंत स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवानी जरूरी है। प्रत्येक अस्पताल अपनी सेवाओं की कीमत केंद्र सरकार के निर्धारित सीमाओं के भीतर ही लेना है। स्वास्थ्य ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## देवघर के 5 किमी के दायरे में विकसित होगा नगर वन : चौबे

**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**

केंद्रीय वन-पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि देवघर में पर्यावरण संरक्षण और लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए शहर की पांच किलोमीटर की परिधि में नगर वन विकसित होगा। अश्विनी चौबे ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। मंत्री ने कहा कि नगर वन में लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की पूरी व्यवस्था रहेगी। ऐसा वन बनाया जाएगा, जिसमें लोग बैठ सकेंगे, घूम सकेंगे, टहल सकेंगे और योग कर सकेंगे। बैठक में मौजूद स्थानीय विधायक नारायण दास ने केंद्रीय राज्य मंत्री के समक्ष शहर के समीप चिड़ियाघर बनाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि डिग्रिया पहाड़ के समीप वन विभाग की जमीन पर चिड़ियाघर खोला जा सकता है। सिविल सर्जन डॉ रंजन सिंह ने सदर अस्पताल में मेडिसिनल गार्डन खोलने का आग्रह किया। इस पर मंत्री ने अधिकारियों को इन प्रस्तावों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों से जिले में केंद्रीय योजनाओं की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। बैठक में वन विभाग के अधिकारी, सिविल सर्जन व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक

**चान्हो।** प्रखंड मुख्यालय में मगंलवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रांची जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह चान्हो प्रभारी जमील मालिक उपस्थित हुए। उन्होंने ने उपस्थित पंचायत अध्यक्ष और प्रभारी से बूथ कमेटी, पंचायत कमेटी, टोला कमेटी और बी एल ए गठन पर जानकारी दिया । आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सेकुलर पार्टी है। इसलिए लोग इस पार्टी से जुड़ना चाहते है। पार्टी ने जो टास्क दिया है उसे 20 दिसम्बर तक पूरा करें।जब आप पुर्ण रुप से टोला, बुथ और पंचायत कमेटी का गठन कर लेंगे तो आपके पंचायत में पंचायत सम्मेलन किया जाएगा। ताकि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में यही कमेटी काम करेगी। मौके पर अजित सिंह, इरशाद खान, अब्दुल्ला अंसारी, शिव उरांव, मंगलेश्वर उरांव के अलावा सभी पंचायत अध्यक्ष प्रभारी, मंच मोर्चा मंडल के अध्यक्ष उपस्थित थे।

### बाघवार एकेडमी ने गुरुनानक स्कूल राँची को 81 रनों से हराया

**चान्हो/रांची।** विकास विद्यालय रांची में आयोजित पांचवें मोहनलाल जी नपोनी मेमोरियल अंतर विद्यालय क्रिकेट टूनार्मेंट के अंतर्गत अंडर-17 आयु वर्ग में खेले गए मैच में बाघवार अकादमी चान्हो की टीम ने गुरु नानक स्कूल रांची को 81 रनों से शिकस्त दी। बाघवार अकादमी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 267 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी गुरु नानक स्कूल रांची की टीम शुरू से ही लड़खड़ा गई। पूरी टीम 20ओवरों 9 विकेट खोकर 176 रन ही बना पायी। बाघवार अकादमी की ओर से सलामी बल्लेबाज हर्षित यादव और कप्तान अभिषेक महली 83-83 रन बनाए। टीम के गेंदबाज हिमांशु मोहाली ने 3 ओवरों में 31 रन देकर 3 विकेट लिए तथा इस टीम के कप्तान अभिषेक महली ने 4 ओवरों में स 44 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किए।

# योजनाओं की सही जानकारी ही आपके विकास की पहली सीढ़ी है : धनंजय राय

**सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों की उमड़ी भीड़**

**दर्जन लोगों के बीच परिसंपत्ति का किया गया वितरण।**

**आरएनएम संवाददाता । बेड़ो**
झारखंड सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा का आयोजन हरिहरपुर जमटोली पंचायत में मंगलवार को किया गया। जहां पंचायत के सभी गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ लेते देखे गए। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जानकारी के अभाव में आमतौर पर ग्रामीण अपनी आवश्यकता से जुड़ी हुई योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। आपके लिए जरूरी है की योजनाओं के बारे में आपको सही और पूरी जानकारी हो। आपको योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ आप तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए है आपकी अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न पंचायत में किया जा रहा है। ताकि आप इसका आयोजन का सही लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सही जानकारी ही आपके विकास की पहली सीढ़ी है। मौके पर अंचल निरीक्षक विक्रम कुमार ने आंचल से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। वही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी डॉ राकेश रंजन ने पशुपालन विभाग और आपूर्ति विभाग से संबंधित कई योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इनके अलावा पंचायत समिति सदस्य फुलमनी उरांव, पूर्व मुखिया सुनील कश्यप और मोहम्मद राशिद मीर ने लोगों से शिविर का लाभ लेने का आह्वान किया। इससे पूर्व पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया ने अतिथियों का एवं ग्रामीणों का स्वागत करते हुए विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और लोगों से शिविर का लाभ उठाने की बात कही। मौके पर वन विभाग द्वारा 20 पौधों का वितरण किया गया। वहीं किशोरी समृद्धि योजना के तहत सांकेतिक रूप से साथ बच्चियों के बीच स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। पशुधन विकास योजना के तहत सात लाभों के बीच योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र बांटा गया। इसी शिविर में धोती साड़ी योजना का लाभ 20 जरूरतमंदों को दिया गया। वही शिविर में आए हुए आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 बच्चों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया। जेएसएलपीएस की विभिन्न महिला ग्रुप के बीच जेएसएलपीएस की ओर से 25 महिलाओं को शिविर में आए हुए अतिथियों के हाथों से आई कार्ड प्रदान किया गया।

### खलारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

खलारी। प्रखंड के बमने पंचायत के स्कूल में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया। अध्यक्षता बीडीओ लेखराज नाग ने की। सरकार के विभिन्न विभागों के स्टाल पर ग्रामीणों ने आवेदन दिया। कई आवेदन व समस्याओं का हल तत्काल किया गया। ग्रामीणों के बीच परिसंपत्तियां बांटी गई। कार्यक्रम में खलारी सीओ षिषुपाल आर्य, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रवींद्र प्रसाद, मुखिया शिवनाथ मुंडा, पंचायत समिति सदस्य मनभावन लोहरा, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा प्रतिमा कुमारी, डा संतोश, प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस साबीर अंसारी, बीएसओ गोपालराम दास, बीपीओ मनरेगा विनयकुमार गुप्ता, बीएओ आदित्यनाथ झा, प्रखंड समन्वयक असित कुमार, जेई रविरंजन कुमार, प्रेमचंद मुर्मू सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### क्विज एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

मांडर। इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के द्वारा नेशनल कौंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट नोएडा एवं पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत झारखण्ड राज्य के विभिन्न उच्च माध्यमिक स्कूलों के 12वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों हेतु अखिल भारतीय विद्यालय स्तर प्रश्नोतरी एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विविधता में एकता की मिसाल, जीवंत संस्कृति, सदियों पुरानी परंपरा, खान-पान और विविधता में एकता दिखाने वाला देश में विचारों को दशार्ता हुआ ₹भारत पर्यटन, आतिथ्य, विरासत और संस्कृति₹ विषय पर प्रश्नोत्तरी क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में निबंध हिंदी या अंग्रेजी भाषा में 700 से 800 शब्दों के बीच लिखना होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागी को भारतीय नागरिक होने के साथ साथ वर्तमान में किसी मान्यता प्राप्त स्कूल में 11वीं या 12वीं कक्षा में पढाई कर रहा हो तथा इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं है। प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने बताया कि छात्रों के लिए इस अखिल भारतीय विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर भारत की पर्यटन तथा कला-संस्कृति के साथ साथ अतिथ्य एवं सेवा क्षेत्र को जानने तथा प्रतिभागी बनकर विजेता बनने का सुनहरा मौका मिलेगा । इच्छुक विद्यार्थी विशेष जानकारी हेतु आईएचएम रांची अथवा एचसीएचएमसीटी के वेबसाइट पर संपर्क भी कर सकते हैं।

### पुलिस ने अवैध कोयला लदा वैन किया जब्त

चान्हो। चान्हो पुलिस की गस्ती गाड़ी ने आज अहले सुबह करीब पांच बजे के करीब बीजूपड़ा खलारी मार्ग पर चामा के समीप अवैध कोयला लदा ओमनी वैन को जब्त कर थाने ले गई। पुलिस के अनुसार वैन खलारी की ओर से बीजूपाड़ा की तरफ जा रही थी। ड्राइवर ने पुलिस गश्ती को देखकर गाड़ी खड़ा कर जंगल की ओर भागने में सफल रहा। जब्ती गाड़ी को थाने लाकर पुलिस कोयल मालिक एवं गाड़ी संचालक का पता लगाने में जुट गई है। बताते चले की चान्हो पुलिस लगातार अवैध बालू एवं कोयल के प्रति सक्रियता से छापेमारी कर रही है।

### चान्हो के मनरेगाकर्मी काम पर लौटे

चान्हो। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के अश्वासन के बाद चान्हो के सभी मनरेगा कर्मी मंगलवार को प्रखण्ड में योगदान देकर काम पर वापस लौट आए। प्रखंड के दो रोजगार सेवक व एक कनीय अभियंता की संविदा समाप्त करने के विरोध में चान्हो के मनरेगा कर्मियों का कार्य बहिष्कार व अनिश्चितकालीन हड़ताल चौदह दिनों तक जारी रहा। मामले को लेकर मनरेगाकर्मियों ने मंगलवार को माननीय वात्त मंत्री डा० रामेश्वर उराँव से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें मनरेगा के लोकपाल के जांच रिपोर्ट के आधार पर पौधारोपण कार्य में पहले मनरेगा से जुड़े 16 पदाधिकारियों व कर्मियों पर अर्थदंड लगाने व अर्थदंड का भुगतान करने के बाद सिर्फ दो रोजगार सेवक एवं एक कनीय अभियंता की संविदा समाप्त करने की की पूरी जानकारी दी। मंत्री ने इनकी बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि इस प्रकार तीन पर दोहरी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए । उन्होंने भरोसा दिया कि 14 दिसम्बर को चान्हो के मनरेगा कर्मी की मौजुदगी में प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में विभागीय सचिव और मनरेगा आयुक्त से बात करने की बात कही।हड़ताल व कार्य बहिष्कार समाप्त कर काम पर वापस होने की भी बात कही। मंत्री के अश्वासन के बाद चान्हो के सभी मनरेगा कर्मी मंगलवार को प्रखण्ड में योगदान देकर काम पर वापस लौट आए।

### दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

मांडर। दुर्घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मांडर प्रखंड के कुरकुरा ग्राम निवासी ललन सिंह के पुत्र 19 वर्षीय निलेश सिंह की सोमवार देर शाम अपने एक साथी के साथ एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर कुरकुरा से रघुनाथपुर जाने के क्रम मे एक अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया था। इस घटना में निलेश सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। हालत नाजुक होने की वजह से उन्हें इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया था।

### श्रद्धांजलि सभा और भोग प्रसाद वितरण किया गया

रांची। मंगलवार को सुधा अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा झारखंड की समाजसेवी अधिवक्ता शुभनारायण दत्त के इकलौते पुत्र स्वर्गीय अरमान दत्त की जयंती पर श्रद्धांजलि सह भंडारे का आयोजन हुआ। सबसे पहले स्वर्गीय अरमान के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। आज इस अवसर पर राजधानी रांची के अरगोड़ा चौक स्थित मंदिर प्रांगण परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं के मध्य अरमान दत्त की स्मृति में भोग प्रसाद का वितरण किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक नारे लगाए। भंडारे के पश्चात उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने अरमान दत्त के तस्वीर के सामने प्रतीकात्मक रूप से केक काटा गया । आज इस अवसर पर समाजसेवी अधिवक्ता शुभ नारायण दत्त, डॉ.प्रणव कुमार बब्बू, सुप्रसिद्ध कराटेकार सेंसाई विमल आनंद नाग, सेंसाई कमल किशोर कच्छप,अशोक कुमार, विनय सिंह, मोनिका कुमारी, कौशल्या कुमारी,अनमोल कर्ण, नवनीत कुमार, विजय दत्त पिंटू समेत अन्य उपस्थित रहे।

# बेड़ो के केशा पुरिया और खुखरा में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित

**आरएनएम संवाददाता । बेड़ो**
हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत मंगलवार को बेड़ो प्रखंड के केशा पुरिया और खुखरा के पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। आयोजन के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष राजीव रंजन अधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के बीच केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है साथ ही जरूरतमंदों को योजनाओं से जोड़ना कार्यक्रम का उद्देश्यह है। उन्होंने केंद्र से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार का हमारा संकल्प

विकसित भारत कार्यक्रम केंद्र सरकार की ओर से समाज की अंतिम व्यक्तित्व तक पहुंचाने का प्रयास है। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के निदेशक बलराम सहित अन्य ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों से इस कार्यक्रम का लाभ उठाने का आह्वान किया। प्रोग्राम के दौरान एलसीडी टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री का ₹हमारा संकल्प विकसित भारत₹ कार्यक्रम से संबंधित विडियो दिखाया गया। वीडियो के माध्यम से लोगों को कार्यक्रम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों में से जो केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हैं उन्होंने भी अपने व्यक्तिगत विचार से लोगों को अवगत कराया। साथ ही इस कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए उपस्थित ग्रामीणों के बीच कई अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

## रांची आसपास

# अलाव की व्यवस्था नहीं, ठिठुर रहें सड़क पर राहगीर, प्रशासन मौन

**आरएनएम संवाददाता । बेड़ो**
कड़ाके की ठंड पड़ने के बाद भी प्रखंड में प्रशासन की ओर से चौक-चौराहों पर अबतक अलाव की व्यवस्था नहीं कराई गई है। इससे लोगो में रोष व्याप्त है। बढ़ती ठंड को देखते हुए लोग स्वयं अलाव की व्यवस्था कर रहे हैं। अलाव की व्यवस्था नहीं होने से दुकानदार व आम लोग पुआल अथवा कूट और रद्दी कागज जलाकर काम चला रहे हैं। साथ ही प्रखंड में गरीबों के बीच अबतक कंबल का भी वितरण नहीं किया गया है।बेड़ो में पिछले एक सप्ताह से चल रही कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त - व्यस्त हो गया है। तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाने के कारण हाड़ कंपा देने वाली ठंड से सभी बेहाल है। इसके बावजूद भी ठंड से निपटने के लिए प्रशासनिक व जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई व्यवस्था नहीं किया गया है। अभी तक चौक-चौराहों पर अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

# बेहतर यातायात व्यवस्था को लेकर डीसी ने की बैठक

**आरएनएम संवाददाता । रांची**
उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज दिनांक 12 दिसंबर 2023 को शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी रांची सदर श्री दीपक दुबे, पुलिस अधीक्षक यातायात श्री कुमार गौरव, अपर जिला दण्डाधिकारी विधि-व्यवस्था, रांची श्री राजेश्वरनाथ आलोक, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची श्री प्रवीण कुमार प्रकाश, पुलिस उपाधीक्षक यातायात श्री जीतवाहन उरांव, निर्माण कार्य में लगी एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

**यातायात व्यवस्था सुधार के लिए किये गये कार्यो की समीक्षा :** बैठक में एनएचएआई, गेल, जुडको के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने प्रोजेक्ट को लेकर डिटेल प्रस्तुत किये गये। बेहतर यातायात व्यवस्था को लेकर रांची शहर को 6 जोन में बांटा गया था। साथ ही यातायात में आ रही बाधा को लेकर कारणों को सूचीबद्ध किया गया था। उपायुक्त द्वारा सभी विभागों और एजेंसियों द्वारा अब तक किये गये कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

**नये सिरे से बनेगा जोन, उपायुक्त ने दिय टीम गठित करने के निर्देश :** बैठक में उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि सुचारु यातायात व्यवस्था में आ रही बाधाओं को दूर करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जायेगा। समिति में शामिल अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद नये अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर नये सिरे से जोन बनाकर टीम गठित करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया।

**ससमय पूरा करें कार्य - उपायुक्त :** बैठक में उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा शहर में चल रहे तीन फ्लाई ओवर निर्माण (सिरमटोली, कांटाटोली, रातू रोड फ्लाई ओवर), बिजली विभाग द्वारा अंडर ग्राउंड केबलिंग एवं जुडको तथा पीएचइडी द्वारा वाटर पाइपलाइन की कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसी ससमय कार्य पूरा करें, जितनी जल्दी प्रोजेक्ट पूरे होंगे, उतनी जल्दी सुगम यातायात को बल मिल पायेगा।

**डायवर्जन को सही तरीके से इम्प्लीमेंट करायें- उपायुक्त :** उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि शहर में केन्द्र और राज्य सरकार के प्रोजेक्ट आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान करने के दृष्टिकोण से इम्प्लीमेंट कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रोजेक्ट में डायवर्जन के प्लान होते हैं। डायवर्जन को सही तरीके से इम्प्लीमेंट करायें ताकि लोगों को कम परेशानी हो। उपायुक्त ने कहा कि सड़क पर कार्य शुरू करने और संपन्न होने की सूचना जिला प्रशासन को दें।

**अतिक्रमण करने वालों को खिलाफ होगी कार्रवाई, चलेगा अभियान**
बैठक में उपायुक्त श्री राहुल कुमान सिन्हा ने आगामी दिनों में शहर के महत्वपूर्ण स्थानों में अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर निगम, पुलिस-प्रशासन की टीम को एक साथ महत्वपूर्ण स्थानों में लगातार अभियान चलाकर अतिक्रमण करनेवालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने का निदेश दिया।

**लॉन्ग टर्म प्लानिंग को ध्यान में रखते हुए करें काम - उपायुक्त :** बैठक में उपायुक्त ने शहर में जहां-जहां क्विक इंटरवेंशन से चीजों को दुरुस्त किया जा सकता है उसे लेकर अधिकारियों को आवयश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी स्टेक होल्डर और अधिकारी समन्वय स्थापित कर कार्य करें, जितने हर्डल कम समय में हटाये जा सकते हैं उसे हटा लें। लॉन्ग टर्म प्लानिंग को ध्यान में रखते हुए मल्टी लेवल पार्किंग और जो मेजर इंटरवेंशन हो सकते हैं, उसकी कार्यप्रणाली प्रारंभ कर लें।

### झारखंड राज्य किसान सभा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा

**सिल्ली।** झारखंड राज्य किसान सभा ने तमिलनाडु से आए तुफान 5 से 8 दिसंबर 2023 को झारखंड के किसानों के धान सहित अन्य फसलों की लाखों की बरबादी के लिए मुआवजा की मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजा । तामिल नाडु से आए तुफान से रांची जिला के राहे, सोनाहातु, सिल्ली, अनगड़ा बुंडू, तमाड़,अंड़की, खिजरी सहित सरायकेला खरसावां जिला सहित उड़ीसा के वाडर के सभी जिलों में किसानों के धान सहित अन्य फसलों की लाखों की बरबादी हुई है। झारखंड राज्य किसान सभा ने सरकार से शीघ्र तुफान से नुकसान का आकलन कर तुफान प्रभावित किसानों को पर्याप्त मुआवजा देने की मांग की है। झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजें ज्ञापन में तुफान प्रभावित किसानों को पर्याप्त मुआवजा देने तथा किसानों को इस दुखद परिस्थिति से बचाने के लिए सरकार त्वरित कार्रवाई करते हुए किसानों को पर्याप्त मुआवजा देने की गारंटी करे।

### पीएम से अल्बर्ट एक्का के गांव जाने की मांग की

**रांची।** परमवीर अल्बर्ट एक्का गौरव रक्षा सम्मान समिति ने रांची प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें भारत के प्रधान मंत्री से गुमला जिले के जारी में स्थित परमवीर चक्र विजेता के पैतृक गांव का दौरा करने का आग्रह किया। डॉ विजय राज, प्रसिद्ध न्यूरोसर्जन और समिति के संरक्षक सदस्य ने प्रेस को संबोधित करते हुए परमवीर अल्बर्ट एक्का की बहादुरी और बलिदान को मान्यता देने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने घोषणा की कि अगर प्रधानमंत्री जारी का दौरा करते हैं, तो समिति गुमला जिले के सभी 159 पंचायतों में एक निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन करेगी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. शंभू प्रसाद सिंह ने डॉ. राज की भावनाओं को प्रतिध्वनित करते हुए कहा कि अल्बर्ट एक्का आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक्का के साहस ने कई आदिवासी युवाओं को सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

# डेली मार्केट में भीषण आग, कई दुकानें स्वाहा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डेली मार्केट के सब्जी मंडी में भीषण आग लग गई, अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। लगभग कई दुकानें जलकर राख हो गई। लोग आग बुझाने की कोशिश कर रहे, लेकिन आग विकराल रूप ले लिया है। दुकानों में रखे सब्जी, फल व अन्य समान जलकर राख हो गए। दमकल की 2 गाड़ियां आग पर काबू करने क कोशिश में लगे हुए हैं। लेकिन भयंकर आग के कारण अभी तक आग में काबू नहीं पाया जा सका है। दमकल की गाड़ी संकीर्ण रास्तों के कारण अंदर नहीं जा सकी, रोड में ही गाड़ी को खड़ा कर पाइप को अंदर ले जाकर पानी से आग को बुझाने की कोशिश में लगे हैं। आग कैसे लगा ये अभी तक पता नहीं चल पाया है। लेकिन भारी नुकसान हुआ है। सब्जी मंडी पूरी तरह से जल गया है। आग पर लगभग काबू पा लिया गया है।

### अर्जुन उरांव एवं कृष्ण मोहन सिंह के निधन पर चैंबर ने जताया दुख

**रांची ।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के सदस्य अर्जुन उरांव जो पूर्व में इटकी रोड व्यवसायी संघ के अध्यक्ष रहे हैं तथा वर्तमान में चैंबर के ट्राइबल बिजनेस उप समिति के चेयरमेन भी थे, का स्वर्गवास होने पर चैंबर पदाधिकारियों ने दुख प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताई। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि आदिवासी समुदाय को व्यापार व उद्योग के क्षेत्र में सक्रिय करने के लिए चैंबर द्वारा ट्राइबल बिजनेस कमिटी का गठन किया गया है, हमें दुख है कि उप समिति चेयरमेन के आकस्मिक निधन से हमारी कार्य योजना में रूकावट आई है। चैंबर के सदस्य कृष्ण मोहन सिंह जो वर्तमान में रांची बस ऑनर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष भी थे, का स्वर्गवास होने पर भी चैंबर पदाधिकारियों ने दुख जताया। चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि हमारे दो कर्मठ सदस्यों का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

# संकुल सेवियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला संपन्न

**आरएनएम संवाददाता । बेड़ो**
अजीम प्रेमजी फाउंडेशन रांची झारखंड के तत्वाधान में डायट रांची परिसर में रांची जिले के संकुल साधन सेवियों के लिए आयोजित दो दिवसीय गैर आवासीय कार्यशाला का मंगलवार को समापन किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला में रांची जिले के सभी संकुल साधन सेवियों ने हिस्सा लिया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के गुरु प्रसाद शर्मा और साकेत कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा फाउंडेशनल लिट्रेसी एंड न्यूमेरेसी के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी और अनुभवों को साझा किया। रांची जिले में सीआरपी के माध्यम से विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के समझ और उनके अनुभवों को प्रयोग में लाकर उनकी सोच के आलोक में शिक्षण प्रणाली को मजबूत आधार प्रदान करने के लिए कार्यशाला में जानकारी साझा की गई। गुरु प्रसाद शर्मा ने स्कूली शिक्षा के उद्देश्य, तार्किक सोच एवं स्वायत्तता, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लेने की क्षमता, समता मूलक एवं समावेशी शिक्षा, मौखिक भाषा एवं विकास, ध्वनि जागरूकता, डिकोडिंग, शब्दों की पहचान, पढ़ना, लिखना, शब्द भंडार, एफएलएन, बच्चों की सक्रिय भागीदारी, संख्या पूर्व अवधारणा, पांच आधारी संख्या पद्धति, चिंता का दायरा, गिनती लिखने के दौरान आने वाली चुनौतियों की समझ जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर गुरु प्रसाद शर्मा एवं साकेत कुमार सिंह ने प्रतिभागी संकुल साधन सेवियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। छोटे वीडियो फिल्म के माध्यम से सकारात्मक सोच के साथ काम करने तथा दूरगामी प्रभाव एवं परिणाम के लिए संकुलों या विद्यालयों में शिक्षकों और विद्यार्थियों को एकेडमिक सपोर्ट के लिए काम करने का सुझाव दिया।

## एक नजर

### पीप साइड रैंक में अर्चना और ओपन साइड में खुशी राज रही प्रथम

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में डीएवी-2023 राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। अंडर 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के इस प्रतियोगिता में झारखंड के डीएवी विद्यालयों के 440 बालक-बालिकाओं ने योग, चेस, शूटिंग,नेटबॉल एवं एरोबिक्स जैसी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर डीएवी-2023 राष्ट्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता में जगह बनाई। विद्यालय के प्राचार्य सह इस कार्यक्रम के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी एस के मिश्रा ने समापन समारोह के मुख्य अतिथि सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एम के सिन्हा का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्रीय पदाधिकारी के कुशल नेतृत्व में डीएवी-2023 खेल-कूद क्लस्टर-वी एवं राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं का संचालन हुआ है। एमके सिन्हा ने विजयी खिलाड़ियों को ट्रॉफी-मैडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों में योगासन बालक वर्ग अंडर-14 पीप साइड रैंक में प्रथम-अर्चना, डीएवी खूंटी, अंडर-17 ओपन साइड रैंक प्रथम खुशी राज, आस्था सिंह, स्वर्णा सिन्हा, डीएवी हेहल, रांची शामिल है।

### श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का महास्नान

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगला आरती के बाद खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान किया गया। मंदिर के आचार्य ने गंगाजल, शहद, पंचामृत, दूध, शुद्ध जल और घी से बाबा श्याम को स्नान करवा कर नवीन वस्त्र बागा पहनाया। गुलाब के रूह से बाबा श्याम की मालिश की गई। मालाओं से बाबा श्याम का श्रृंगार किया गया। श्रृंगार आरती के बाद पंचमेवा भोग लगाकर भक्तों के बीच वितरित किया गया। बाबा श्याम के अमृतमई पंचामृत जल को भक्तों के बीच वितरित किया गया। भूत पिशाच निकट नहीं आवे सब संकट कट जावे पढ़ो हनुमान चालीसा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 80 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का।
श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 80 वा कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ। सुनील मोदी आशा मोदी बलराम मोदी शिखा मोदी ने हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। अनुष्ठान में अनिल नारनोली,विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, स्नेह पोद्दार एवं श्याम सुंदर जोशी आदि उपस्थित थे।

### बाबूलाल मरांडी ने जेएसएससी की परीक्षा स्थगित किए जाने पर मुख्यमंत्री को घेरा

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कटघरे में खड़ा किया। मरांडी ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा 16 और 17 दिसंबर को आयोजित होने वाली झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी सीमित प्रतियोगिता परीक्षा को स्थगित किए जाने को हेमंत सरकार की असमर्थता बताया।

# रांची विवि में बन रहा है झारखंड का पहला सिंथेटिक्स वॉलीबॉल कोर्ट

## उच्च तकनीक से बन रहे अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोर्ट से खिलाड़ियों का प्रदर्शन होगा बेहतर

**रवि चंद कपूर**

रांची। रांची विश्वविद्यालय में पढ़ने और खेल में रूचि रखने वाले छात्र छात्राओं के लिए अच्छी खबर है। खेल प्रति लगाव और इसे बढ़ावा देने वाले रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा के विश्वविद्यालय परिसर में सिंथेटिक्स वॉलीबॉल कोर्ट बनाने की स्वीकृति के बाद कोर्ट निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। इसके अलावा कुलपति खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधा देना चाहते है। ताकि यहां के खिलाड़ी छात्र राज्य और देश स्तर में होने वाले खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय और राज्य का नाम रौशन कर सके। रांची विश्वविद्यालय में बन रहे सिंथेटिक्स वॉलीबॉल कोर्ट के तैयार हो जाने के बाद वॉलीबॉल खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की अभ्यास सुविधा मिलेगी। जिससे उनका खेल बेहतर होगा और देश के अन्य राज्यों में होने वाले प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर सकेगें। यह कोर्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है। जो झारखंड का पहला सिंथेटिक्स वॉलीबॉल कोर्ट होगा।

### खिलाड़ियों को क्या होगा लाभ

यहॉ के खिलाड़ी मिट्टी वाली कोर्ट में अभ्यास और खेलते है। जिस कारण राज्य के बाहर उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं हो पाता है। वर्तमान समय में देश के ज्यादातर राज्यों में इनडोर सिंथेटिक्स वॉलीबॉल कोर्ट है। जहां खेलने के दौरान एयरप्रेशर अधिक होता है और ऐसे सरफेस में नहीं खेलने के कारण खिलाड़ियों को थोड़ी परेशानी होती है। जिससे बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं हो पाता है। इस कोर्ट के बन जाने और इस पर लगातार अभ्यास करने से रांची विश्वविद्यालय के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सकेगें।

### खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दे रहे है कुलपति : डॉ गुप्ता

रांची विश्वविद्यालय के स्पोर्टस कोओडिनेटर डॉ राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि यह सिंथेटिक्स वॉलीबॉल कोर्ट झारखंड का पहला कोर्ट होगा। यह रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इस कोर्ट के निर्माण में अंतरराष्ट्रीय स्तर के सभी मापदंडों का पालन किया जा रहा है। इसके लिए बिहार और हरियाणा के विशेषज्ञों से काम ली जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस कोर्ट के निर्माण के लिए लंबे समय से तैयारी की गयी है। देश भर के कोर्ट निर्माण विशेषज्ञों से बात करने के बाद बिहार और हरियाणा के दो कंपनियों को कोर्ट निर्माण के कार्य में लगाया गया है। इस कोर्ट के बन जाने से विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को लाभ होगा और उनका प्रदर्शन बेहतर होगा।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के योग्य बनेगें खिलाड़ी

अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सिंथेटिक्स वॉलीबॉल कोर्ट का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अब खिलाड़ी साल के 365 दिन अभ्यास कर सकेंगे। मिट्टी के कोर्ट में परेशानी यह थी कि यदि एक दिन बारिश हो जाय तो फिर कोर्ट सुखने तक दो-तीन दिनों तक अभ्यास नहीं कर सकते है। इस कोर्ट के बनने से खिलाड़ियों को अभ्यास करने में सुविधा होगी। सिंथेटिक्स कोर्ट ऐसी होती है कि खिलाड़ी बारिश के 15-20 मिनट के बाद फिर से खेल सकते है।

### विवि परिसर में एक इंडोर खेल कोर्ट बनाने की है योजना

रांची विश्वविद्यालय के स्पोर्टस कोओडिनेटर डॉ राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दे रहे है। वह चाहते है कि विश्वविद्यालय के खिलाड़ी छात्रों का सभी आवश्यक सुविधा मुहैया करायी जाय। जिससे खिलाड़ी अच्छी तरह से अभ्यास कर अपनी खेल प्रतिभा को निखारे। डॉ गुप्ता ने बताया कि स्पोर्टस विभाग की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में जहॉ वर्तमान में वॉलीबॉल कोर्ट है वहॉ एक भव्य इंडोर हॉल बनाने की योजना है। जिसके अंदर वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिटन और लॉन टेनिस का कोर्ट बनाया जायेगा। इसे भी अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जायेगा, ताकि विश्वविद्यालय के खिलाड़ी छात्र इन कोर्ट में अभ्यास कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन कर सके।

### करीब डेढ़ महीने में तैयार हो जायेगा कोर्ट

सिंथेटिक्स वॉलीबॉल कोर्ट निर्माण के लिए कंपनी के विशेषज्ञ लगातार कार्य कर रहे है। प्रथम चरण में मिट्टी खुदाई कर उसमें केमिकल डाल कर उसे ठीक करने का काम किया जा रहा है। इसके बाद कई चरणों कोर्ट बनाने का काम किया जायेगा। कोर्ट के निर्माण में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के सभी मापदंडों का पालन किया जा रहा है।

## इलियास अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रवक्ता बने

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने डॉ० इलियास मजीद को प्रदेश कमिटी का प्रवक्ता मनोनीत किया है डॉ मजीद को मनोनयन पत्र देकर मंजूर अंसारी ने बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि डॉ इलियास मजीद कांग्रेस की नीतियों एवं कार्यक्रमों को बेहतर ढंग से रखेंगे और पार्टी को मजबूती प्रदान करते हुए सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के हाथों को मजबूत करेंगे । डॉ इलियास मजीद को प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रवक्ता बनाए जाने पर , प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष जे०डी० तिग्गा, महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अख्तर अली, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के सचिव अब्दुल सलाम अंसारी सहित अनेक कांग्रेसजनों ने बधाई दी है । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रवक्ता डॉ इलियास मजीद ने सबों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बेथेसदा टीचर्स ट्रेनिंग बीएड कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**रांची।** बेथेसदा टीचर्स ट्रेनिंग बीएड कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं, युवा पीढ़ी को लोकतंत्र में सहभागिता की ओर मोड़ना था। लोकतंत्र में युवाओं की सकारात्मक, सक्रिय भागदारी के लिए शिक्षित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को सारी जानकारी देने के साथ कहानी सुनाने (स्टोरी टेलिंग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहॉ छात्राओं ने बड़े ही मनोरंजक अंदाज में चुनाव एवं मतदान संबंधी जानकारी को कहानी के रूप में सुनाया एवं अपनी सहभागियों को महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में कई छात्राओं को पुरुस्कार दे कर सम्मानित किया गया। इसके बाद कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर उत्तरा रॉय ने उपस्थित सभी को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी देने का अनुरोध किया।

## डॉ जयदीप गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए चयनित

**रांची।** तीन जनवरी को हॉकी के भगवान कहे जाने वाले मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर उम्मीद फाउंडेशन झारखंड का सर्वोच्च प्रतिष्ठित खेल पुरस्कार जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार का आयोजन करती है। यह पुरस्कार खिलाड़ियों, कोच और खेल से जुड़े संगठनों को झारखंड और राज्य से बाहर राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाता है। उम्मीद फाउंडेशन ने इस बार वॉलीबॉल खेल के विकास में बतौर अन्तराष्ट्रीय प्रशिक्षक सर्वोत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ जयदीप सरकार को गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार 2023 के लिए चुना है। इस विषय की जानकारी जयपाल सिंह मुंडा सम्मान समारोह समिति के संस्थापक अध्यक्ष रीतेश उरांव ने दी। झारखंड का सर्वोच्च खेल प्रतिष्ठित पुरस्कार का आयोजन 3 जनवरी दोपहर 2:00 बजे, सीएमपीडीआई, मयूरी सभागार रांची में आयोजित किया जायेगा। इसके पूर्व भी जयदीप को देश में स्पोर्ट्स एंड सोसायटी तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के कारण डॉ बीआर अंबेडकर राष्ट्रीय पुरस्कार तथा संयुक्त राष्ट्र कमिशन द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है।

## प्रदेश वैश्य मोर्चा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

रांची। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंप कर रामगढ़ के पतरातू थाना अंतर्गत भदानीनगर ओपी में दर्ज केस केस न. 205/23, की विस्तृत जानकारी दी। ज्ञापन में पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की मांग की है। जिला प्रशासन की ओर से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी तपन कुमार साहा ने वैश्य मोर्चा के ज्ञापन को लिया। वैश्य मोर्चा ने अपने ज्ञापन में लिखा है कि राजेन्द्र प्रसाद साहु वैश्य मोर्चा के कोषाध्यक्ष हैं और विष्णु इंटरप्राइजेज नामक कंपनी के मालिक भी हैं। राजेन्द्र प्रसाद साहु को रामगढ़ के भदानीनगर ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद द्वारा झूठे केस से फंसाने के लिए उनके समान को पकड़ कर जब्त कर लिया है। पहले पैसे की मांग की गई। नहीं देने पर केस दर्ज कर दिया है। अगर पुलिस द्वारा इसी तरह निर्दोष लोगों को बेवजह परेशान किया जाता रहा, तो लोगों का कानून से भरोसा उठ जायेगा। ज्ञापन के साथ सबूत के तौर पर कई कागजात भी संलग्न किए गए हैं।

## राजभवन के समक्ष टेट पास पारा शिक्षकों का धरना जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

टेट सफल सहायक अध्यापक समन्वय का अनिश्चितकालीन धरना 112 वें दिन भी जारी रहा। राजभवन के समक्ष चल रहे धरना में मंगलवार को सराइकेला खरसांवा जिला के टेट पास पारा शिक्षकों ने हिस्सा लिया। वक्ताओं ने कहा कि महाधिवक्ता की राय में भी स्पष्ट है कि टेट पास पारा शिक्षकों को वेतनमान देने में किसी प्रकार की समस्या नही है। फिर भी सरकार के तरफ से सिर्फ आश्वासन ही मिला है। अब तक ठोस पहल नहीं होने के कारण राज्य भर में होने वाले आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्रदेश के सदस्यों के साथ सभी जिला के नेतृत्वकर्ता कार्यक्रम में पहुँच कर अपनी वेतनमान मांग को पहुंचा रहे हैं। सरकार से मांग किया है कि जल्द वेतनमान दे और टेट पास पारा शिक्षकों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री कदम उठावे। धरना में बादल सिंह सरदार, अतुल चंद्र महतो, भीष्मदेव सिंह मुंडा, मनोज कुमार महतो, सत्यप्रकाश महतो, संतोषी महतो, आशा महतो, संगीता हांसदा, सिमोती मुर्मू उपस्थित थे।

## कृष्ण मोहन पंचतत्व में विलीन, अंतिम यात्रा में हजारों हुए शामिल

**रांची।** पूर्व पार्षद कृष्ण मोहन सिंह के पार्थिक शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। दिवंगत कृष्ण मोहन सिंह को आम से लेकर खास तक ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। 55 वर्ष की उम्र में पटना के निजी अस्पताल में कृष्ण मोहन सिंह ने अंतिम सांस ली। सोमवार देर शाम को उनका पार्थिक शरीर धुर्वा स्थित आवास में लाया गया। मंगलवार को उनकी अंतिम यात्रा धुर्वा स्थित आवास से निकलकर सिठियो पहुंचा। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। दिवंगत कृष्ण मोहन सिंह को उनके छोटे बेटे राज ने मुखाग्नी दी। अंतिम यात्रा में एचईसी श्रमिक यूनियन के नेता समेत हजारों लोग शामिल हुए।

## हरित अर्थव्यवस्था के तहत पर्यावरण को संरक्षित रख सकते है : डॉ शांडिल्य

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय और बोटानिकल सर्वे ऑफ इंडिया कोलकाता के संयुक्त सौजन्य से तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। विवि के सभागार में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का विषय था प्लांट कलेक्शन, आइडिफिकेशन, नोमेनकल्चर एंड बोटानिकल इलुस्ट्रेशन। आयोजन विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग ने किया। उदघाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति टीएन साहू, बोटैनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के निदेशक डॉ ए ए माओ और विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने किया। अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने पृथ्वी पर उपलब्ध पौधों के वर्गीकरण और जैव विविधता की विस्तार से चर्चा की। बताया कि यह एक ऐसा तरीका है, जिसके अंतर्गत हम जरूरी विकास के साथ अपने पर्यावरण को ही संरक्षित रख सकते है। मुख्य अतिथि बोटैनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के निदेशक डॉ ए. ए माओ ने बॉटनी विषय के बहुआयामी परिदृश्य की चर्चा करते हुए इनसे जुड़े करियर विकल्पों का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। विशिष्ट अतिथि झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ टी एन साहू ने इस विषय को काफी उपयोगी बताया। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने कहा कि इस प्रकार के सेमिनार, कांफ्रेंस से न सिर्फ नए निष्कर्ष निकल कर सामने आते है। बल्कि विद्यार्थियों में भी नई जानकारी का समावेश होता है। कार्यशाला में डॉ गीतांजलि सिंह, डॉ शालिनी लाल, डॉ आरके गुप्ता, डॉ देवेंद्र सिंह, डॉ एसके नसीम अली, डॉ ईश्वरी प्रसाद गुप्ता और प्रो राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

## कल्याणकारी योजनाओं से गरीबों को मिली है राहत

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ सोमवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खलारी प्रखंड क्षेत्र में पहुंचा। विकसित भारत की संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड के हुटाप व चूरी पश्चिमी पंचायत में किया गया। जिसमें स्थानीय विधायक समरीलाल

मुख्य अतिथि के रूप में षामिल हुए। अंचल अधिकारी ने विधायक का स्वागत पुश्प गुच्छ देकर किया। जेएसएलपीएस की दीदी द्वारा स्वागत गीत से सारे गणमान्य का अभिनंदन किया गया। समरीलाल ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का विकास रथ है। कहा कि देश के प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व के कारण आज भारत तेजी से प्रगति कर रहा है।

## बीआईटी में अनुसंधान व प्रकाशन में नई तकनीक का उपयोग पर कार्यशाला

**रांची।** बीआईटी मेसरा में डीएसटी, भारत सरकार से बीआईटी मेसरा द्वारा प्राप्त पर्स अनुदान के तहत कार्यशाला चल रही है। कार्यशाला का विषय है अनुसंधान और प्रकाशन में लेटेक्स और नैतिक प्रथाओं का उपयोग करके तकनीकी दस्तावेज लेखन। उद्घाटन बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना ने किया। मौके पर बीआईटी मेसरा के रजिस्ट्रार प्रो. संदीप दत्ता, सीएसई एचओडी प्रो. एस. विश्वास, रिमोट सेंसिंग विभाग के एचओडी प्रो. वीएस राठौड़ भी उपस्थित थे। आयोजन सचिव डॉ. अभिजीत मुस्तफी ने कार्यशाला के विषय का परिचय दिया। कार्यशाला में प्रो डी दत्ता, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय और डॉ. एस. सुबुद्धि ने परिचय दिया।

## राज्य में आदिवासियों की स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण : बंधु तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि रांची सहित पूरे झारखण्ड में आदिवासियों का विस्थापन एवं पलायन से भयंकर बदलाव के कारण आदिवासियों की स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण बन गयी है। श्री तिर्की ने कहा कि जिन आदिवासियों के लिये झारखंड का निर्माण किया गया था आज वही आदिवासी हाशिये पर चले गये हैं। जिस प्रकार से आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों को कुचलने की साजिश रची जा रही है। उसके कारण आनेवाले दिनों में झारखंड के आदिवासियों का भविष्य अंधकारमय है। श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा के नेताओं विशेष रूप से इसके प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं डेमोग्राफी जैसे बेहद गंभीर और संवेदनशील मुद्दे को राजनीति से अलग रखें। उन्होंने कहा कि जब भी झारखंड के डेमोग्राफी की बात होती है तो भाजपा और उसके नेताओं को केवल संथाल के साहेबगंज, पाकुड़ और उसके आसपास के क्षेत्रों की याद आती है। जबकि देखते-देखते इन 23 वर्षों में न केवल राजधानी रांची बल्कि धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग जैसे नगरों के साथ ही सम्पूर्ण झारखंड की डेमोग्राफी में नकारात्मक और खतरनाक बदलाव हुआ है। श्री तिर्की ने कहा कि केन्द्र सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी जिस प्रकार से प्रत्येक मुद्दे को धार्मिक एवं जातिगत रंग देती है।

## अपोलो टायर्स के कैंपस ड्राइव में एक्सआईपीटी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

रांची। जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलीटेक्निक एंड टेक्नोलॉजी बरगावां नामकुम में मंगलवार को अपोलो टायर्स लिमिटेड चेन्नईए के द्वारा कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कैंपस ड्राइव में संस्थान के अंतिम वर्ष के 110 छात्रों ने भाग लिया। जिसमें 42 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। सभी छात्रों का चयन 2.04 लाख रूपए के सालाना पैकज पर और कंपनी द्वारा अन्य मूलभूत सुविधाओं के साथ निश्चित हुआ है। इस शैक्षणिक सत्र में यह दूसरा कैंपस ड्राइव आयोजित हुआ था। निकट भविष्य में कई बड़ी कंपनियां कतारबद्ध है साथ ही संस्थान छात्रों को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर संस्थान के समन्यवक डॉ प्रदीप केरकेट्टा, सहायक समन्यवक फादर स्वर्ण तिग्गा और प्रभारी प्रधानाचार्य राज कुमार ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जेवीएम श्यामली की छात्रा जागृति राज बनी क्लैट में झारखंड-बिहार की टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जवाहर विद्या मंदिर श्यामली की छात्रा जागृति राज ने क्लैट (कामन लॉ एडमिशन टेस्ट) की परीक्षा में ऑल इंडिया 17 रैंक लाकर झारखंड और बिहार में अव्वल रही है। वहीं सहाना एंगकोकपम ने नार्थ-ईस्ट कैडर में 142 वॉ रैंक प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। इसके साथ 14 अन्य छात्र-छात्राओं ने भी सफलता अर्जित किया। सफल छात्रों में सैनी सिंकु ऑल इंडिया रैंक- 62, अर्णव राज, ऑल इंडिया रैंक-1044, सत्यजीत शरण ऑल इंडिया रैंक-1147, तनिष्का श्रीवास्तव ऑल इंडिया रैंक-2052, स्मृति रॉय ऑल इंडिया रैंक-2623, ऋषभ सतपति ऑल इंडिया रैंक-3200, आशी बल्लभ ऑल इंडिया रैंक 4094 रैंक, राघव झा ऑल इंडिया रैंक 4100 रैंक, क्रिस साहा ऑल इंडिया रैंक 4117, हर्ष तिवारी ऑल इंडिया रैंक 5500, इंजोरा ऑल इंडिया रैंक 6690, आस्था दीप ऑल इंडिया रैंक 9449 रैंक और आर्यन शंकर ऑल इंडिया रैंक 22000 रैंक हासिल किया।

## मूलवासी सदान मोर्चा ने प्रधानमंत्री को भेजा 15 सूत्री मांग पत्र

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा केंद्रीय समिति की ओर 15 सूत्री पारित प्रस्ताव को प्रधानमंत्री, गृहमंत्री भाजपा और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राहुल गांधी को पत्र भेजा है। मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद द्वारा भेजे गये पत्र में कहा गया कि झारखंड में तीन तरह के लोग वास करते हैं। पहले मूलवासी सदान जिनकी आबादी 65% है। दूसरा जनजातीय जिनके आबादी 26% है और तीसरा प्रवासी हैं जिनकी आबादी 9 से 10% है। मूलवासी सदान कोई जाति नहीं एक बड़ा समुदाय है। जिसमें अगड़ी, पिछड़े, दलित सभी वर्ग के लोग शामिल हैं जो मूल रूप से झारखंडी हैं। मूलवासी सदानों ने आजादी की लड़ाई से लेकर झारखंड आंदोलन तक में अपनी शहादत दी लेकिन लगातार मूलवासी सदानों की उपेक्षा झारखंड में होती रही है। जिसको लेकर मूलवासी सदान मोर्चा लगातार आंदोलन करता रहा है।

## संत थॉमस में सीनियर विंग वार्षिक खेल दिवस आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत थॉमस स्कूल धुर्वा में 43वां सीनियर विंग वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 9वीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा ने खेल का उदघाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेंट थॉमस स्कूल, हरदाग के प्रधानाचार्य रेव फादर बिंसु फिलिप एवं ट्रेजरर एमटीईएस सिजन कुमार ने छात्रों का उत्साह बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रेव. डॉ. एम ओ ऊमेन जूनियर, उपप्रधानाचार्या सूजन ऊमेन आदि उपस्थित थे। कक्षा 6 से 9वी तक शब्द भाषण तथा दीप-प्रज्ज्वलन के बाद विद्यॉर्थियों ने कदमताल एवं बैंड का प्रदर्शन किया। खेल कैप्टन श्रेयसी कुमारी द्वारा सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ खेल भावना की शपथ दिलाई। खेल-प्रार्थना के साथ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आरंभ की घोषणा हुई। मुख्य अतिथि असुंता लकड़ा ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें खेलों के प्रति अभिरुचि पैदा करने तथा खेल के क्षेत्र में देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# छठे समन पर भी नहीं पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ईडी के छठे समन पर भी सीएम हेमंत सोरेन आखिरकार ईडी दफ्तर नहीं पहुंचे। मंगलवार को 11 बजे सीएम हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाले मामले में पूछताछ के लिए समन जारी किया था। लेकिन मंगलवार को ठीक 2.05 बजे ईडी दफ्तर के ठीक सामने से निकलते हुए सीएम स्टेट हैंगर चले गए, जिसके बाद वह हेलीकॉप्टर से दुमका के लिए रवाना हो गए. इसके बाद सीएम ऑफिस से एक व्यक्ति ईडी दफ्तर पहुंचा और एक पत्र वहां के अधिकारियों को सौंपा।

## इंतजार करते रह गए ईडी अधिकारी

मंगलवार को ईडी दफ्तर के बाहर जिस तरह से सुरक्षा को लेकर इंतेजाम किए गए थे, उसे देख कर यह कयास लगाए जा रहे थे कि शायद सीएम हेमंत सोरेन सवालों का सामना करने के लिए ईडी दफ्तर पहुंचेंगे, लेकिन यह गलत साबित हुआ। सीएम का काफिला ईडी दफ्तर होते हुए सीधे स्टेट हैंगर की तरफ बढ़ गया। इससे पहले ईडी दफ्तर के बाहर सुरक्षा को लेकर बड़ी संख्या में जिला और केंद्रीय बलों को तैनात किया गया था, रस्सी के सहारे ईडी दफ्तर की घेराबंदी तक कर दी गई थी। दुमका चले गए सीएमः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम दुमका और जामताड़ा में निर्धारित था। दोनों जगहों पर उन्हें सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होना था। ऐसे में वे सीधे अपने आवास से निकलें और स्टेट हैंगर पहुंचे. यहां से वे हेलीकॉप्टर में बैठकर दुमका चले गए.

**जारी हुआ था समनः** ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रविवार को समन भेजा था। समन के अनुसार, उन्हें मंगलवार को दिन के 11 बजे एजेंसी के रांची जोनल ऑफिस पहुंचने को कहा गया था। गौरतलब है कि रांची जमीन घोटाले में ईडी पांच बार पूर्व में भी सीएम हेमंत सोरेन को समन भेज चुकी है। हालांकि अब तक किसी भी समन पर वह एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए।

## सीएम ने ईडी को पत्र लिख पूछा, क्या है समन का आधार

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी को पत्र लिख कर कई सवाल किए है, सभी सवाल ईडी के समन को लेकर है। गौरतलब है की ईडी के छठे समन पर भी सीएम ईडी दफ्तर मंगलवार को नही पहुचे। जिसके बाद सीएम ने एक पत्र लिख कर ईडी से समन को लेकर कई सवाल किए है।

### मैं पहले ही सारी चल-अचल संपत्ति की जानकारी दे चुका हूं : हेमंत

झारखण्ड के सीएम हेमंत सोरेन ने ईडी को पत्र लिखकर समन का आधार पूछा है। मंगलवार के दिन में लगभग 2.30 बजे एजेंसी के दफ्तर में सीएम कार्यालय का एक कर्मी पत्र लेकर पहुंचा , पत्र में ईडी के असीस्टेंट डायरेक्टर को संबोधित करते हुए सीएम के द्वारा यह पूछा है कि ईडी किस केस (प्रिडिकेट आफेंस) में उन्हें बार-बार समन कर रही है। सीएम ने ईडी से यह भी पूछा है कि उनके खिलाफ कौन से मामले में पूछताछ होनी है, उन्हें यह नहीं पता। पत्र में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि ईडी को 30 नवंबर 2022 को एक हलफनामा के जरिए वह अपनी सारी चल- अचल संपत्ति की जानकारी दे चुके हैं। गौरतलब है कि ईडी ने पहली बार सीएम से 17 नवंबर 2022 को पूछताछ की थी। सीएम ने पत्र में लिखा है कि ईडी के बार बार समन से उनकी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है।

## झारखंड के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बनाएंगे राजनीतिक बेरोजगार : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कटघरे में खड़ा किया है। मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर मरांडी ने कहा कि झारखंड कर्मचारी आयोग ने आगामी 16 एवं 17 दिसंबर को आयोजित होने वाली झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी सीमित प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को स्थगित किए जाने को हेमंत सरकार की असमर्थता बताया है, लेकिन यह परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी की असमर्थता नही है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे लाखों अभ्यर्थियों को हेमंत सरकार ने फिर एक बार धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि अब झारखंड के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राजनीतिक बेरोजगार बनाने को तैयार हैं। दरअसल यह सरकार युवाओं को नौकरी नहीं देना चाहती। हेमंत सरकार की न नीति साफ है न नीयत। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी राज्य सरकार ने रघुवर सरकार द्वारा निकाली गई वेकेंसी को पूरी तरह रद्द कर दिया था। मुख्यमंत्री जो कुछ नौकरी दे रहे वो रघुवर दास सरकार द्वारा ली गई परीक्षाओं की है जिसे उनकी सरकार ने न्यायालयों में उलझा दिया। आज जो नियुक्तियां हो रही, वह सब न्यायालय के आदेश के आलोक में हो रही। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव में युवाओं से प्रतिवर्ष 5 लाख नौकरी देने, बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया, वोट लिया और फिर बेरोजगार बनाकर छोड़ दिया।

## पूर्व में खटखटाया था कोर्ट का दरवाजा

गौरतलब है कि इससे पूर्व में भी ईडी के सहायक निदेशक देवव्रत झा को सीएम के द्वारा एक पत्र लिखा गया था, जिसमें उन्होंने ईडी के राजनीतिक इस्तेमाल का आरोप लगाया था। उस दौरान इडी ने भी जवाबी पत्र के साथ उन्हें समन किया था। इसके बाद सीएम ने फिर से एजेंसी को पत्र लिखकर बताया था कि वह कानून का सहारा ले रहे हैं, कोर्ट के आदेशानुसार वह आगे की कार्रवाई करेंगे. हालांकि बाद में सीएम की याचिका को हाईकोर्ट ने भी खारिज कर दिया था।

## गिरिडीह : टीम घरों में जाकर अबुआ आवास के लाभुकों का करेगी चयन

**गिरिडीह।** अबुआ आवास चयन को लेकर बनी टीम को मंगलवार को गावां प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रशिक्षण दिया गया. इस टीम के जरिए राज्य व केंद्र सरकार की आवास योजना से वंचित लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाएगा. गावां प्रखंड के बीडीओ महेंद्र रविदास ने बताया कि प्रखंड में अबुआ आवास के लाभुकों का प्राथमिकता के आधार पर चयन के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है. ये सदस्य पंचायतों में घर-घर जाकर योग्य लाभुकों का चयन करेंगे. टीम में पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रमुख, उपप्रमुख, पंचायत सचिव व रोजगार सेवक शामिल हैं. बीडीओ ने बताया कि सदस्यों को गांव के वार्ड मेंबर से भी हस्ताक्षर कराने को कहा गया है. इसके लिए अब तक आए आवेदनों की स्क्रूटनी होगी.

## बेरमो : डीएवी स्वांग की छात्रा वीणा बर्मन का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन

**बोकारो।** केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर आयोजित इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल स्वांग की छात्रा वीणा बर्मन का चयन हुआ है. इस प्रतियोगिता में 10वीं के छात्रा वीणा बर्मन के प्रोजेक्ट का चयन हुआ है. विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विभाग की ओर से वीणा को प्रोत्साहन स्वरूप 10 हजार रुपए का चेक व प्रमाण-पत्र भेजा गया है. वीणा बर्मन की इस उपलब्धि पर डीएवी स्वांग के प्राचार्य डॉ एसके शर्मा ने शाभकामनाएं देते हुए कहा कि स्कूल के दूसरे बच्चों को इससे सीख लेते हुए इस तरह के रचनात्मक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए.

## बोकारो : बाइक की टक्कर से पंचायत सचिव की मौत, बाइक सवार एमजीएम रेफर

**बोकारो।** घाटशिला थाना क्षेत्र के काशिदा स्थित नेशनल हाईवे के सर्विस रोड पर मंगलवार की सुबह टहल रहे युवक को अनियंत्रित बाइक सवार ने जोरदार धक्का मार दिया. इस दुर्घटना में बाइक सवार भी घायल हो गए. एंबुलेंस की मदद से बाइक सवार को अनुमंडल अस्पताल लाया गया. तथा दूसरे व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने निजी नर्सिंग होम पहुंचाया. गंभीर चोट के कारण घायल संजय दंडपात को इंटरनल बिल्डिंग होने के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई थी. जमशेदपुर ले जाने के दौरान संजय दंडपाठ की मौत हो गई. मौत की सूचना मिलने पर पंचायत सचिवों ने शोक व्यक्त किया, जबकि बाइक सवार टीके मिश्रा की गंभीर स्थिति को देखते हुए एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया है.

## हाई कोर्ट ने शूटर अमन सिंह हत्याकांड मामले में एसआईटी पर दो सप्ताह में मांगा जवाब

**धनबाद।** झारखंड हाई कोर्ट में धनबाद मंडल कारा में कुख्यात शूटर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर देने के मामले की सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि राज्य सरकार ने इस मामले में एसआईटी बनाने का निर्णय लिया है। इस पर कोर्ट ने सरकार को दो सप्ताह में एसआईटी के संबंध में विस्तृत जानकारी देने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। सरकार की ओर से अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पक्ष रखा। तीन दिसंबर को धनबाद मंडल कारा में ही अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कुख्यात शूटर अमन सिंह धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर और कांग्रेस नेता नीरज सिंह हत्या मामले में लंबे समय से जेल में बंद था।

## हाई कोर्ट ने मोंगिया स्टील की याचिका पर सलूजा स्टील को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मोंगिया स्टील लिमिटेड की दाखिल याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए सलूजा स्टील लिमिटेड को नोटिस जारी किया है। अदालत ने सलूजा स्टील को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत अब इस मामले में सुनवाई जनवरी के तीसरे सप्ताह में करेगा। मोंगिया स्टील की याचिका में कहा गया है कि कंपनी के मालिक पगड़ी धारी सरदार हैं। अपने ब्रांड के प्रचार में वह खुद होते हैं, जिसके कारण उनका ब्रांड सरदार जी वाला सरिया के नाम से आम लोगों में प्रचलित है।इसका फायदा उठाने के लिए उनके भाई ने वर्ष 2014-15 में सलूजा स्टील के नाम से एक अलग कंपनी बनाई, जिसमें वह सरिया का निर्माण कर रहे हैं। वह भी पगड़ी धारी सरदार हैं और सलूजा के मालिक भी अपनी फोटो के साथ अपने ब्रांड का प्रचार करने लगे, जिससे लोगों में यह भ्रम हो रहा है कि सलूजा कंपनी का स्टील मोंगिया ग्रुप का ही है। इसलिए ऐसे विज्ञापन पर रोक लगाई जाए। मोंगिया स्टील की ओर से अधिवक्ता के सुमित गड़ोदिया ने अदालत में बताया कि यह ट्रेड मार्क एक्ट और कॉपी राइट एक्ट का उल्लंघन है।

## गोवा के सरस मेले में पलाश के 4.75 लाख रुपये के उत्पादों की बिक्री

**रांची।** गोवा में आयोजित सरस मेला का मंगलवार को समापन हो गया। इसमें झारखंड के पलाश ब्रांड के उत्पादों की खूब बिक्री हुई। अब तक करीब 4.75 लाख रुपये के उत्पादों की बिक्री की गयी। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जेएसएलपीएस के जरिये वहां पर स्टॉल लगाया गया था, जहां सखी मंडल द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री की गयी। राज्य के दो स्टॉल वहां लगे थे, जहां पलामू, धनबाद और गढ़वा से आयी सखी मंडल की महिलाओं द्वारा तैयार किये गये विभिन्न प्रकार के उत्पादों जैसे जूट बैग, हस्तनिर्मित सजावटी सामान एवं खाने के समान की बिक्री की गयी। शुद्ध सरसों तेल, अचार, मधु, मडुआ आटा, मसाले, लोकिया, अरहर दाल की सर्वाधिक बिक्री हुई।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में मुख्यमंत्री के खिलाफ अंतरिम आदेश बरकरार

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से सरायकेला खरसांवा के आदित्यपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी (418/2014) को चुनौती देने वाले क्रिमिनल रिट की सुनवाई मंगलवार को हुई। अब 19 दिसंबर को मामले की सुनवाई होगी। मामले में कोर्ट का अंतरिम आदेश जारी रहेगी। यह मामला न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सूचीबद्ध था। मामले में पूर्व में कोर्ट ने हेमंत सोरेन के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी है। हेमंत सोरेन की याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान वे पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने गये थे। उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया था। उस दौरान उन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## एक नजर

### एक्ट्रेस अमीषा पटेल पर फिर लगा एक हजार रुपये का जुर्माना



**रांची।** चेक बाउंस से जुड़े मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल के गवाह संख्या एक अजय कुमार सिंह उर्फ टिंकू सिंह का प्रति परीक्षण न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की कोर्ट में मंगलवार को पूरा हुआ। इससे पहले सोमवार को अमीषा पटेल पहले गवाह के प्रति परीक्षण के लिए कोर्ट से समय मांगी गई थी, जिस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार को निर्धारित करते हुए अमीषा पटेल पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया था। अमीषा पटेल ने मंगलवार को जुमार्ना की राशि जमा कराई। अब मामले में सीआरपीसी की धारा 313 के तहत अमीषा और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल ग्रूमर का जल्द ही बयान दर्ज हो सकता है।

### झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से

**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से शुरू हो रहा है। सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण संचालित करने के लिए जहां एक तरफ तैयारी पूरी की जा रही है। दूसरी ओर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष को घेरने की तैयारी की गई है। इस शीतकालीन सत्र में छह कार्यदिवस होंगे, जिसमें सरकार की ओर से कई बिल भी सदन के पटल पर लाने की तैयारी की गई है। विधानसभाध्यक्ष ने 14 दिसंबर को शीतकालीन सत्र को लेकर हाई लेवल बैठक बुलाई है, जिसमें सदन की कार्यवाही को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं के साथ-साथ राज्य के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### चारा घोटाला के दोषी का पेंशन मामला

## हाई कोर्ट ने सरकार से दो सप्ताह में मांगा जवाब

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में चाईबासा में चारा घोटाला के दोषी धनंजय शर्मा की सिविल रिव्यू (पुनर्विचार) याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने की। इस दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अजीत कुमार ने अदालत को बताया कि चारा घोटाला मामले में उनके याचिकाकर्ता को दोषी करार दिया गया था, लेकिन वर्ष 2002 में ही वे रिटायर हो चुके थे। ऐसे में बिहार पेंशन रूल के प्रावधान के मुताबिक अंतिम आदेश पारित नहीं किये जाने की परिस्थिति में उनकी पेंशन रोकना अनुचित है। अधिवक्ता ने कोर्ट से कहा कि एलपीए में पारित आदेश में कहा गया है कि सरकार ने उनके खिलाफ नियम 139 के तहत अंतिम निर्णय लिया गया था। ऐसी परिस्थिति में एलपीए में पारित आदेश पर पुनर्विचार की जरूरत है। इसके बाद हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को दो सप्ताह में शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। चाईबासा में हुए मनरेगा घोटाला की जांच की मांग को लेकर याचिकाकर्ता ने वर्ष 2013 में जनहित याचिका दाखिल की थी, बाद में कोर्ट ने इस मामले को निष्पादित कर दिया था। इसके बाद में याचिकाकर्ता की ओर से वर्ष 2021 में फिर से जनहित याचिका दाखिल कर मामले की सीबीआई जांच की मांग की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वित्तीय वर्ष 2008-9, 2009-10, 2010-11 में चाईबासा में करीब 28 करोड़ रुपए का मनरेगा घोटाला हुआ है।

## जन आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही सरकारःरामेश्वर उरांव

**लोहरदगा।** राज्य सरकार के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव जिले के कैरो प्रखंड अंतर्गत ग्राम हनहट में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए। उरांव ने कहा कि राज्य सरकार जन आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण पूरे राज्य के विभिन्न पंचायत और वार्ड में शिविर लगाकर आयोजित किया जा रहा है। उरांव ने कहा कि राज्य सरकार जनता के द्वार तक पहुंच कर विकास कार्यों से अंतिम व्यक्ति को जोड़ने का काम कर रही है और उनके सारे समस्याओं का समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ इस शिविर के माध्यम से दिया जा रहा है। पंचायत और वार्ड स्तर पर आयोजित शिविरों में नई योजना तथा अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनपट्टा से संबंधित मामले, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जाएगा।

## अमित अग्रवाल पर शिकंजा सीबीआई रिमांड के बाद जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कैश कांड में गिरफ्तार कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल को सीबीआई की दिल्ली शाखा ने पांच दिनों की पूछताछ के बाद सोमवार को कोर्ट में पेश किया। यहां से उसे सीबीआई की विशेष अदालत ने न्यायिक हिरासत में लेते हुए फिर जेल भेज दिया। सीबीआई ने रिमांड की मांग नहीं की। जेल में बंद अमित अग्रवाल को सात दिसंबर को पूछताछ के लिए सीबीआई ने साथ ले गई थी। कोर्ट ने छह दिसंबर को पांच दिनों की रिमांड की अनुमति दी थी। रिमांड 11 दिसंबर को खत्म होने से पूर्व अदालत में पेश किया गया। सीबीआई ने अधिवक्ता राजीव कुमार से जुड़े कैश कांड में पूछताछ की। सीबीआई को अमित और कोलकाता पुलिस के अफसरों की संदिग्ध भूमिका में अहम जानकारी हाथ लगी है। अमित ने वकील राजीव कुमार पर माइनिंग लीज आवंटन को लेकर दाखिल पीआईएल मैनेज करने के लिए एक करोड़ रुपए में डील करने का आरोप लगाते हुए कोलकाता पुलिस से शिकायत की थी। 50 लाख रुपए लेते कोलकाता पुलिस ने राजीव को दबोचा था। इसी मामले में ईडी ने अमित और राजीव के खिलाफ नया केस दर्ज किया। इसी केस को रद्द कराने की गुहार लगाते हुए अमित अग्रवाल ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंप दी थी। सीबीआई ने 20 जनवरी 2023 को प्राथमिकी दर्ज की थी।

## बेहतर झारखंड के लिए सबकी भागीदारी सुनिश्चित करेगी आजसू : देवशरण भगत

- आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्यों की हुई घोषणा, पदाधिकारियों के नाम कल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि केंद्रीय महाधिवेशन आजसू पार्टी की सर्वोच्च बॉडी है, जहां नीतियां बनती है, भावी कार्यक्रम बनते हैं, संविधान में संशोधन किया जाता है और संगठन के केंद्रीय समिति और केंद्रीय पदाधिकारी को नया दायित्व दिया जाता है। बेहतर झारखंड बनाने के लिए सबकी भागीदारी सुनिश्चित आजसू पार्टी करेगी। डॉ. देवशरण भगत हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 29, 30 सितंबर और एक अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन समापन हुआ था। इसमें गांव,पंचायत, प्रखंड, जिला एवं केंदीय पदाधिकारी के साथ-साथ राज्य के आम नागरिक, विशेषज्ञ, बुद्धिजीवी, देश-विदेश से अपने विचारों एवं अनुभवों को झारखंड के हित के लिए एक मंच में रखा। पार्टी ने केंद्रीय महाधिवेशन को सिर्फ पार्टी का महाधिवेशन नहीं, बल्कि आम जनमानस को एक वैचारिक मंच देने का काम किया था। उन्होंने कहा कि पहली बार गांव से लेकर देश विदेश तक के लोग महाधिवेशन में भाग लिए।

## देवघर क्यू काम्प्लेक्स फेज टू के निर्माण मामले में याचिका मंजूर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के निकट क्यू काम्प्लेक्स के फेज दो का निर्माण जल्द कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका पर मंगलवार को फैसला सुनाया। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सांसद निशिकांत दुबे की याचिका को स्वीकृत कर लिया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि नवयुग कंपनी लिमिटेड के द्वारा सीएसआर के तहत क्यू काम्प्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने का जो आग्रह किया था, उसे राज्य सरकार स्वीकार करे। इस राशि से निर्माण कार्य शुरू किया जाए। हाई कोर्ट ने सरकार को क्यू काम्प्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करने का भी निर्देश दिया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ता की ओर से शिवानी जालूका ने पैरवी की। नवयुग कंपनी लिमिटेड के द्वारा सीएसआर के तहत क्यू काम्प्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने का आग्रह राज्य सरकार से किया गया था लेकिन यह मामला अभी तक राज्य सरकार के पास लंबित था। उल्लेखनीय है कि सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि बाबा बैजनाथ मंदिर, देवघर के लिए क्यू काम्प्लेक्स के दूसरे फेज का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से अपने अंशदान के रूप में 25 करोड़ रुपए की राशि दे दी गई है।

**रंगारंग कार्यक्रम** | आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में नये सत्र की शुरूआत

## उत्तम कुजूर मिस्टर व श्रुति कुमारी बनी मिस फ्रेशर

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** स्थानीय आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में मंगलवार को नए सत्र की शुरूआत हुई. इस अवसर पर रंगारंग 'प्रारंभ' शीर्षक समारोह का आयोजन किया गया. समारोह का का उदघाटन मुख्य अतिथि पिलटगार्ड फिल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट हेड उदय शंकर शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया. इस दौरान मंच पर मुख्य अतिथि के अलावा कॉलेज के अध्यक्ष बिंदा सिंह, विशिष्ट अतिथि उक्त कंपनी के एचआर हेड सुरजीत पांडा, प्रोडक्शन इंचार्ज बीरेन्द्र यादव, कॉलेज के कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, कार्यकारी सदस्य शक्ति सिंह, प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी एवं अन्य उपस्थित थे. अतिथियों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए उदय शंकर ने कहा कि किताबों को अपना दोस्त बनाइए, क्योंकि भविष्य संवारने के लिए उससे अच्छा दोस्त और साधन दूसरा नहीं हो सकता है. शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि अपने नए छात्रों को देखकर काफी खुशी हो रही है और हम चाहते हैं कि आप जब इस कॉलेज से पढ़-लिख कर नौकरी में जाएं तो आपके माता-पिता और कॉलेज को आप पर गर्व महसूस हो. कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि आप सब अपनी पढ़ाई अच्छी तरह पूरी करें. कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं का पूरा फायदा आप को मिलेगा. यह आप

पर निर्भर करता है कि आप कितना ज्यादा से ज्यादा इन सुविधाओं का फायदा उठाते हैं. उन्होंने कहा कि आप एक अच्छे और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के मालिक तभी बनेंगे जब आप अनुशासन में रहेंगे. तत्पश्चात ह्लप्रारंभ-2023? में 2022 के छात्रों ने नवनामांकित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये. सबसे पहले ग्रुप डांस ज्योति एंड ग्रुप और पुष्कर एंड ग्रुप ने प्रस्तुत किया. सोलो गीत रोशन और उत्तम ने प्रस्तुत किया. समारोह में जैमिंग, रैम्प वॉक, लेजी ग्रुप डांस के अलावा मिस्टर एंड मिस फ्रेशर्स का चुनाव हुआ. इसमें उत्तम कुजूर (सीएसई) मिस्टर फ्रेशर एवं श्रुति कुमारी (बीसीए) मिस फ्रेशर चुनी गयी. मंच संचालन डॉ सुधीर झा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ विक्रम शर्मा ने किया.

## चाईबासा : कराटे खिलाड़ियों ने 20 पदकों पर जमाया कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप रांची के खेल गांव में संपन्न हो गई. इस चैंपियनशिप में राज्य भर के लगभग 15 जिलों से 500 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया था. इसमें जेकेएआई झारखंड वेस्ट सिंहभूम चाईबासा के 22 कराटे खिलाड़ी शामिल हुए थे. इन खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 20 पदकों पर कब्जा जमाया. इसमें 11 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक और 6 कांस्य पदक शामिल हैं. इस चैंपियनशिप में जीतने वाले गोल्ड मेडलिस्ट कराटेकारों को मेडल के साथ-साथ केस अवॉर्ड भी दिया गया. समापन समारोह में हंसी भरत शर्मा टेक्निकल डायरेक्टर स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड अध्यक्ष साउथ एशियन कराटे फेडरेशन, एग्जीक्यूटिव कमिटी मेंबर एशियन कराटे फेडरेशन, उपाध्यक्ष कॉमनवेल्थ कराटे फेडरेशन, मेंबर टेक्निकल कमेटी वर्ल्ड कराटे फेडरेशन ,स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सीईओ कृष्ण कुमार सिंह अध्यक्ष हंसी मानस सिन्हा, कार्यकारी सचिव सेंसाई एजाज असदक, कोषाध्यक्ष उदय कुमार, सेंसाई शशि पांडे, सेंसाई सरवन साहू, सेंसाई नसीमुद्दीन, सेंसाई पंकज कुमार सिंह, सेंसाई धनंजय श्रीवास्तव, सेंसाई संजय सोनकर, नरेश हेसा एवं अन्य स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के ऑफिशियल भी उपस्थित थे।

### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# सुनीता, नेहा, पूजा को मिला सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न क्षेत्रों के पंचायतों में किया जा रहा है। पंचायतों में लगने वाले शिविर को लेकर युवाओं खासकर छात्राओं में उत्साह देखा जा रहा है। छात्राएं स्टालों में जाकर योजनाओं की जानकारी लेकर इसका लाभ उठा रही है। टाटीझरिया प्रखण्ड की बेड़म पंचायत की रहनेवाली एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय की 12वीं की छात्राएं सुनीता कुमारी, नेहा कुमारी तथा पूजा कुमारी को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के हाथों सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। अपने भविष्य को लेकर आशावान छात्राओं ने कहा कि वे इस योजना का लाभ लेकर अपनी शिक्षा जारी रख सकती है। उन्होंने इस योजना के लिए झारखंड सरकार का आभार व्यक्त किया है। छात्राओं ने कहा कि जनसंपर्क जागरूकता प्रचार रथ के माध्यम से शिविर की जानकारी मिली थी। उन्होंने सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के लिए शिविर में अपना आवेदन समर्पित किया था। कागजात की जांच कर उनके नाम को स्वीकृति दे दिया गया और उनका नाम सूची में शामिल हो गया। इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी ने उन्हें स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

## रामगढ़ में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत हुलासो देवी को मिला बकरी पालन योजना का लाभ

**रामगढ़।** सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य के दूरदराज क्षेत्र में रह रहे लोगों को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने के उद्देश्य से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ऑन द स्पॉट आम लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए अन्य योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में रामगढ़ प्रखंड के दोहाकातु पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान लाभुक हुलासो देवी को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना

के तहत 90% अनुदान पर चार बकरियां एवं एक बकरा उपलब्ध कराया गया। मौके पर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं जिला प्रशासन रामगढ़ का धन्यवाद करते हुए लाभुक हुलासो देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अपने पास चार बकरियों का होना बहुत बड़ी बात है इसके पूर्व भी किसी तरह पैसे जोड़कर उन्होंने बकरियां ली थी लेकिन स्वास्थ्य कारणों से व जागरूकता के अभाव में वे लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकी लेकिन अब जब राज्य सरकार द्वारा मुझे मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत चार बकरियां एवं एक बकरा उपलब्ध कराया गया है तो मुझे बताया गया है कि 1 वर्ष तक के लिए मुझे योजना के तहत बीमा का भी लाभ दिया जाएगा मेरे लिए यह बहुत ही खुशी की बात है मैं कोशिश करूंगी की सरकार द्वारा मुझे जो भी लाभ प्राप्त हुआ है मैं उसका सही तरीके से उपयोग कर अपने जीवन को और भी अच्छा बना सकूँ एवं अपने परिवार का भी विकास कर सकूं।

## राधा गोविंद विवि में दो दिवसीय व्याख्यान का आयोजन

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में दो दिवसीय व्याख्यान आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय शारीरिक शिक्षा के बारे में गलत धारणाएं और वर्तमान पीढ़ी के लिए टूर्नामेंट का महत्व था। कार्यक्रम का शुभारंभ अथितियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवम विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व. गोविंद साह एवम स्व.राधा देवी के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। 8 से 9 दिसंबर, 2023 तक आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित वक्ताओं अविजीत सन्निग्रही और अमर पाल द्वारा व्यावहारिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। अविजीत सन्निग्रही ने व्यक्तियों के लिए इसके समग्र लाभों पर जोर देते हुए, शारीरिक शिक्षा से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने पर प्रकाश डाला। अमर पाल ने टीम वर्क, अनुशासन और लचीलेपन के मूल्यों पर जोर देते हुए वर्तमान पीढ़ी को आकार देने में टूर्नामेंट के महत्व पर उत्साहपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने सर्वांगीण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। व्याख्यान में उपस्थित लोगों के बीच विचारशील चर्चाओं को प्रज्वलित प्रज्ज्वलित किया।

## 370 हटाने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्यः जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी

**बरकट्ठा।** संविधान पीठ में 16 दिन चली सुनवाई पूरी होने पर, सोमवार को इस एतिहासिक फैसला से आने वाले भविष्य और हमारे देश को मजबूती प्रदान करेगा। इस फैसले का हम स्वागत करते हैं। उक्त बातें ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने कही। साथ ही उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर भारत का मस्तक है जो सदा उपर ही रहेगा, जम्मू-कश्मीर हमारा अभिन्न अंग है। राष्ट्र हित और अखंड भारत को लेकर उठाया गया यह फैसला स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फैसले देशहित में होते हैं यह सभी भारतीय को स्वीकार करना चाहिए। भाजपा राष्ट्रभक्तों की पार्टी है, हमारे लिए देश प्रथम है।

## यूथ विंग के संरक्षक ने सदर अस्पताल परिसर में पार्किंग वसूली का किया विरोध

**हजारीबाग।** जिले के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में हजारों मरीज तथा उनके परिजन का आवागमन प्रतिदिन अस्पताल परिसर में होता है। लोग दूसरे पर आश्रित होकर अपनों का इलाज करने के लिए अस्पताल परिसर पहुंचते हैं और ऐसी दृष्टिकोण में अस्पताल परिसर में पिछले कई दिनों से पार्किंग वसूली की जा रही है। हर लोगों से पार्किंग वसूली में दो पहिया वाहन के लिए रु 10 शुल्क निर्धारित किया गया है वही चार पहिया वाहन वालों के लिए रु 20 शुल्क निर्धारित किया गया है। और यह महज 1 घंटे के लिए ही सीमित है। इस बात को लेकर हर कोई अपने-अपने हिसाब से विरोध तथा निंदा कर रहा है। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन एवं सचिव संजय कुमार मंगलवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर पहुंचे। जहां पर हर व्यक्ति से पार्किंग शुल्क लिया जा रहा था। लोगों के द्वारा कहा जा रहा था कि बस हम तुरंत आ रहे हैं, इसके बावजूद लोगों से पार्किंग शुल्क लिया जा रहा था। श्री जैन ने नगर निगम तथा जिला प्रशासन से अस्पताल परिसर से पार्किंग वसूली को तत्काल हटाने का आग्रह किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन, लोगों ने लिया संकल्प

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ने किया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी सह जिप अध्यक्ष उमेश मेहता और संयोजक सांसद प्रतिनिधि केदार साव मौजूद थे। कार्यक्रम में महिला सखी मंडल के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।इस निमित केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया गया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपने को साकार करने हेतु लोगों ने संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, बेडोकला भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, इंद्रदेव यादव, रीतलाल प्रसाद, जागेश्वर मंडल समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## यौन शोषण से बचाव के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**हजारीबाग।** जेएसएलपीएस हजारीबाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के संयुक्त तत्वावधान में जेएसएलपीएस के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों का पोस एक्ट 2013 (कार्य स्थल पर महिलाओं का योन शोषण से बचाव) एवं आइसीसी (इंटरनल कंप्लेन कमेटी) विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डीएलएसए सचिव गौरव खुराना ने अपने संबोधन पोस एक्ट 2013 एवं आइसीसी के बारे में विस्तृत रूप से समझाते हुए कहा कि किसी भी कार्यस्थल चाहे वो सरकारी हो या गैर सरकारी, दोनों स्थलों ओर आइसीसी समिति की गठन किया जाना अनिवार्य है। कार्यस्थल में वर्क कल्चर अच्छा होना चाहिए। महिला कर्मी के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव का नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम में चीफ एलएडीसी रीना वर्मा एवं एडवोकेट नेहा अंजुम ने पोस एवं आइसीसी की संरचना एवं भूमिका को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा किया। इस कार्यशाला में जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक शांति मारडी, जिला प्रबंधक, सभी प्रखंड के कार्यक्रम प्रबंधक, एफटीसी एवं क्लस्टर कोऑर्डिनेटर एवं कर्मी उपस्थित थे।

## बरही : विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ट्रस्ट ने संत प्रमुख को सौंपा कंबल

**बरही ।** विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने मंगलवार को चौपारण प्रखंड के केंदुआ मोड स्थित गौ परिवार संत प्रमुख श्री श्री 1008 श्री प्रकाश गिरी फलाहारी बाबा को कंबल सौप कर ठंढ से बचाने का काम किया है. कंबल सौंपने का काम ट्रस्ट के चौपारण प्रखंड संयोजक आशीष सिंह के नेतृत्व में किया गया. मौके पर ट्रस्ट के कई सदस्य मौजूद थे. सदस्यो ने संत प्रमुख से ट्रस्ट के सौजन्य से जरूरतमंद के बीच होने वाले कंबल वितरण के लिए आग्रह भी किया. संत प्रमुख फलाहारी बाबा ने इस कार्य के लिए ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया. साथ ही ट्रस्ट के निवेदन को स्वीकारते हुए कार्यक्रम में शरीक होने की सहमति दिया. ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य अशोक सिंह ने बताया कि कंबल वितरण कार्यक्रम भारी विधानसभा के प्रत्येक प्रखंड में किया जा रहा है. शीघ्र ही सभी जरूरतमंदो के बीच कंबल पहुंचाया जाएगा. इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मंजीत यादव, प्रमोद सिंह, मनोहर यादव, शरीफुल हक, राज्यपाल दांगी, लक्ष्मी सिंह आदि उपस्थित थे.

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रदर्शित किया



**रामगढ़।** शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 12 दिसम्बर को स्कूल प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के छात्रों ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रदर्शित किया स्कूल के बच्चों में नई सोच विकसित करने के उद्देश्य से स्कूल प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। ताकि बच्चों के आंतरिक प्रतिभा के बारे में सभी को पता चल सके की बच्चें पढ़ाई के साथ-साथ अनेक विषयो में भी रुचि रखते हैं। इस प्रदर्शनी में कक्षा 3 से 12 के विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल्स प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित कर सभी को प्रभावित किया। विद्यार्थियों के कई मॉडल आकर्षण का केंद्र भी बने रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा द्वारा फीता काट कर किया गया। छात्र और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रदर्शनी में भाग लेते हुए एक नई सोच को प्रदर्शित कर सभी की प्रशंसा हासिल की।इस कार्यक्रम में बच्चों ने विज्ञान, सामाजिक विज्ञान,हिंदी, इंग्लिश, गणित, संस्कृत कंप्यूटर इत्यादि विषयों में एग्जीबिशन से लेकर आर्ट एंड क्राफ्ट का प्रदर्शन किया। साथ ही नए आइडियाज का प्रतिनिधित्व करने वाले मॉडल के जरिए अपने टैलेंट को दिखाया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था।उन्होंने सभी कक्षा के विद्यार्थियों के प्रारूपों की सराहना की। विजेता का चयन करने के वोटिंग की व्यवस्था की गयी थी। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों की काफी प्रशंसा की और विद्यालय में आए सभी अभिभावकों धन्यवाद दिया।

## एक नजर

### वन विभाग ने पांच माइल से एक ट्रैक्टर किया जब्त

**बरही।** बीते दिन खोड़ाहार पंचायत के पांच माइल में वन विभाग के जमीन को अतिक्रमित कर खेत बनाने के खिलाफ एक ट्रैक्टर जब्त किया गया. मौके पर से ट्रैक्टर चालक फरार हो गया. उक्त जानकारी देते वनपाल दीपक कुमार ने दी. जानकारी के अनुसार खेत की जुताई बबलू उरांव के ट्रैक्टर से भुनेश्वर उरांव के द्वारा किया जा रहा था. गुप्त सूचना के आधार पर रेंजर के निर्देशानुसार यह कारवाई की गई ही. जब्त किए गए ट्रैक्टर को वन विभाग कार्यालय लाकर अग्रेतर कारवाई की जा रही है.

### सामूहिक विवाह की तैयारी में सपरिवार जुटे विधायक

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा अपने दो जुड़वे छोटे भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जायसवाल की शादी की 25 वीं सालगिरह के मौके पर एक अनूठी पहल की शुरूआत करते हुए हजारीबाग के डीपीएस स्कूल मैदान में आगामी14 दिसंबर को निर्धन परिवार के 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन का विराट और पुनीत आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की तैयारी में लगातर विधायक मनीष जायसवाल और उनके परिवार के अन्य सदस्य युद्धस्तर पर जुटे हुए हैं। इस सामूहिक विवाह में शामिल सभी 25 जोड़ों के शादी और शादी के बाद गृहस्थी बसाने एवं बेरोजगार दूल्हा के रोजगार की भी चिंता की गई है। बेरोजगार दूल्हों को टोटो भेंटकर और गृहस्थ में उपयोग होने वाले अन्य सामग्री भेंट करने की योजना है। इसके लिए सभी प्रकार के जरूरी सामान की उपलब्धता कर ली गई है। सामूहिक विवाह स्थल डीपीएस स्कूल प्रांगण में 25 जोड़ों के लिए 25 बेहद आकर्षक मंडप का निर्माण कार्य जारी है।

### मुखिया ने फुटबॉल खिलाड़ियों को निजी खर्च से किया रवाना

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत चेचकपी पंचायत मुखिया रीता देवी तथा मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 में भाग लेने के लिए पंचायत के खिलाड़ियों को हजारीबाग कर्जन ग्राउंड में आयोजित खेल में शामिल होने के लिए रवाना किया।विदित हो कि विगत 24 नवंबर को प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में चेचकपी के खिलाड़ियों ने मैच में आठ पंचायत के खिलाड़ियों को पराजित कर जीत हासिल किया था। इस निमित्त मुखिया ने अपना निजी बोलेरो वाहन, खिलाड़ियों को खर्च व जर्सी देकर रवाना किया ।वही खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए मुखिया ने कहा कि आप लोग जिला से जीत कर आएंगे तो मैं आप सबों को पुरस्कृत करूंगी। साथ ही राज्य स्तरीय खेल में शामिल होने के लिए जो भी खर्च होगा वह मैं करूंगी' वही खिलाड़ियों ने मुखिया द्वारा प्रोत्साहित किए जाने पर उन्हें आभार प्रकट किया।

### नितिन गडकरी-अश्विनी वैष्णव से मिले जयंत सिन्हा, सौंपा मांग पत्र, बोले

# ओवरब्रिज और अंडरपास का जल्द होगा निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और अधिकारियों से मुलाकात की. सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर उन्हें मांग पत्र सौंपा. रेल मंत्रालय और सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से विभिन्न परियोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की. सांसद ने रेल मंत्रालय के अधिकारियों के सामने रांची-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का बरकाकाना जंक्शन में ठहराव, न्यू गिरिडीह-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस



का बरही रेलवे स्टेशन में ठहराव, हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन में कोच अनुरक्षण डिपो का निर्माण, क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर रोड ओवरब्रिज व रोड अंडरपास ब्रिज के निर्माण समेत अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया. अधिकारियों ने इन सभी मामलों पर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है. जयंत सिन्हा ने सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय व एनएचएआई के अधिकारियों से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में क्रियान्वित योजनाओं को तेजी से पूरा करने की मांग की. सड़क सुरक्षा समेत अन्य मामलों पर वार्ता किया. उन्होंने कहा कि रामगढ़ की चुट्टूपालू घाटी में आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए आवश्यक कदम उठाया जाएगा. क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर रोड ओवरब्रिज व अंडरपास का निर्माण जल्द पूरा होगा. जयंत सिन्हा ने कहा कि सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा में सड़क व रेल सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है. क्षेत्र में बड़े स्तर पर यह कार्य चल रहे हैं. जनता के लिए यातायात सुगम व सुरक्षित बने, इसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं. क्षेत्रवासियों को हर बेहतर सुविधा दिलवाने के लिए वो तत्पर हैं.

## रॉयल क्रिकेट क्लब ने शारदा क्रिकेट अकादमी को किया पराजित

**रामगढ़।** रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में शहर के छावनी फुटबॉल मैदान में आयोजित शांति देवी जैन मेमोरियल अंडर-16 स्कूल/क्लब लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 में 12 दिसंबर को शारदा क्रिकेट अकादमी बनाम रॉयल क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। रॉयल क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रॉयल क्रिकेट क्लब ने 33.5 ओवर में 102 रनों का स्कोर खड़ा किया। शारदा क्रिकेट अकादमी जबाबी पारी खेलते हुए 23.4, ओवर मे 79 रन बनाकर आउट हो गई। रॉयल क्रिकेट क्लब ने 23 रन से मैच को जीत लिया।

## बरकट्ठा : डीपीएस स्कूल में चला विधिक जागरुकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के बैनर तले हजारीबाग व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता मनीष चंद्र,अधिवक्ता इंद्र कुमार पंडित के द्वारा जागरूकता सेवा शिविर अभियान के तहत मंगलवार को गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से बच्चों के बीच दिन प्रतिदिन बढ़ रहे साइबर ठग से संबंधित साइबर क्राइम, संविधान के मौलिक अधिकार से संबंधित विषय, दहेज प्रथा समाज के लिए अभिशाप, लेबर लॉ, अपहरण से संबंधित रोक थाम समेत कई घटनाओं से बचने के लिए बारी-बारी से चर्चा करते हुए बच्चों को जागरूक किया गया। मौके पर अधिवक्ता मनीष चंद्र ने कहा कि अभी के समय में साइबर क्राइम से बचने के लिए सभी को जागरूक होना आवश्यक है। दिन प्रतिदिन ऐसी अपराध की घटनाओं में वृद्धि हो रही है ।इस अवसर पर डिवाइन पब्लिक स्कूल के निदेशक इंद्रदेव भारती, प्रधानध्यापिका स्वाति, स्कूल के शिक्षक गण, यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के छात्र रितेश कुमार, धीरज कुमार शर्मा, संजय कुमार, मोहम्मद फैयाज अंसारी, प्रभाकर करमाली, विपिन कुमार एवं डिवाइन पब्लिक स्कूल के सैकड़ो बच्चे उपस्थित थे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा बैठक

**बरही ।** संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण सूची का काम अंतिम चरण में है. एसडीओ पूनम कुजूर ने प्रखंड सभागार में एक आवश्यक बैठक कर अद्यतन जानकारी लिया. बैठक में बीपीआरओ सावना मांझी सहित प्रखंड के सभी बीएलओ मौजूद थे. सभी से क्षेत्रवार पुनरीक्षण की जानकारी लिया. साथ ही सबों को नए मतदाताओं को जोड़ने, मृत मतदाताओ का नाम हटाने, एक ही मतदाता का दो स्थान पर नाम रहने पर एक स्थान से हटाने, स्थानांतरित मतदाताओं को पुराने मतदाता सूची से नाम हटाने संबंधित आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि चुनाव कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी. किसी भी परिस्थिति में नए मतदाता का नाम नही छूटना चाहिए. उन्होंने सभी बीएलओ को घर घर जाकर इसकी जानकारी लेने का निर्देश दिया. इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से बीएलओ को डीएसई व पीएसई से सम्बंधित जानकारी भी दी. बीपीआरओ ने भी सभी बीएलओ को एक बार फिर प्रपत्र 6, 7, 8, फॉर्म ए की जानकारी देते हुए स्पष्ट जानकारी देने की बात कही.

### जनता दरबार का आयोजन

## एक दर्जन मामले आए, डीसी ने दिया कार्रवाई का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में,अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

**सावधान!** विद्यार्थियों को दी गई साइबर फ्रॉड से बचने की जानकारी

# हो सकती है एक क्लिक से जिंदगी तबाह : जयदीप

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** 26 में स्थापना दिवस पर सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन की ओर से प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में साइबर फ्रॉड और उससे बचने की जानकारियां दी जा रही है. मंगलवार को केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने प्लस टू उच्च विद्यालय और परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही में साइबर क्राइम के विभिन्न तरीकों से छात्र छात्राओं को जानकारी दिया. बताया गया कि खेल-खेल में या मनोरंजन के लिए अपने स्मार्टफोन पर किया गया एक क्लिक जिंदगी को तबाह कर सकता है. किसी भी परिस्थिति में अनजान लिंक पर क्लिक अथवा किसी के साथ अपना गोपनीय

पिन या ओटीपी शेयर नही करने की बात कही गई. यह भी बताया गया कि साइबर क्राइम करने वाले विभिन्न मार्ग अपना कर लोगों को फसाने का काम कर रहे हैं. उनके द्वारा कभी कस्टमर केयर तो कभी दोस्त बनकर अथवा सरकारी सुविधाओं का लालच देकर लोगो को चंगुल में फंसाने का काम किया जा रहा है. ऐसे फ्रॉड कॉल से सावधान रहने की बात कही गई. इसके साथ ही सोशल मीडिया पर अपना निजी फोटो अपलोड करने से परहेज करने को भी बताया गया. मौके पर विद्यार्थियों को डिजिटल लॉकर, ईमेल आईडी इत्यादि की भी जानकारी दी गई. केंद्र निदेशक ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर उनके केंद्र की ओर से साइबर सिक्योरिटी से संबंधित निशुल्क कोर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. इसके लिए इच्छुक व्यक्ति केंद्र से संपर्क कर अपना नाम सुरक्षित करवा सकते हैं. केंद्र निदेशक ने यह भी बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर केंद्र की ओर से क्विज, संगीत, एकांकी इत्यादि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है. इस प्रतियोगिता में अनुमंडल का कोई भी विद्यार्थी भाग के सकता है. जिसमे बेहतर करने वालो को समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा. इस दौरान केंद्र के पूर्ववर्ती छात्र बैजनाथ महतो भी मौजूद थे.

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार को लेकर राज्य में उत्साह का माहौल

## अबुआ आवास सबका आवास

झारखण्ड के इतिहास में पहली बार राज्य सरकार द्वारा जरूरतमंद लोगों को आवास उपलब्ध कराने के लिए एक महत्वाकांक्षी आवास योजना शुरू की गयी है। अबुआ आवास योजना के अंतर्गत राज्य के 8 लाख परिवारों को सम्मानजनक जिंदगी जीने के लिए सुसज्जित आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत स्वच्छ रसोई सहित तीन कमरों के पक्का घर का प्रावधान किया गया है। योग्य लाभुकों के लिए योजना के तहत आवास निर्माण के लिए सहयोग राशि बढ़ाकर दो लाख रुपए दिया जाएगा। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत लाखों की संख्या में अबुआ आवास योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन आ रहे हैं। सभी जरूरतमंद लोग नजदीकी शिविर में जाकर योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन दे सकते हैं।

## धन्यवाद मुख्यमंत्री जी, अब मैं भी साइकिल से स्कूल जा सकूँगा

**झारखण्ड / बोकारो**

कसमार प्रखण्ड के टांगटोना पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सरोज कुमार महतो को साइकिल खरीदने हेतु ₹4,500 राशि मिली है।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय टांगटोना के कक्षा नौ का छात्र सरोज कुमार महतो को आन-द-स्पाट डीबीटी के जरिए साइकिल की राशि उसके खाते में हस्तांतरित की गयी है। सरोज जैसे राज्य के 8 लाख छात्र-छात्राओं को यह राशि राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है।

साइकिल की राशि प्राप्त होने के बाद सरोज खुश है।

• साइकिल के लिए मिली राशि

सरोज पहले पैदल स्कूल जाता था, जिससे स्कूल आने-जाने में उसका काफी समय बर्बाद हो जाता था। सरोज ने साइकिल की राशि के लिए सीएम हेमन्त सोरेन और राज्य सरकार को धन्यवाद किया और कहा कि अब मैं भी साइकिल से स्कूल पढ़ने जा सकूंगा।

**अब तक कुल आवेदन प्राप्त**

**29,67,282***

*डाटा जानकारी 12/12/2023, 06:00 PM

जोहार, मैंने चुनाव से पहले वादा किया था कि आपकी यह सरकार एयरकंडीशन कमरों से नहीं बल्कि आमजन के बीच, उनके द्वार-द्वार जाकर उन्हें राज्य सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य करेगी। उसी का उदाहरण है विगत 3 वर्षों से राज्य के कोने-कोने में शिविर लगाया जा रहा है, जहां लाखों-करोड़ों लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया है, उन्हें योजनाओं का अधिकार मिला है।

**- हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## लाखों जरूरतमंद को मिला पेंशन का अधिकार

**झारखण्ड / पूर्वी सिंहभूम-गोड्डा**

पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया प्रखण्ड स्थित लोधाशोली पंचायत निवासी श्रीमती सुरुज गोप कहती हैं कि जब मुझे अपने पंचायत में आयोजित शिविर की जानकारी मिली तो सबसे पहले मैंने पेंशन के लिए आवेदन दिया और वापस घर जाने लगी। लेकिन शिविर में आए पदाधिकारियों ने मुझे कुछ देर रुकने को कहा। इसके बाद मात्र दस मिनट में मेरा पेंशन स्वीकृत हो गया।

मुझे बताया गया है कि अगले महीने से मेरे बैंक खाते में पेंशन की राशि आ जाएगी। इस राशि से मुझे बहुत मदद मिलेगी। पहले पेंशन के लिए कार्यालय का चक्कर काटने में बहुत समय निकल जाता था। वहां बैठे लोग बोल रहे थे कि पेंशन की राशि भी हर महीने 5 से 10 तारीख मेरे खाते में आ जाया करेगी। हम जैसे गरीब लोगों का बुढ़ापे का सहारा बनने के लिए हेमन्त बेटा को आशीर्वाद।

इसी तरह गोड्डा प्रखण्ड के पांडुबथान पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार के शिविर में पहुंचे वृद्ध दुर्गा महतो को सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन की स्वीकृति दी गयी। पूर्व में एक-दो बार आवेदन किया, लेकिन पेंशन स्वीकृति प्राप्त करने में सफलता नहीं मिली थी। उन्होंने बताया कि उम्र ज्यादा होने के कारण वह बार-बार प्रखण्ड कार्यालय नहीं जा सकते थे।

पंचायत क्षेत्र में लगने वाले शिविर की जानकारी मिलने पर वह अपने परिजनों के साथ वहां पहुंचे। जहां तुरंत आवेदन प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें ऑन-द-स्पॉट पेंशन की स्वीकृति दी गयी।

पेंशन स्वीकृति पत्र प्राप्त करते हुए उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। दुर्गा महतो कहते हैं पहले अनेकों बार मैं ब्लॉक ऑफिस गया पर मुझे हर बार बोल दिया जाता था कि पेंशन की जगह खाली होगी तभी मिलेगी।

सर्वजन पेंशन योजना शुरू कर हेमन्त बेटा और झारखण्ड सरकार ने मुझे जैसे लाखों जरूरतमंद लोगों को काफी मदद दिया है। मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि इतने वर्षों तक चक्कर लगाने के बाद मुझे पेंशन मिलेगा। हेमन्त बेटा को ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद, जोहार।

• सर्वजन की सरकार दे रही पेंशन का अधिकार

## सुदूर क्षेत्रों में पहुंची सरकार, दिया अभियान के तहत अधिकार

**झारखण्ड/पश्चिमी सिंहभूम**

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान तहत पश्चिमी सिंहभूम जिले के सुदूरवर्ती एवं दूरस्थ क्षेत्रों में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन सुनिश्चित किया जा रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में जिला प्रशासन के द्वारा दूरस्थ आनंदपुर के रंगामाटी, गुदड़ी के झरियो कमरोड़ा, जाते, बंदगांव के टेबो, कारो नदी को पार कर बांदु पंचायत आदि दूरस्थ स्थानों में शिविर आयोजित कर स्थानीय लोगों से आवास, युवाओं से गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना तहत आवेदन प्राप्त किया जा रहा है।

राज्य की कुशल और संवेदनशील नेतृत्व वाली सरकार निरंतर जनहित की योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके तथा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सदैव क्रियाशील है और इसी महत्वाकांक्षी सोच के साथ जिले और ब्लॉक पदाधिकारी दुर्गम क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।

## गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के लाभ से डॉक्टर बनने का सपना होगा पूरा

**झारखण्ड / खूंटी**

• गरीबी नहीं बनेगी पढ़ाई में बाधा, हेमन्त सरकार का है वादा

उच्च शिक्षा में आर्थिक सहायता के लिए राज्य सरकार द्वारा शुरू की गयी गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, झारखण्ड के छात्र-छात्राओं को बेहद पसंद आ रहा है। इस योजना के लाभ से छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा को नया मुकाम देने के लिए उत्साहित हैं। तोरपा प्रखण्ड के दियांकेल पंचायत निवासी हेबसिंबा कंडूलना ने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन भरा है। प्रचार-प्रसार के माध्यम से स्मृति को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के संबंध में जानकारी मिली। साथ ही अपने क्षेत्र में लगने वाले आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले शिविर के बारे में उन्हें पता चला। स्मृति ने बताया कि शिविर में उनका आवेदन स्वीकृत कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण मेडिकल क्षेत्र में जाने का सपना पूरा नहीं हो पा रहा था, लेकिन योजना के लाभ मिलने से अब वह मेडिकल की पढ़ाई कर आगे बढ़ेंगी।

## धन्यवाद हेमन्त सरकार

मुझे सर्वजन पेंशन योजना का लाभ मिला है। गांव में लगे शिविर में आवेदन देने के साथ ही मेरा पेंशन स्वीकृत हुआ। अब मुझे अपनी जरूरतों को पूरा करने में परेशानी नहीं होगी। सर्वजन पेंशन से मेरे जैसे लाखों जरूरतमंद लोगों को मदद देने के लिए मुख्यमंत्री जी का शुक्रिया।

**मोहम्मद आसीन,**
**पीरटांड़, गिरिडीह**

हजाक् ञुतुम दो अनिल टुडू काना, आतो-कैरासोल, इञ दो लाहा ते दो कूप योजना रेयाक् पोरहो दो बाञ जामलेदा, मेनखान दिनकालोम दो बिरसा सिंचाई कूप योजना रेयाक् पोरहो दोञ जाम केदा ओना इयाते नोआ बोछोर दो आड़ी मोञ तेञ चास-बास केदा, दाक् रेयाक् ओभाब दो बाड होयलेना आर से नित हों चास-बास लागित् दाक् रेयाक् ओभाब दो बानुञ आकादा। बिरसा सिंचाई कूप योजना रेयाक् पोरहो इमाञ लागित् ते इञ दो सिंहमंत्री हेमन्त सोरेन आड़ी-आड़ीञ सारहावेदे काना।

**अनिल टुडू, गोड्डा**

तोपचांची प्रखण्ड के प्रिंस कुमार का आय, जाति और आवासीय प्रमाण पत्र मात्र एक घंटे में बना। प्रिंस कुमार के पिता ओमप्रकाश महतो ने सीएम के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे अपने बेटे के लिए आय, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कई दिनों से प्रयासरत थे। पंचायत शिविर में आवेदन दिया और 1 घंटे में उन्हें तीनों प्रमाण पत्र मिल गए।

**ओमप्रकाश महतो, धनबाद**

## सबल बनीं दीदी-बहनें, सुनिश्चित हुआ आजीविका का आधार

**झारखण्ड / धनबाद**

क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से मदद कर रही है हेमन्त सरकार। धनबाद प्रखण्ड के गोपीनाथडीह पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान जेएसएलपीएस अंतर्गत गठित एवं संचालित स्वयं सहायता समूह को 20 लाख 33 हजार का ऋण स्वयं सहायता समूह की दीदियों को दिया गया। दीदियों ने बताया कि ऋण राशि का प्रयोग वे गौ पालन, बकरी पालन, राशन दुकान संचालन समेत अन्य व्यापार कर आजीविका बहाने में करेंगी, जिससे सबल बनने और आर्थिक विकास में उन्हें काफी मदद मिलेगी। धनबाद की दीदी-बहनों की तरह राज्य की लाखों दीदियों को राज्य सरकार ने कई करोड़ की योजनाओं से जोड़ा है। स्वयं सहायता समूह की दीदी-बहनों ने इस कार्यक्रम में उन्हें मिले आर्थिक लाभ हेतु मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और राज्य सरकार को धन्यवाद दिया है।

• स्वयं सहायता समूह से जुड़ी दीदी-बहनों को राशि वितरण

## गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से युवाओं के सपने होंगे साकार

• युवाओं को आर्थिक सहायता

**झारखण्ड / पलामू**

पलामू के रजवाडीह पंचायत में आयोजित शिविर में पहुंचकर स्थानीय निवासी शुभम कुमार ने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया। आवेदन की स्वीकृति के पश्चात बैंक से जोड़कर उच्च शिक्षा हेतु रियायती दर पर उन्हें ऋण उपलब्ध हो सकेगा। शुभम कुमार ने बताया कि आर्थिक स्थिति में कमजोर होने के कारण उसे इंजीनियरिंग की पढ़ाई में समस्या आ रही थी। कर्ज लेने की नौबत आ रही थी, लेकिन गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ मिलने से अब पढ़ाई में बाधा नहीं होगी। योजना की तारीफ करते हुए शुभम कहते हैं कि पढ़ने के लिए हेमन्त सरकार रियायती दर पर 15 लाख तक का ऋण देगी और गारंटर भी सरकार बनेगी। मैंने सुना है पढ़ाई पूरी करने के बाद सरकार को थोड़ा-थोड़ा करके ही पैसा चुकाना होगा। योजना का लाभ मिलने से उनके जैसे कई युवाओं को पढ़ाई में काफी मदद मिलेगी।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## प्रेस की कलम से....

### बारिश के बीच भी शिविर में पहुंचे आवेदक

ट्रैक्टर से नदी पार कर पहुंचे सरकार के नुमाइंदे

राज्य के 4.90 लाख बच्चों को मिली साइकिल की राशि

### अबुआ आवास के लिए शिविरों में उमड़ी भीड़

### सरकार आपके द्वार में आवेदनों की लगी झड़ी

### ऑन स्पॉट मामलों का निपटारा

### जरूरतमंदों को योजनाओं से सबल बना रही सरकार

### जनसमस्याओं का मौके पर निपटारा

### कार्यक्रम में आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन

मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी 35 लाख किसानों को केसीसी से जोड़ने का दिया है लक्ष्य

### किसान क्रेडिट कार्ड के लाभुकों की संख्या पहुंची 22 लाख

80187 लाभुकों के बीच 132.74 करोड़ रु. की परिसंपत्तियां बांटी
सीएम ने कहा- जिनके पास घर नहीं उन्हें मिलेगा अबुआ आवास

### घर तक आयी सरकार, योजनाओं का लाभ लें

### किसानों और महिलाओं को मिला योजनाओं का लाभ

PR No. 313313 (IPRD) 2023-24

**जज्बा रखो सच व झूठ को परखने का, कानों में जहर घोलना तो जमाने का काम है : अज्ञात**



# भारत-पाक सुलझाएं कश्मीर मुद्दा: चीन

***चीनी*** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस मुद्दे पर चीन की प्रतिक्रिया मांगने वाले एक पाकिस्तानी पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कश्मीर मुद्दे पर प्रासंगिक पक्षों को बातचीत और परामर्श के माध्यम से विवाद को सुलझाने और क्षेत्र में शांति और स्थिरता की रक्षा करने की जरूरत है। चीन के सदाबहार मित्र पाकिस्तान ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का कोई कानूनी मूल्य नहीं है, यह कहते हुए कि अंतरराष्ट्रीय कानून 5 अगस्त, 2019 को नई दिल्ली की ₹एकतरफा और अवैध कार्रवाइयों₹ को मान्यता नहीं देता है।

**सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को सर्वसम्मति से बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने अगले साल 30 सितंबर तक विधानसभा चुनाव कराने का भी निर्देश दिया। दोनों की प्रतिक्रिया स्वाभाविक और उनके क्रियाकलापों के अनुरूप तो है ही हास्यास्पद भी कही जा सकती है । पाकिस्तान की बात को आज भी कोई गंभीरता से नहीं लेता पर चीन की भाषा अमेरीका की तरह स्वयं को चौधरी घोषित करने की होती जा रही है ।**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को सर्वसम्मति से बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने अगले साल 30 सितंबर तक विधानसभा चुनाव कराने का भी निर्देश दिया। दोनों की प्रतिक्रिया स्वाभाविक और उनके क्रियाकलापों के अनुरूप तो है ही हास्यास्पद भी कही जा सकती है । पाकिस्तान की बात को आज भी कोई गंभीरता से नहीं लेता पर चीन की भाषा अमेरीका की तरह स्वयं को चौधरी घोषित करने की होती जा रही है । वह अपने को महाशक्ति की तरह प्रदर्शित करने का प्रयास तो कर रहा है पर वह यह भी जानता है कि अब समय बदल चुका है क्योंकि अब भारत कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा नहीं मानता और अपनी बातों को घरेलू मंचों से लेकर वैश्विक मंचों तक में स्पष्ट कर चुका है कि वह पूरा कश्मीर यानी पीओके भी लेकर रहेगा । जिस प्रकार मोदी सरकार निडर होकर बड़े निर्णय ले रही है उसका बड़ा घरेलू उदाहरण राम मंदिर और कश्मीर से धारा 370 हटाना है जिससे पड़ोसी चीन और पाकिस्तान को बात समझ में आ गई होगी कि हिंदी चीनी भाई-भाई वाला समय अब नहीं रहा और अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी भारत के आत्मविश्वास और पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ताकत का अनुभव कर रहा है ।

भारत की वैसे सबसे बड़ी ताकत इसका सबसे बड़ा बाजार है जो उपभोक्ता वस्तुओं से लेकर सामरिक हथियारों का है । इस ताकत का रणनीतिक इस्तेमाल करने में मोदी सरकार माहिर है और विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की टीम अन्य नाजुक मुद्दों पर अभी तक सफल रही है जिससे भारत लगातार वैश्विक मंचों पर व्यवसाय से लेकर कूटनीतिक स्तर पर आगे बढ़ती दिख रही है । चीन और पाकिस्तान जैसे भारत के पारंपरिक शत्रु भारत से अब प्रत्यक्ष युद्ध न लड़कर छद्म युद्ध तेज करने पर उतारू हैं जिसका अगला पड़ाव कश्मीर को अशांत करना और भारत की न्यायप्रणाली पर सवाल उठाना तक शामिल है,जिसकी एक झलक पाकिस्तान दे चुका है । कोई आश्चर्य नहीं कश्मीर के मुद्दे पर मुखर तत्व इसी मुद्दे को लेकर हवा बनाने का प्रयास करें कि कश्मीर मुद्दे पर भारतीय कोर्ट को फैसला करने का अधिकार ही नहीं। इसमें भारत का इसे संयुक्त राष्ट्र संघ में ले जाने का पूर्व का स्टैंड उन्हें प्रेरणा देता है ।

## इन दिनों

# एकता को बल देने वाला युगांतरकारी फैसला

ललित गर्ग

***संविधान*** के अनुच्छेद 370 पर सोमवार को आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला निर्विवाद रूप से युगांतरकारी, ऐतिहासिक, राष्ट्रीय एकता को मजबूती देने वाला मील का पत्थर एवं अमिट आलेख है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल एक नया अध्याय लिखा बल्कि भारत की एकता और अखंडता को नई मजबूती भी दी। जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख का पूरा क्षेत्र विकास, सुशासन एवं लोकतांत्रिक दृष्टि से सिरमौर साबित होगा, इसमें सारे संदेहों पर से पर्दा उठ गया है। समूचा राष्ट्र जम्मू-कश्मीर के भारत का अभिन्न हिस्सा बनकर विकास के एक 'नये युग' में प्रवेश करने की इस नयी सुबह पर हर्षित है। कहा जा सकता है कि जम्मू-कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा समाप्त किये जाने से जुड़े विवाद पर इस फैसले ने एक तरह से पूर्ण विराम लगा दिया है। देश की सबसे बड़ी अदालत के पांच न्यायमूर्तियों की पीठ ने यह फैसला देकर साफ कर दिया है कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। इस विशेष प्रावधान को समाप्त करने के पीछे किसी तरह की दुर्भावना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की मंशा है। कुल मिलाकर देखा जाय तो सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने एक पुराने और जटिल विवाद को पीछे छोड़ते हुए जम्मू-कश्मीर को और वहां के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ने की एक मजबूत, उर्वरा एवं समतामूलक जमीन तैयार की है। उम्मीद की जाय कि सभी पक्ष इस मौके का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल सुनिश्चित करने में अपना पूरा योगदान करेंगे। आजादी के समय तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व के पास राष्ट्रीय एकता के लिए एक नई शुरूआत करने का विकल्प था। लेकिन इसके बजाय संकीर्ण, अराष्ट्रवादी, स्वार्थी राजनीति जारी रखने के निर्णय के साथ भारत को विघटित, अशांत एवं अलोकतांत्रिक करने की कुचेष्टा की गयी। इससे राष्ट्रीय हितों की अनदेखी हुई। किन्हीं राजनीतिक आग्रहों, पूर्वाग्रहों एवं दुराग्रहों के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों को आतंकवाद और अलगाववाद की तकलीफें लंबे समय तक झेलनी पड़ी हैं। भारत का एकीकरण 'एक प्रधान, एक निशान, एक विधान' के बिना अधूरा था बावजूद एक ही राष्ट्र में दो प्रधान, दो निशान एवं दो विधान की संकीर्ण एवं अराष्ट्रवादी सोच को पनपाने के षड़यंत्र आजादी के पचहत्तर वर्षों में होते रहे। लेकिन जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी, उसने एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुच्छेद- 370 और 35 ए को निरस्त करने की ठानी और इस लक्ष्य को आखिरकार प्राप्त कर लिया गया। नेहरू युग के दौरान कांग्रेस द्वारा की गई कई 'ऐतिहासिक भूलों' में से एक को सुधारने के लिए पांच अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किया। जिसके बाद मोदीजी के नेतृत्व में कश्मीर में शांति और समृद्धि लौटी और लोगों ने आतंकवाद को खारिज कर दिया है। जम्मू कश्मीर की ऐतिहासिक एवं राजनीतिक भूल को सुधारने के लिये डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नेहरू मंत्रिमंडल में रहते हुए विरोध किया, इसके लिये मंत्रिमंडल छोड़ कर कठिन राह चुनी। जिन्होंने 'भारत के साथ जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण' का सपना देखा था और जिसके लिए उन्होंने राजनीतिक और कानूनी लड़ाई लड़ी और यहां तक कि अपने जीवन का बलिदान भी दिया। इन राष्ट्रवादियों के प्रयत्नों का ही परिणाम है कि आज जम्मू-कश्मीर में एक उजली सुबह हुई है। जम्मू-कश्मीर की तथा कथित राजनैतिक शक्तियां ने सुप्रीम कोर्ट के इस अनूठे फैसले का विरोध किया है। यह एक विडंबना ही है कि अनुच्छेद 370 की अन्यायपूर्ण एवं विघटनकारी प्रकृति के बाद भी संकीर्ण राजनीतिक कारणों से यह दुष्प्रचार किया जा रहा था कि वह तो जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है, ऐसी दुराग्रही राजनैतिक शक्तियां अलग-थलग रहकर अपने राजनैतिक स्वार्थ की रोटियां सेकना चाहते हैं, उनकी नजर में वहां की अवाम के सुख-सुविधाओं एवं जीवन का कोई मूल्य नहीं है।

**जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख का पूरा क्षेत्र विकास, सुशासन एवं लोकतांत्रिक दृष्टि से सिरमौर साबित होगा, इसमें सारे संदेहों पर से पर्दा उठ गया है। समूचा राष्ट्र जम्मू-कश्मीर के भारत का अभिन्न हिस्सा बनकर विकास के एक 'नये युग' में प्रवेश करने की इस नयी सुबह पर हर्षित है। कहा जा सकता है कि जम्मू-कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा समाप्त किये जाने से जुड़े विवाद पर इस फैसले ने एक तरह से पूर्ण विराम लगा दिया है। देश की सबसे बड़ी अदालत के पांच न्यायमूर्तियों की पीठ ने यह फैसला देकर साफ कर दिया है कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। इस विशेष प्रावधान को समाप्त करने के पीछे किसी तरह की दुर्भावना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की मंशा है। कुल मिलाकर देखा जाय तो सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने एक पुराने और जटिल विवाद को पीछे छोड़ते हुए जम्मू-कश्मीर को और वहां के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ने की एक मजबूत, उर्वरा एवं समतामूलक जमीन तैयार की है। उम्मीद की जाय कि सभी पक्ष इस मौके का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल सुनिश्चित करने में अपना पूरा योगदान करेंगे। आजादी के समय तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व के पास राष्ट्रीय एकता के लिए एक नई शुरूआत करने का विकल्प था। लेकिन इसके बजाय संकीर्ण, अराष्ट्रवादी, स्वार्थी राजनीति जारी रखने के निर्णय के साथ भारत को विघटित, अशांत एवं अलोकतांत्रिक करने की कुचेष्टा की गयी। इससे राष्ट्रीय हितों की अनदेखी हुई।**

## आप की बात

### आदिम परिवारों में भोजन का संकट

रामगढ़ प्रखंड के ग्राम चोरहट (बाघाटांड) निवासी 7 माह की गर्भवती आदिम जनजाति परहिया महिला सरस्वती देवी के खाने में पिछले एक माह के अन्दर एक दिन भी कोई दाल शामिल नहीं रहा ' ये स्थिति भयंकर आर्थिक बदहाली के कारण उत्पन्न हुई है ' आहार विशेषज्ञों के मुताबिक प्रत्येक ब्यक्ति को अपने 1 किलो वजन पर 1 ग्राम प्रोटीन दैनिक रूप से सेवन करना चाहिए ' प्रोटीन शरीर के ढाँचे और माँसपेशी को मजबूत करने का काम करते हैं ' सरहुआ गाँव की रहने वाली सरोज देवी और उनका परिवार जंगली कंद गेठी खाकर गुजारा करने को विवश है ' वहीँ ग्राम पीढ़े की रहने वाली दौलतिया देवी ने अपने परिवार के दैनिक आहार में 50 फीसदी की कटौती कर गुजारा कर रही हैं ' क्योंकि उनके पास खाने के लिए अनाज नहीं है ' सरहुआ के ही विजय कोरवा और उमेश कोरवा दोनों परिवार समेत ईंट भट्ठों में कमाने चले गए हैं ' अब राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत दिया जाने वाला खाद्यान्न लेने के लिए उनके परिवार से गाँव में कोई भी नहीं हैं ' इन परिवारों को यह बिल्कुल मालूम नहीं कि वन नेशन वन कार्ड भी कोई प्रणाली है जिसमें उनको पलायन वाले स्थान में भी खाद्यान्न मिल सकता है ' यह खाद्य संकट सिर्फ इन चंद परिवारों तक सीमित नहीं है, अपितु पलामू जिले के चैनपुर एवं रामगढ़ प्रखण्ड के 1600 से अधिक आदिम जनजाति परिवार भोजन के संकट से जूझ रहे हैं ' खाद्य संकट के लिए सरकारी सिस्टम जिम्मेदार है। - **जेम्स हेरेंज, सदस्य, भोजन का अधिकार अभियान, झारखण्ड**

## प्रकृति

# मप्र में भाजपा शिव से मोहन तक परिषद की यात्रा

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***अखिल*** भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन के देश की राजधानी में राष्ट्रीय अधिवेशन को अभी पूरा हुए 24 घंटे भी नहीं बीते हैं कि एक बार फिर से भारतीय राजनीति में देश के हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश में एक ऐसे व्यक्ति को राजनेता के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री बनाकर स्थापित किया है, जिसने सामाजिक जीवन एवं राजनीति की पाठशाला का पहला पाठ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में रहकर सीखा है। यह राज्य में दूसरे लगातार वाले मुख्यमंत्री बने हैं जिन्होंने कि विद्यार्थी परिषद से छात्र राजनीति करते हुए अपना जीवन आरंभ किया है। इसके पहले हम सभी जानते हैं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उनका पूरा व्यक्तित्व और कृतित्व विद्यार्थी जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के साथ कार्य करते हुए गढ़ा है और उसी के आधार पर वे आगे बढ़ते चले गये। वे ऐसे आगे बढ़े कि प्रदेश में 18 साल तक मुख्यमंत्री रहने का कीर्तिमान स्थापित करने वाले शिवराज सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी के इस राज्य में पहले कार्यकर्ता हैं। अब ऐसे में उनके बाद उनकी परंपरा को आगे निर्वाह करने का दायित्व यदि सौंपा गया तो फिर एक बार पुनः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपने को संघर्ष की आंच में तपाकर राजनीतिक जीवन में आये डॉ. मोहन यादव हैं। वस्तुतः छात्र जीवन से लेकर आजीवन संपूर्ण जीवन अपने राष्ट्र के लिए समर्पित रहना चाहिए। यह संदेश विद्यार्थी परिषद का सदा से रहता आया है। ज्ञान हो, शील हो और एकता भी हो, यह तीन गुण निश्चित तौर पर केवल छात्र जीवन में ही नहीं, समाज के हर वर्ग के विकास के लिए आवश्यक हैं। कहना होगा कि पार्टी स्तर पर अपनी सरकार के लिए विधायक दल के नेता चुनते वक्त यही एकता का मंत्र एक बार फिर से मध्यप्रदेश भाजपा में देखने को मिला है। जो बड़े-बड़े नाम पिछले कई दिनों से मीडिया की सुर्खियों में बने हुए थे, भाजपा की संगठन शक्ति और सामूहिक निर्णय ने एक झटके में सबको पीछे छोड़ दिया और एक ऐसे नाम को आगे बढ़ा दिया जिसके बारे में कोई अभी तक कल्पना भी नहीं कर सका था। जब वे साल 2013 में पहली बार बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन की दक्षिण सीट से विधायक बने थे।

**छात्र जीवन से लेकर संपूर्ण जीवन अपने राष्ट्र के लिए समर्पित रहना चाहिए। ज्ञान हो, शील हो व एकता भी हो, यह तीन गुण निश्चित तौर पर केवल छात्र जीवन में ही नहीं, समाज के हर वर्ग के विकास के लिए आवश्यक हैं।**

## फेसबुक वॉल से

## X - से

अपने पत्र हमें इमेंल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# मायावती के लिए आत्मचिंतन का समय

रमेश सर्राफ धमोरा

***हाल*** ही के राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम विधानसभा के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी का ग्राफ तेजी से गिरा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में बसपा का पूरी तरह सूपड़ा ही साफ हो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। इस बार के बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गये मगर सीट एक भी नहीं मिली। इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली उसके साथ ही वोटों में भी गिरावट दर्ज हुई है। वहां बसपा को 319903 यानी 2.05 प्रतिशत वोट ही मिले हैं। तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला। वहां पार्टी को 321074 यानी 1.37 प्रतिशत वोट मिले मिजोरम में तो वैसे ही बसपा का कोई नाम लेवा नहीं है। 2022 में हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बसपा 53 सीटों पर चुनाव लड़ी मगर एक भी प्रत्याशी नहीं जीत पाया था। वहां पार्टी को 14613 यानी 0.35 प्रतिशत मत मिले थे। पिछले गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में वहां बसपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा। जिसमें 100 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के जमानत जब्त हो गई थी। वहां पार्टी को मात्र 158123 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले थे। उत्तराखंड में बसपा के दो व पंजाब में एक विधाक हैं। उत्तर प्रदेश की स्थिति देखें जहां से बसपा का जन्म हुआ था, वहां 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी।

**हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विस चुनाव में बसपा का पूरी तरह सूपड़ा ही साफ हो गया है।**

## बोधि वृक्ष

### ऋषि मार्कण्डेय की कथा

**मार्कंडेय पुराण का कुछ अंश :** मार्कंडेय पुराण में वर्णित तीन सच्चे अनुभव उन गलत धार्मिक प्रथाओं पर प्रकाश डालेंगे जिनका पालन पहले ऋषियों और हमारे पूर्वजों द्वारा किया जाता था, जिसके कारण जन्म-मृत्यु और पुर्नजन्म की बीमारी समाप्त नहीं हुई और देवता, ऋषि, संत, राजा आदि और इनका अनुसरण करने वाले लोग भी सभी पुनरावृत्ति में रहे। आइये समीक्षा करते हैं: स्वर्ग के राजा यानी भगवान इंद्र की सच्ची कहानी जो मृत्यु के बाद गधा बनते हैं एक बार की बात है ऋषि मार्कंडेय भगवान को निराकार मानकर बंगाल की खाड़ी में बहुत लंबे समय तक ब्रह्म-काल का तप कर रहे थे। स्वर्ग में भगवान इंद्र के रूप में विराजमान आत्मा को हमेशा यह डर रहता है कि 72 चतुर्युग के अपने कार्यकाल के दौरान यदि पृथ्वी पर कोई भी मनुष्य (साधक) तपस्या करता है और अपनी धार्मिक गतिविधियों में कोई गड़बड़ी किये बिना धार्मिक उपलब्धियां हासिल करता है तो वह साधक भगवान इंद्र की पदवी प्राप्त करने के योग्य हो जाता है। चूँकि स्वर्ग के राजा का पद घोर तपस्या से प्राप्त होता है। वह सफल साधक भगवान इंद्र के रूप में विराजमान हो जाता है और वर्तमान भगवान इंद्र का पद छीन लिया जाता है। इसलिए, जहां तक? संभव हो, भगवान इंद्र अपने कार्यकाल के दौरान किसी भी साधक के तप या धार्मिक बलिदान को पूर्ण नहीं होने देते हैं और साधक की तपस्या को भंग कर देते हैं, चाहे उसके लिए कुछ भी करना पड़े। जब भगवान इंद्र के दूतों ने उन्हें बताया कि ऋषि मार्कंडेय बंगाल की खाड़ी में तप कर रहे हैं, तो उन्होंने ऋषि मार्कंडेय के तप को भंग करने के लिए, अपनी सबसे अधिक खूबसूरत , युवा और अत्यंत आकर्षक पत्नी अप्सरा उर्वशी को पृथ्वी लोक पर भेजा। उर्वशी को स्वर्ग की सभी अप्सराओं में सबसे सुंदर अप्सरा माना जाता है। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

### Aipin : स्मार्टफोन को नयी चुनौती

**ऐसी** ही एक नयी तकनीकी उपलब्धि है Aipin यह छोटी सी डिवाइस जिसने स्मार्टफोन को भी चौंका दिया है। इसका डिजाइन इतना उत्कृष्ट है कि यह दीवाना बना सकता है। स्मार्टफोन से लेकर इंटरनेट ऑफ थिंग्स तक, हर एक नवाचार ने हमारे जीवन को सरल और सुगम बनाने की कोशिश की है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि एक छोटी-सी डिवाइस जो स्मार्टफोन को भी पीछे छोड़ सकती है? ऐसी ही एक नयी तकनीकी उपलब्धि है Aipin। यह छोटी सी डिवाइस जिसने स्मार्टफोन को भी चौंका दिया है। Aipin एक स्मार्ट डिवाइस है जो आपको हर वो सुविधा देने के लिए तैयार है, जो आपके दिनचर्या को और भी सरल बना सकता है। Aipin के डिजाइन में ऐसी खासियतें हैं जो इसे अन्य स्मार्ट उपकरणों से अलग बनाती हैं। यह छोटा, हल्का, और आकर्षक है, इसे आप अपनी जेब में भी रख सकते हैं। इसके इंटरफेस में आसानी से नेविगेट करना भी सीखने में आसान है। इसके फंक्शनलिटी में भी कुछ खास बातें हैं। यह आपके स्मार्टफोन की सभी जरूरी सुविधाओं को नियंत्रित कर सकता है। आप इसे फोन के साथ जोड़कर उसे विभिन्न कामों के लिए उपयोग कर सकते हैं, जैसे कि कैमरा कंट्रोल, कॉल करना, म्यूजिक प्ले करना, या इंटरनेट सर्फ करना। इसका डिजाइन और उपयोग सरल होने के साथ-साथ मोबाइल प्रॉब्लम्स से छुटकारा भी दिला सकता है। यह आपको निरंतर स्क्रीन पर चिपके रहने से बचा सकता है, जिससे आपकी आंखें आराम पा सकती हैं। इसके अलावा, Aipin की बैटरी भी लंबे समय तक चल सकती है, जिससे इसका इस्तेमाल लंबे समय तक किया जा सकता है बिना किसी चिंता के। इसकी सशक्त तकनीक और आसान उपयोगिता ने इसे बना दिया है एक विशेष उपकरण। **- अनिमेष शर्मा**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## कुरेडग में आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा बोलीं

# सरकारी योजनाओं से लाभ उठाएं ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** प्रखंड के कुरडेग पंचायत के माईकल किण्डो स्टेडियम में मंगलवार को आपकी योजना - आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभ आरंभ जिप उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा, प्रमुख सरस्वती देवी, बीडीओ ठाकुर गौरी शंकर शर्मा, सीओ किरण डांग, प्रखण्ड बीस सुत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की जो योजनाएं चल रही है। आप इस शिविर में उसका लाभ उठायें स्वास्थ विभाग द्वारा लगाये गये

स्टॉल में आयुष्मान कार्ड बनवायें इससे आप गंभीर बिमारी में पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त करा सकते हैं। आवास विहिन या जिनका छोटा कच्चा मकान है वो अबुआ आवास का लाभ ले सकतें हैं। उन्होने विभाग द्वारा लगाये स्टॉल के कर्मी एवं अधिकारियों से आग्रह करते हुए कहा कि जो भी आवेदन प्राप्त हो रहें हैं उनपर अवश्य ही कार्रवाई करें पिछले बार की तरह आवेदनों को कचड़े में नहीं फेंके जनता इस शिविर में एक बडी उम्मीद लेकर आइ है। वहीं बीडीओ ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ

आवास योजना की जानकारी से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि शिविर में अलग से काउंटर बनाए गये हैं ।इस योजना का लाभ आवास विहिन परिवार जिनके पास पक्का मकान नही हैं ,को दिया जाएगा इसके अलावे बच्चियों के सशक्तीकरण और उनको पढ़ाई से जोड़े रखने के लिए सरकार ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की है। वहीं उन्होने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना की विस्तृत रूप से जानकारी दी। शिविर में कुल 3455 आवेदन जमा हुए वहीं मौके पर 815 धोती साडी ,150 कम्बल, 82 साइकल के लिए डेमो चेक , 106 पौधा का वितरण किया गया फुलो झानो योजना के तहत 5 लाभुको को 125000 रुपये का चेक एवं चक्रिय निधि के तहत 4 समुह को 120000 रुपये का चेक दिया गया। कार्यक्रम में स्वराजंलि ग्रुप द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई ,वहीं कुरडेग थाना के एस आइ नरेश मराण्डी एवं एएसआई दुर्योधन उरांव ने साइवर क्राइम , सड़क सुरक्षा , मानव तस्करी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बचाव के उपाय बताये ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुर्व विद्यायक बसंत लोंगा, लीला देवी, नुसरत खातून , मुखिया उर्मिला कुजूर, देवनीस खलखो, डॉ. प्रशान्त कुमार बारीक उपस्थित रहे।

## ख्वाजा गरीब नवाज से मुल्क की सलामती की मांगी दुआ

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड के योगियाटिल्हा पंचायत के मुखिया इरफान अंसारी अपने साथियों के साथ अजमेर के सूफी संत हजरत ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पहुंचे और मुल्क सहित पूरी दुनिया की सलामती के लिए दुआएं मांगी. इस दौरान उन्होंने अजमेर के सूफी संत हजरत ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में जियारत करने के बाद उनके बड़े पुत्र हजरत ख्वाजा फखरुद्दीन चिश्ती सरवार शरीफ की दरगाह की जियारत किया. वहां से अजमेर स्थित तारागढ़ हजरत मीरा शाह की दरगाह में जियारत किया. उन्होंने बताया कि मुल्क हिंदुस्तान वालियों का देश है. उसी में हिंदुस्तान के सबसे बड़े अल्लाह के वाली सुल्तान उल हिंद अताए रसूल हजरत ख्वाजा गरीब नवाज हैं. उन्होंने बताया कि अजमेर वही जाते हैं जिन्हें ख्वाजा गरीब नवाज बुलाते हैं. उनके साथ सगीर अहमद, एजाज अंसारी, तस्मीर खान, शमशेर टेलीकॉम, मो सरफराज, मो मेराज, सिकंदर अंसारी आदि मौजूद थे.

## एक नजर

### कोडरमा : आभूषण लेकर बाबा फरार अंधविश्वास में ठगी

**कोडरमा।** शहर में एक बार फिर महिला को झांसा देकर आभूषण पर हाथ साफ करने का मामला सामने आया है. इस संबंध में पीड़िता झुमरी तिलैया डॉक्टर गली निवासी कृष्णा केसरी की पत्नी तजनी देवी ने तिलैया थाना में आवेदन दिया है. उन्होंने पुलिस को बताया कि सोमवार दोपहर करीब 11 बजे वह स्टेशन परिसर स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए गई थी. वहां एक कथित बाबा द्वारा उसे बताया गया कि उसके पैर में दर्द रहता है और परिवार में भी विभिन्न प्रकार की समस्याएं हैं. इसे लेकर बाबा ने उसे पूजा की थाल में सारे आभूषणों को रखकर 51 कदम चलकर वापस आने के लिए कहा. बाबा के झांसे में आकर महिला 51 कदम चलकर वापस लौट कर जब आई, तो उक्त बाबा उसके आभूषणों के साथ फरार हो चुका था. थाना में दिए आवेदन में महिला ने कहा है कि कथित बाबा द्वारा उसकी सोने की अंगूठी, कान की बाली एवं चेन लेकर फरार हो गया. पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है.

### विशेष ग्राम सभा का आयोजन, भारी संख्या में जुटे ग्रामीण

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम कटिया मे मुखिया रेखा देवी की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया. मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण जुटे. वहीं ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए शपथ दिलाई गई. इसके बाद लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई. सबकी योजना सबका विकास अभियान अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए योजना का निर्माण किया जाना है. इसे लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई. विशेष ग्राम सभा से एलएसडीजे अंतर्गत कुल 9 थीम में से अधिकतम एक थीम को संकल्प के रूप में पारित किया जाना है. मौके पर ग्रामीणों के बीच रोजगार सेवक द्वारा नव बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई. उपस्थित ग्रामीणों ने स्वच्छ एवं हरित गांव बनाने को लेकर संकल्प लिया. वहीं 15वें वित्त एवं अबुआ आवास हेतु लोगों का प्रस्ताव भी आया।

### तंबाकू निषेध पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## झारखंड के 50 फीसदी व्यस्क तंबाकू की चपेट में : दीपेश कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सेक्रेड हार्ट स्कूल में तंबाकू निषेध पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में वर्ग दशम से 12वीं तक के डेढ़ सौ बच्चों ने हिस्सा लिया. मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार और मुख्य वक्ता के रूप में जिला समन्वयक राष्ट्रीय तंबाकू निषेध विभाग कोडरमा के दीपेश कुमार मौजूद थे. विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा और निवर्तमान प्राचार्य नवीन कुमार ने बुके देकर उन दोनों का स्वागत किया. इससे पहले स्कूल के एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने विषय प्रवेश और अतिथियों का परिचय कराया. मुख्य वक्ता दीपेश कुमार ने तंबाकू के प्रति बच्चों को जागरूक किया और कहा कि अगर किसी के अभिभावक तंबाकू का सेवन करते हैं तो उन्हें मना करें. आसपास के लोग भी यदि इसका सेवन करते हैं तो उन्हें भी जागरूक करें. उन्होंने कहा कि विश्व भर में प्रतिवर्ष 54 लाख से अधिक लोग तंबाकू की चपेट में आकर असमय मृत्यु को प्राप्त कर जाते हैं, जबकि भारत में यह रेशियो 10 लाख से अधिक का है. तंबाकू को एजेंट ऑफ डिजीज कहा जाता है. दीपेश कुमार ने बताया कि माउथ कैंसर के लिए 90 फीसदी तक तंबाकू जिम्मेदार होता है, जबकि झारखंड के 50 फीसदी वयस्क तंबाकू के शिकार हैं. उन्होंने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि 5500 लोग प्रतिदिन तंबाकू के नए ग्राहक बनते हैं।

### बाल संरक्षण व बाल पालन-पोषण पर कार्यशाला आयोजित

**पाकरटांड।** पाकरटांड़ प्रखण्ड सभागार में मंगलवार को बाल संरक्षण एवं बाल पालन पोषण देखरेख विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इस विषय पर प्रखण्ड के सभी आंगनबाड़ी सेविका एवं सहियाओं के बिच एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मिराकल फाउंडेशन से आशलेश श्रीवास्तव ने बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराध की पहचान करना,रोकथाम करना तथा उनकी रिपोर्ट आदि विषय पर जानकारी दी गई। एवं एसलपीओ अलोक बर्मण ने भी बच्चों पर होने वाली अपराध एवं सजा के प्रावधानों के विषय में चर्चा किये। साथ ही स्पॉन्सरशिप योजना एवं पालन पोषण देखरेख योजना के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया की इस योजना के लिए कौन बच्चे पात्र होंगे तथा कौन अभिभावक इस योजना के लिए पात्र होंगे।इस अवसर पर प्रखण्ड के मुखिया, पंचायत समिति,बीपीओ एवं जिला बाल संरक्षण इकाई से अमित मिंज, अलोक बर्मण, रुद्रनारायण दास, सखी बड़ाईक एवं मनोज कुल्लू उपस्थित थे।

## भोक्ता समाज ने 19वां स्थापना दिवस मनाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को रणबहादुर सिंह चौक कोलेबिरा का 19वां स्थापना दिवस भोक्ता समाज के अध्यक्ष घूंसी सिंह के अगुवाई में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का संपन्न किया गया । कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने परगणाधीश ओहदार रणबहादुर सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।सर्वप्रथम सभी लोग वीर शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर स्मारक स्थल में एकत्रित होकर समाज अध्यक्ष घूंशी सिह की अगुवाई में जुलूस के रूप मे जाकर सभी ने श्रद्धासुमन अर्पित कर प्रार्थना किए कि क्षेत्र में आपसी सौहार्द बना रहे ,साथ ही धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का भी माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में भवंर पहाड़,नवाटोली टूटीकेल, जामटोली संरंगापान कोंडेकरा, कोनमेरला आदि गांवों से लोग उपस्थित थे। मौके पर रामनारायण सिंह, रुपधर सिंह, गौरी पर सिंह सुरेश सिंह अर्जुन सिंह राजेन्द्र सिंह फिरलाय सिंह चतुर्गण सिंह धनेश्वर सिंह, मोहन सिंह, बविन्दर सिंह, बोटे सिह, सीताराम सिंह, किशुन सिंह, शंकर प्रधान, वसंत सिंह लखन सिंह सुचिता देवी, उषा देवी आदि लोगों की उपस्थिति रही।

### कोडरमा : बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**कोडरमा।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित कानीकेंद के समीप बिना चालान के बोल्डर लदा एक हाइवा जब्त किया गया. थाना प्रभारी सोनी प्रताप के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान बरियारडीह की ओर से आ रहे हाइवा को पुलिस ने रुकवाया और परिवहन चालान की मांग की. लेकिन, चालक द्वारा कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका. दूसरी ओर नवलशाही पुलिस ने नीमाडीह नदी से अवैध रूप से बालू उत्खनन कर ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को भी जब्त किया है. तीनों जब्त वाहनों को नवलशाही थाना परिसर में रखा गया है. वहीं मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### सिमडेगा में कांग्रेस कमेटी की बैठक

**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यालय में संगठन सत्यापन हेतु मुख्य अतिथि बंधु तिर्की ,एवम विशिष्ट अतिथि रोशन बरवा के मौजूदगी में बैठक हुई ।बारी बारी से सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष एवम जिला कमेटी से एक-एक कर बात की एवम सभी प्रकोष्ठों को जल्द से जल्द पूरी कमेटी के गठन करने का निर्देश दिया। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने सभी बूथ लेबल एजेंट्स की गठन को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए निर्देशित किया है मौके पर बैठक में प्रदेश महासचिव पुष्पा कुल्लू, प्रदेश सचिव नॉमिता बा, अनूप केशरी, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, कौशल किशोर रोहिल्ला,समरोम पॉल टोपनो,,जॉनसन मिंज, शिशिर मिंज रणधीर रंजन, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष विशाल तिर्की, शशि गुड़िया, शायमलाल शर्मा, रावेल लकड़ा,नवीन वीरेंद्र तिर्की, जेफरण केरकेट्टा , बर्थलोमी तिर्की,सुलभ नेल्सन डांग ,असफाक आलम, अजित कंडुलना, बिपिन पंकज मिंज, प्रवक्ता रनधीर रंजन तिलका रमण ,दिलीप तिर्की, युवा अध्यक्ष आकाश सिंह, अरमान खान,बिजय ,करण कुमार,सोनू नायक, जमीर खान,सिल्विस्टर बघवार, विजय किंडो,राजू तुरी,सरताज खान,सलीम डुंगडुंग,अनीश खलखो,बिनय टोपनो,पीटर खाखा, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राज्य सरकार परीक्षा रद्द कर तोड़ रही युवाओं का मनोबल : अजय

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को हेमंत सरकार द्वारा रद्द किए गए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा को लेकर भारी विरोध प्रदर्शन करते हुए महावीर चौक सिमडेगा के पास मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया।इस दौरान भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सरकार युवाओं के मनोबल को ध्वंस करने का कार्य कर रही है। बार-बार परीक्षा की तिथि निकालना एवं पूर्व की भांति निरंतर रद्द करते रहना। सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े होते हैं। यह सरकार जब युवाओं को नौकरी और रोजगार नहीं दे सकती है तो उसे झूठी दिलासा दिलाने का कोई अधिकार नहीं है। सरकार के इस अनैतिक व्यवस्थाओं का युवा मोर्चा पुरजोर विरोध करती है।कार्यक्रम के दौरान भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर ने कहा की शिक्षार्थियों के धैर्य और सामर्थ्य की परीक्षा बार-बार प्रदेश की ठगबंधन सरकार न लें। सरकार की इस कायरता पूर्ण हरकतों के लिए प्रदेश की युवा इस सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में बाहर का रास्ता दिखाने वाली है। झारखंड राज्य का चौमुखी विकास सिर्फ मोदी की गारंटी ही कर सकता है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसटी मोर्चा जिला महामंत्री राकेश रविकांत प्रधान, नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, जिला महामंत्री दीपक पुरी, श्रद्धानंद बेसरा, सुजान मुंडा, दीप नारायण दास आदि उपस्थित रहे।

## अयोध्या से आए अक्षत कलश का हुआ पूजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से पूजीत अक्षत आमंत्रण कलश मां वनदुर्गा धाम में ले जाया गया। जहाँ अक्षत कलश का पूजन कर माँ वनदुर्गा की महाआरती की गई और श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा के मंगल कार्य सिद्धि हेतु माँ की उपस्थिति के लिए याचना कर क्षेत्र के जनता के सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना करते हुए आशीर्वाद माँगा गया वही माँ वनदुर्गा के समक्ष अनुग्रह पत्र पढ़ा गया।अक्षत आमंत्रण वितरण के पूर्व जहाँ पूजीत अक्षत कलश का भ्रमण जिले के समस्त धार्मिक स्थलों में करना है और प्राण प्रतिष्ठा के कार्य सिद्धि हेतु समस्त देवी देवताओं से आशीर्वाद की कामना करनी है।इस क्रम छुरियाधाम और केतूंगा धाम में भी अक्षत आमंत्रण कलश का पूजन कर महा आरती की गई और भगवान से आशीर्वाद ली गई। माँ वनदुर्गा धाम में और छुरिया धाम एवं केतूंगा धाम बाजे गाजे और भक्तिमय माहौल में विश्व हिन्दू परिषद् की जिला टीम अक्षत कलश लेकर पहुंची थी।जहाँ मौके पर सैकड़ों लोग उपस्थित होकर इस पल के साक्षी बने और पूजन के पश्चात प्रसाद ग्रहण किया। माँ वन दुर्गा धाम में बोलबा और केरसई प्रखंड के संयोजक मण्डल को पूजीत अक्षत कलश दिया गया, छुरिया धाम में ठेठईटांगर प्रखंड के संयोजक मण्डल को, केतूंगा धाम में बानो प्रखंड के संयोजक मण्डल को और कोलेबिरा प्रखंड संयोजक मण्डल को श्रीमहावीर मंदिर में दिया गया ग्रामीण, सभी जगह स्थानीय लोगों की भारी उपस्थिति रही।

### झारखंड गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ की बैठक

**सिमडेगा।** गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ झारखंड प्रदेश कमिटी की मंगलवार को बैठक हुई ।बैठक में जवानों की समस्यायों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार तिरिया मौज रहे।बैठक में राज्य के सभी जवानों की 365 दिन नियमित रूप से ड्यूटी नही मिलना,राज्य के सभी जिलों में इसकी समस्या है। जवानों के समतुल्य ड्युटी पोस्ट काफी कम होने तथा जिला कार्यालय की रोस्टर और स्थाई आदेश 2012 का पालन नही करना अनियमितता पूर्वक ड्यूटी वितरण से भी समस्या और उत्पन हो रही हैं।इसके बावजूद नया बहाली करना विभाग की क्या मंसूबा है। इसका पुरजोर विरोध करगा है ।संघ सरकार को अवगत कराएगी एवं समान काम समान वेतन को लेकर एलपीए और एसएलपीए का प्राप्त न्यायादेश का पालन हेतु मांग रखेगी।

### एसपी की अध्यक्षता में मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन, क्रिसमस के लिए दिए दिशा-निर्देश

**सिमडेगा।** एसपी सौरभ की अध्यक्षता में मंगलवार को मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन एसपी कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मी एवं पुलिस पदाधिकारी को आगामी पर्व त्यौहार को लेकर दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सर्वप्रथम क्रिसमस गैदरिंग को लेकर होने वाली भीड़भाड़ आदि चीजों को लेकर सभी थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्रिसमस को लेकर सभी थाना प्रभारी को कहां पर कितनी सुरक्षा व्यवस्था चाहिए इसको लेकर जानकारी मांगी गई है। साथ ही दिसंबर के महीना में मानव तस्करी सिमडेगा से अधिकांश होने की संभावना रहती है । इसीलिए सिमडेगा पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत मोर पुलिस मोय पुलिस कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है।वही इस मौके पर विधि व्यवस्था अपराध नियंत्रण ,अनुसंधान नियंत्रण सहित कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए।इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेविड ए ढोढ़राय,पुलिस उपाधीक्षक पतरस बरवा,सभी थाना क्षेत्र के पुलिस अंचल निरीक्षक, सभी थाना प्रभारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा शिविर

**कोडरमा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले में कई जगहों पर शिविर लगे. डोमचांच प्रखंड के फुलवरिया, चंदवारा प्रखंड के काटी और जयनगर प्रखंड के पिपचो पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया. उपायुक्त मेधा भारद्वाज, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह और उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने चंदवारा प्रखंड के बेंदी पंचायत में आयोजित शिविर का फीता काट कर उद्घाटन किया. मौके पर उपायुक्त ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि सुदूरवर्ती क्षेत्र में लगे शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं. जिला प्रशासन चाहता है कि आपकी समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया जाय. इससे आपको ब्लॉक अथवा जिला जाने की आवश्यकता ना पड़े. हम लोगों ने यहां पर एक हेल्थ कैंप भी लगाया है. आप सभी लोग खासकर बुजुर्ग अपनी स्वास्थ्य जांच करवा सकते हैं.

**उत्साह**

### कबड्डी प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# ग्रिजली और आदर्श प्लस टू का रहा दबदबा

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला कबड्डी संघ द्वारा आयोजित 9वां अंतर स्कूल कबड्डी प्रतियोगिता सीएच स्कूल मैदान में संपन्न हो गया. प्रतियोगिता में पूरे जिले से कुल 19 विद्यालयों की कुल 40 टीमों ने भाग लिया, इसमें अंडर 14 के बालक एवं बालिका टीम और अंडर 17 के बालक एवं बालिका टीम शामिल हैं. प्रतियोगिता की शुरूआत विधायक नीरा यादव ने तिरंगे गुब्बारे छोड़ कर किया. प्रतियोगिता में अंडर-17 बालिका वर्ग में विजेता सी एच+2 उच्च विद्यालय, उप विजेता कैलाश राय, वहीं बेस्ट रेडर बिंदु कुमारी कैलाश राय जबकि बेस्ट डिफेंडर दिव्या सहानी सी एच+2 रहीं. अंडर 17 बालक वर्ग में

विजेता ग्रिजली विद्यालय, उप विजेता मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम रही, वहीं बेस्ट रेडर सुधांशु कुमार मॉडर्न पब्लिक स्कूल, बेस्ट डिफेंडर राज कुमार ग्रिजली विद्यालय को दिया गया. अंडर 14 बालक टीम मे विजेता आदर्श +2 उच्च विद्यालय, उप विजेता बीआर इंटरनेशनल स्कूल, बेस्ट रेडर निक्कू कुमार को दिया गया. वहीं अंडर 14 बालिका वर्ग में विजेता कैलाश राय, उप विजेता टीम दिगंबर जैन स्कूल बनी. समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता मौजूद रहीं, उन्होंने स्काई लैंप जला कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया. मौके पर उन्होंने कहा कि कोडरमा जिले के खिलाड़ी आसमान की ऊंचाइयों को छुएं और खूब तरक्की करें. मुख्य अतिथि ने विजेता टीमों को पुरस्कार दिये. वहीं मौके पर कोडरमा जिला कबड्डी संघ के संरक्षक एवं सैक्रेड हार्ट स्कूल के प्रबंधक प्रमोद कुमार, सुनील जैन, बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग से रिटायर्ड बैंक मैनेजर संतोष सिन्हा, रिटायर्ड चीफ मैनेजर बैंक ऑफ इंडिया सुशील कुमार सिन्हा, कोडरमा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष तौफीक हुसैन, सह सचिव विजय कुमार साहू, टूनार्मेंट कमिटी चेयरमैन एवं कोडरमा जिला कबड्डी संघ के कोषाध्यक्ष विशाल सिंह, समाजसेवी सूर्यदेव मोदी अध्यक्ष मोदी, अरुण पासवान मौजूद थे.

## एक नजर

### रांची में होने वाली हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी जोरों पर

**रांची।** राजधानी रांची में आयोजित एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 की तैयारी जोरों पर है. इस प्रतियोगिता में मेजबान भारत के साथ 8 देशों की टीम हिस्सा लेगी. इनमें भारत, इटली, चीली,जापान,चेक रिपब्लिक, जर्मनी, न्यूजीलैंड और यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका की टीम शामिल हैं. 13 से 19 जनवरी 2024 तक ओलंपिक क्वालीफायर के लिए यहां मैच होंगे. इस प्रतियोगिता से कुल तीन देशों की टीम जुलाई 2024 में होने वाली पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी. सभी मुकाबले मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में खेले जाएंगे. हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने बताया की इस प्रतियोगिता की स्पांसर झारखंड सरकार है. झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की सफल मेजबानी के बाद रांची में दूसरा अन्तरराष्ट्रीय हॉकी मुकाबला होने जा रहा है. पहले आयोजन में जो कमी रही उसे ठीक किया जाएगा. इस बार भी खेलप्रमियों के लिए प्रवेश निःशुल्क दिया जाएगा.

### वार्नर को मिला ट्रेविस हेड का समर्थन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रेविस हेड का मानना है कि मिचेल जॉनसन का डेविड वार्नर पर निशाना साधने वाला आक्रामक कॉलम बांए हाथ के सलामी बल्लेबाज को पाकिस्तान के खिलाफ अपनी विदाई टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए और उत्साहित करेगा, क्योंकि ऐसी चीजें वॉर्नर का मनोबल बढ़ाती है। वॉर्नर पिछले 16 टेस्टों में सिर्फ दो बार ही 50 से ज्यादा रन बना पाए थे। इसके अलावा उन्होंने 2018 बॉल टेंपरिंग का मुद्दा भी उठाया। डेविड वॉर्नर ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वो अपना आखिरी टेस्ट सीरीज खेलने जा रहे हैं। उनका कहना है कि आखिर वॉर्नर को हीरो जैसी विदाई क्यों मिल रही है। वार्नर ने 109 मैचों में 8,487 टेस्ट रन बनाए हैं और उन्हें मैट हेडन और माइकल क्लार्क को पछाड़कर सर्वकालिक ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट रन-स्कोरिंग सूची में पांचवें स्थान पर पहुंचने के लिए 157 रन की जरूरत है।

### बांगड़ के जुड़ने से पंजाब किंग्स को मिलेगी मदद : नेस वाडिया

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 की ट्रेडिंग के बीच पंजाब किंग्स ने संजय बांगर को अपने क्रिकेट डेवलपमेंट हेड के रूप में वापस लाकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। पंजाब किंग्स के सह-मालिक नेस वाडिया ने अब इस बात पर जोर दिया है कि भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच सभी मालिकों की सर्वसम्मत पसंद थे। इससे पहले, कोचिंग विशेषज्ञता में समृद्ध भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ का अपने पिछले कार्यकाल के दौरान टीम के प्रमोटरों के साथ विवादास्पद संबंध था। बांगड़ का मालिकों में से एक प्रीति जिंटा के साथ विवाद हो गया था और उनकी असहमति सार्वजनिक हो गई। हालांकि, वाडिया ने कहा कि फ्रेंचाइजी के सभी प्रमोटर बांगड़ को वापस बुलाने के पक्ष में हैं। वाडिया ने कहा, हमें उन्हें फिर से अपने साथ जोड़ने का अवसर मिला।

# महिला विश्व कप की खिलाड़ी ऑनलाइन अभद्रता की शिकार

## हर पांच में से एक खिलाड़ी को धमकी भरे, पक्षपातपूर्ण और अभद्र संदेश मिले

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फुटबॉल में पुरूष विश्व कप की तुलना में आनलाइन अभद्रता के 29 प्रतिशत अधिक मामले सामने आये। यहां सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। महिला विश्व कप फुटबॉल में पुरूष विश्व कप की तुलना में आनलाइन अभद्रता के 29 प्रतिशत अधिक मामले सामने आये। यहां सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। फीफा और वैश्विक खिलाड़ियों के संघ फिफप्रो के अनुसार, महिला विश्व कप में हर पांच में से एक खिलाड़ी को धमकी भरे, पक्षपातपूर्ण और अभद्र संदेश भेजे गए। उन्होंने फीफा की सोशल मीडिया प्रोटेक्शन सर्विस (एसएमपीएस) के आंकड़े जारी किये। एसएमपीएस का काम खिलाड़ियों, टीमों और अधिकारियों का आनलाइन अभद्रता और नफरत फैलाने वाली सामग्री से बचाव करना है। एसएमपीएस ने कहा कि करीब 50 प्रतिशत अभद्र मैसेज समलैंगिकता के संबंध में घृणा और लैंगिक पक्षपात से भरे थे।

# आईपीएल में होंगे 333 खिलाड़ी हर्षल, शार्दुल ठाकुर सबसे महंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली नीलामी में 77 स्थान के लिए कुल 333 खिलाड़ी शामिल होंगे। जिनमें भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव, हर्षल पटेल और शार्दुल ठाकुर भी शामिल हैं जिन्हें दो करोड रुपए के सर्वाधिक आधार मूल्य वर्ग में रखा गया है। हर्षल को दो साल पहले आईपीएल नीलामी में 10.75 करोड रुपए की मोटी धनराशि में खरीदा गया था। आईपीएल संचालन परिषद ने फ्रेंचाइजी को 1166 खिलाड़ियों की सूची सौंपी थी। फ्रेंचाइजी की सलाह के बाद इन खिलाड़ियों की संख्या 333 कर दी गई। इनमें 214 भारतीय और 119 विदेशी खिलाड़ी हैं। दो खिलाड़ी एसोसिएट देशों के भी हैं। इस नीलामी में सभी 10 फ्रेंचाइजी कुल 262.95 करोड़ रुपए खर्च कर सकती हैं। जो 77 स्थान उपलब्ध है उनमें से 30 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की फिर से अधिक मांग होगी क्योंकि विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस, विश्व कप फाइनल के नायक ट्रेविस हेड, विकेटकीपर जोस इंग्लिश और स्टार तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क दो करोड रुपए के आधार मूल्य वर्ग में शामिल हैं।

## आईपीएल 2024 में खेलते नजर आ सकते हैं ऋषभ पंत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के फैंस के लिए बड़ी खबर है। दरअसल, पंत आईपीएल 2024 में बतौर इम्पैक्ट प्लेयर उतर सकते हैं। रेवस्पोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार आगामी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स ऋषभ पंत के स्वागत की तैयारी कर रहा है। उनकी रिकवरी को देखते हुए फ्रेंचाइजी इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल करने के बारे में सोच रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के सूत्रों के मुताबिक, वह पंत के कमबैक की उम्मीद कर रहे हैं। उनके जैसे लीडर का ड्रेसिंग रूप में फिर से होने की उम्मीद कर रहे हैं। सूत्रों ने पुष्टि की है कि ह पंत को लेकर जल्दबाजी नहीं करना चाहते हैं। पंत की रिकवरी को लेकर फ्रेंचाइजी अभी फूंक-फूंक कर पैर रखना चाहती है और उन्हें ज्यादातर मैचों में बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस्तेमाल करने के बारे में विचार कर रहे हैं। फिलहाल, ऋषभ पंत विकेटकीपिंग करने के लिए तैयार नहीं है और ये उनकी रिकवरी पर निर्भर करेगा कि वह विकेटकीपिंग कर पाते हैं या नहीं। लेकिन इस खबर से जो एक बड़ा अपडेट निकल कर आ रहा है वह ये है कि पंत को दिल्ली कैपिटल्स बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस्तेमाल करने पर जोर देगी।

### भारत ने नेपाल को 10 विकेट से रौंदा, राज लिंबानी ने झटके 7 विकेट

**नई दिल्ली ।** अंडर19 एशिया कप के अपने दूसरे मैच में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना नेपाल से हुआ। जहां भारत ने नेपाल को 10 विकेट से मात दे दी है। बता दें कि, इस मुकाबले में भारत ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। जिसके बाद भारत के गेंदबाजों के सामने नेपाल के बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए। जिसके बाद मात्र 52 रन पर पूरी टीम ऑल-आउट हो गई। वहीं भारतीय टीम की तरफ से 7.1 ओवर में ही बिना किसी नुकसान के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया गया।

# जूनियर पुरुष वर्ल्ड कप हॉकी के आमंत्रण पर भोलानाथ सिंह क्वालालमपुर रवाना

**जूनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम निदरलैंड को 4-3 से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंची**

**एजेंसी। रांची**

एफआईएस जूनियर पुरुष वर्ल्ड कप हॉकी 2023 का आयोजन मलेशिया के क्वालालमपुर में हुआ है। 8 दिसंबर से 16 दिसंबर तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में जूनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आज निदरलैंड को 4-3 से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंच गई। इस प्रतियोगिता में विश्व हॉकी महासंघ के आमंत्रण पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह क्वालालमपुर के लिए रांची से रवाना हुए। हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों ने उन्हे शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमलोग का पूर्ण विश्वास है कि सेमीफाइनल मैच में वहा आपकी उपस्थिति से भारतीय टीम मनोबल बढ़ेगा। क्योंकि विगत कुछ वर्षों से देश के बाहर हो रहे सभी बड़े प्रतियोगिताओं ओलंपिक गेम्स, राष्ट्र मंडल खेल, एशियन गेम्स या एशिया कप में भारतीय टीम अच्छा प्रदर्शन करती रही है।

### फ्रेंचाइजी क्रिकेट नहीं राष्ट्रीय कर्तव्य को प्राथमिकता देते हैं शाकिब

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के अनुभवी खिलाड़ी शाकिब अल हसन तीनों प्रारूपों में अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को लंबा करने के लिए फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अवसरों को छोड़ने के लिए तैयार हैं। वो आगामी टी20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर टी20 टीम में वापसी करने की योजना बना रहे हैं। शाकिब इस समय आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान पिछले महीने लगी उंगली की चोट से जूझ रहे हैं। वो अपना इरादा बना चुके हैं कि वो फ्रेंचाइजी क्रिकेट नहीं राष्ट्रीय कर्तव्य को प्राथमिकता देंगे और उनकी रणनीति खेल के तीनों प्रारूपों में अपने देश के लिए खेलना है।

# पहले नेत्रहीन महिला टी-20 मैच में भारत ने नेपाल को 8 रन से हराया

**एजेंसी। मुंबई**

बिनीता पुन की 92 रनों की साहसिक पारी बेकार चली गई, क्योंकि भारत ने यहां पुलिस जिमखाना क्रिकेट ग्राउंड में पहली बार नेत्रहीन महिला द्विपक्षीय टी20 सीरीज में नेपाल को 8 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 194/4 रन बनाए और फिर नेपाल को 186/4 पर रोक दिया क्योंकि मेहमान लक्ष्य का पीछा करने में विफल रहे। सोमवार की जीत के साथ, भारत ने नेत्रहीन महिलाओं की द्विपक्षीय श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली है। 195 रनों का पीछा करते हुए, नेपाल ने भारतीय गेंदबाजों पर पूरी तरह से हमला बोल दिया, क्योंकि बिनीता पुन ने सनसनीखेज अर्धशतक लगाया और मेहमान टीम ने 11 ओवर में 100 रन बनाए। नेपाल ने 12वें ओवर में मनकेशी चौधरी का विकेट जरूर गंवाया, हालांकि बिनीता ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और 18वें ओवर में स्कोर 170 रन तक पहुंचा दिया।

## व्यापार

# 15 दिसंबर तक अपने अग्रिम कर की तीसरी किस्त का करें भुगतान : आयकर विभाग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एडवांस टैक्स (अग्रिम कर) की तीसरी किस्त का भुगतान करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर, 2023 है। आयकर विभाग ने करदाताओं को समय पर अपने अग्रिम कर की किस्त का भुगतान करने की सलाह दी है। आयकर विभाग ने मंगलवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में करदाताओं से अपील की है कि वे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 15 दिसंबर, 2023 तक अपने अग्रिम कर की तीसरी किस्त का भुगतान करना अवश्य याद रखें। यदि आप अग्रिम कर भरने से चूकते हैं, तो आपको पेनाल्टी चुकानी पड़ेगी। इतना ही नहीं, विलंब के लिए आपको ब्याज भी चुकाना पड़ेगा।

**किसे चुकाना होता है अग्रिम कर :** आयकर अधिनियम की धारा 208 के मुताबिक एडवांस टैक्स उन लोगों को चुकाना होता है, जिनकी टैक्स देनदारी 10 हजार रुपये से अधिक होती है। यह नौकरीपेशा लोग, फ्रीलांसर, व्यापारियों और अन्य किसी तरह से पैसे कमाने वाले लोगों पर लागू होता है। हालांकि, अगर आपकी उम्र 60 साल से अधिक है, जो किसी तरह के बिजनेस नहीं करते हैं, उन्हें एडवांस टैक्स से छूट मिली हुई है।

**क्या होता है अग्रिम कर :** अग्रिम कर एक तरह का इनकम टैक्स ही होता है, जो चालू वित्त वर्ष के खत्म होने से पहले ही आयकर विभाग के पास करदाताओं को जमा करना होता है। इसे सामान्य टैक्स की तरह सालाना आधार पर एकमुश्त नहीं चुकाया जाता है बल्कि किस्तों में जमा किया जाता है। इसके तहत टैक्सपेयर्स एडवांस में ही टैक्स आयकर विभाग के पास जमा करते हैं।

### बाजार को अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार

**नई दिल्ली।** बाजार मंगलवार रात को अमेरिका से आने वाले मुद्रास्फीति डेटा और बुधवार को फेडरल रिजर्व के बयान पर नजर रखेगा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 32 अंक गिरकर 69,896 अंक पर कारोबार कर रहा है। एलएंडटी, मारुति 1 फीसदी नीचे हैं। उन्होंने कहा, बाजार में एक महत्वपूर्ण रुझान पीएसयू बैंकों और कुछ प्रमुख निजी बैंकों वाले सेक्टर में हो रहा संचय है। बाजार में तेजी का समर्थन करने वाले मूलभूत कारक कई हैं तीसरी तिमाही में जीडीपी विकास दर 7.6 प्रतिशत, सीपीआई मुद्रास्फीति में 4.87 प्रतिशत तक गिरावट, विनिर्माण पीएमआई 56 तक, ब्रेंट क्रूड 76 डॉलर तक नीचे और अमेरिकी 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड में 4.23 प्रतिशत तक सुधार इसके चलते एफपीआई खरीदारी कर रहे हैं।

# लिंच बने ब्लैकबेरी के नए सीईओ

**एजेंसी। टोरंटो**

ब्लैकबेरी ने जॉन जे जियामाटेओ को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी और निदेशक मंडल का सदस्य नियुक्त करने की घोषणा की है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। रिचर्ड (डिक) लिंच, जिन्होंने 4 नवंबर से अंतरिम सीईओ के रूप में कार्य किया, बोर्ड अध्यक्ष के रूप में बने रहेंगे। कंपनी ने यह भी घोषणा की कि वह आईओटी और साइबर सुरक्षा व्यवसायों को अलग कर देगी, और वे पूरी तरह से स्टैंडअलोन डिवीजनों के रूप में काम करेंगे। ब्लैकबेरी ने कहा कि वह अब आईओटी व्यवसाय की सहायक आईपीओ को आगे नहीं बढ़ाएगा। ब्लैकबेरी बोर्ड की मुआवजा, नामांकन और गवर्नेंस समिति के अध्यक्ष माइक डेनियल ने कहा, जियामाटेओ के गहन उद्योग अनुभव और प्रेरक टीमों के उत्कृष्ट ट्रैक रिकॉर्ड और परिचालन उत्कृष्टता प्रदान करने का मतलब है कि वह ब्लैकबेरी के इस महत्वपूर्ण परिवर्तन को चलाने के लिए मजबूती से तैनात हैं। जियामाटेओ ने अक्टूबर 2021 से ब्लैकबेरी की साइबर सुरक्षा व्यवसाय इकाई के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। उनके पास वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है। ब्लैकबेरी से पहले, वह मैक्एफी में अध्यक्ष और मुख्य राजस्व अधिकारी थे। जियामाटेओ ने कहा, मैं सीईओ के रूप में ब्लैकबेरी के विकास के अगले चरण का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं। ब्लैकबेरी के आईओटी और साइबर सुरक्षा व्यवसायों के पास बाजार-अग्रणी तकनीक, असाधारण टीमें और बड़े बाजार अवसर हैं। उन्होंने इंटरनेट और मोबाइल सुरक्षा के अग्रणी प्रदाता एवीजी टेक्नोलॉजीज में मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में भी काम किया और सोलेरा, रियलनेटवर्क्स और नॉर्टेल नेटवर्क्स के साथ नेतृत्व पदों पर रहे।

## घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती तेजी के बाद बढ़ा दबाव

# सेंसेक्स-निफ्टी का ओपनिंग में नया रिकॉर्ड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती तेजी के बाद दबाव का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत ऑल टाइम हाई ओपनिंग के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। सेंसेक्स ने पहली बार 70 हजार अंक के ऊपर और निफ्टी ने 21 हजार अंक के ऊपर से कारोबार की शुरूआत की। हालांकि शुरूआती कारोबार में ही मुनाफावसूली का दबाव बन जाने के कारण इन दोनों सूचकांक की चाल में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ नजर आ रहा है। पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ और निफ्टी 0.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, एचडीएफसी लाइफ, बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प और टीसीएस के शेयर 2.38 प्रतिशत से लेकर 1.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, बीपीसीएल, लार्सन एंड टुब्रो, आयशर मोटर्स, भारती एयरटेल और कोल इंडिया के शेयर 3.39 प्रतिशत से लेकर 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,033 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,350 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 683 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 12 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 92.15 अंक की उछाल के साथ 70,020.68 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में भी लगातार उतार चढ़ाव होता नजर आया। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 70,033.64 अंक तक पहुंचा, वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर ये लाल निशान में 69,889.24 अंक के स्तर तक लुढ़क भी गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 19.63 अंक की कमजोरी के साथ 69,908.90 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग का रिकॉर्ड बनाते हुए 21.45 अंक की बढ़त के साथ 21,018.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही इस सूचकांक की चाल भी खरीदारों और बिकवालों की खींचतान के कारण ऊपर नीचे होने लगी।

### स्पाइसजेट इक्विटी के जरिए जुटाएगी 2,250 करोड़, बोर्ड ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** आर्थिक संकट से जूझ रही एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट इक्विटी शेयर जारी करके 2,250 करोड़ रुपये की नई पूंजी जुटाएगी। स्पाइसजेट के निदेशक मंडल ने निजी नियोजन के आधार पर इक्विटी शेयर और वारंट जारी करने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया कि स्पाइसजेट बोर्ड ने इक्विटी शेयर और वारंट के जरिए रकम जुटाने को मंजूरी दे दी है। बोर्ड ने 32 करोड़ शेयर जारी करने की मंजूरी दी है। इस राशि से कंपनी को अपनी उपस्थिति और बाजार पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी। शेयर बाजार को दी गई इस जानकारी के बाद कंपनी के शेयरों में 8 फीसदी तक की गिरावट आई है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में एयरलाइन को 428 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। इससे पिछले साल की अवधि में उसका शुद्ध घाटा 835 करोड़ रुपये था।

# ओयो ने राकेश कुमार को नया सीएफओ बनाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी मेजर ओयो ने मंगलवार को राकेश कुमार को मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त करने की घोषणा की, जो 1 जनवरी से प्रभावी होगा। वर्तमान सीएफओ अभिषेक गुप्ता एडवाइजरी और मेंटरशिप कैपेसिटी में ओयो के साथ बने रहेंगे। वर्तमान में कंपनी के उप मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में कार्यरत, कुमार सभी बाजारों के लिए व्यवसाय वित्त और अन्य प्रमुख भूमिकाओं सहित प्रमुख वित्तीय कार्यों की देखरेख करते हैं। कुमार ने कहा, "ओयो के साथ मेरा सफर बड़े अवसरों के साथ-साथ दिलचस्प चुनौतियों से भी भरा रहा है। मैं इन जटिलताओं से निपटने के लिए मुझ पर रखे गए भरोसे की सराहना करता हूं।' कंपनी ने यह भी घोषणा की कि ग्लोबल चीफ बिजनेस ऑफिसर और सीईओ एसईएएमई अंकित टंडन एम एंड ए के साथ-साथ एफपी एंड ए (वित्तीय योजना और विश्लेषण) फंक्शन सहित इंवेस्टर्स रिलेशन्स के भी प्रमुख होंगे। ओयो में अपने पिछले छह सालों में, कुमार ने महामारी के दौरान कंपनी की वित्तीय स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपनी नई भूमिका में, वह फाइनेंशियल स्ट्रैटेजी और ऑपरेशनल एफिशिएंसी को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे। ओयो में शामिल होने से पहले, कुमार ने ईवाई के साथ काम किया, जहां उन्होंने स्टेट्यूटरी ऑडिट, टैक्स ऑडिट, आईएफआरएस कंप्लायंस और आईपीओ से संबंधित कार्यों सहित सर्विस की एक विस्तृत श्रृंखला में योगदान दिया। ओयो के संस्थापक और सीईओ रितेश अग्रवाल ने कहा, "उनका नेतृत्व ऐसे समय में आया है जब हम लाभप्रदता बढ़ाने और अपनी वित्तीय नींव को मजबूत करने के उपायों को लागू करना जारी रख रहे हैं।

### एनएसई-सूचीबद्ध 2000 कंपनियों में से केवल पांच प्रतिशत में महिला सीईओ

**रांची।** अनुदान देने वाले संगठन एडलगिव फाउंडेशन ने वित्त और अर्थशास्त्र में महिलाओं के नेतृत्व के रास्ते पर एक अध्ययन जारी किया। रिपोर्ट भारत में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिकाओं की धीमी प्रगति पर प्रकाश डालती है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध 2000 में से केवल 100 यानि 5 प्रतिशत कंपनियों में महिलाएं सीईओ हैं। रिपोर्ट के लोकार्पण कार्यक्रम में प्रसिद्ध पत्रकार फे डिसूजा और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद, भारत सरकार की शमिका रवि के बीच एक बातचीत भी शामिल थी। इस व्यापक अध्ययन में माध्यमिक स्तर पर किए गए विस्तृत शोध के साथ-साथ, विभिन्न उद्योगों में वरिष्ठ वित्त भूमिकाओं (जैसे, सीएफओ, ऑडिट प्रमुख) में 55 महिला पेशेवरों के साथ गहन साक्षात्कार भी शामिल है। मूल अनुभव से आत्मसात कार्यस्थल की चुनौतियों से संबंधित मूल्यवान जो उनके पेशेवर विकास को बढ़ावा देने के लिए व्यापक समर्थन और संसाधनों की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।

## एक नजर

### वाहन चेकिंग अभियान, 26 वाहनों का कटा चालान

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी में एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव और सदर थाना प्रभारी गौतम सिंह ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया. वाहन चेकिंग अभियान में दो पहिया और चार पहिया वाहनों का इंश्योरेंस, ड्राइवरी लाइसेंस, फिटनेस और हेलमेट चेकिंग किया गया. मौके पर 26 वाहन का ऑनलाइन चालान काटा गया. प्रशिक्षण डीएसपी राजेश यादव ने बताया कि आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस प्रशासन वाहन चेकिंग अभियान चला रही है. साथ ही सभी वाहनों के कागजातों की जांच की जा रही है।

### महूदंड के पूर्व मुखिया ने जरुरतमंदों के बीच कंबल बांटे

**पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड के महूदंड पंचायत के पूर्व मुखिया सह पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष विजय प्रसाद यादव ने जेपी चौक पर जरुरतमंदों के बीच कंबल बांटे. साथ ही उन्होंने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और विष्णु देव साय को बधाई दी. कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान मौके पर निर्मल यादव, बरूण कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह,मनोज गुप्ता, रविरंजन सिंह, योगेंद्र कुमार, सुरेश प्रसाद यादव, मनीष यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### डीसी-एसपी से लापता मां-बेटी की वापसी की गुहार

**बारियातु।** थाना क्षेत्र की डाढा पंचायत के पुक्कु ग्राम निवासी दीपक यादव की 25 वर्षीय बहन बिंदिया कुमारी अपनी एक वर्षीय बेटी के साथ 15 दिन पूर्व अपने ससुराल चतरा के टणडवा प्रखंड स्थित होन्हे गांव से लापता है। दीपक ने पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन व उपायुक्त हेमांशु मोहन से उनकी सकुशल वापसी को लेकर मदद की गुहार लगाई है। दीपक ने बताया कि बिंदिया की शादी छह वर्ष पूर्व टंडवा थाना क्षेत्र के होन्हे गांव निवासी मनोहर यादव के साथ हुई थी। कुछ ही दिनों के बाद बिंदिया के ससुराल वाले दहेज को लेकर उसके साथ मारपीट करने लगे। बीती 27 नवंबर की रात बिंदिया के ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की थी। बहन ने बताया था कि पति, देवर व गोतनी ने दहेज को लेकर काफी मारपीट की है और जान से मारने की धमकी देते हुए दूसरी शादी करने की बात कहते हैं। वहीं ससुराल वालों ने हम सूचना दी कि बिंदिया एक वर्षीय बच्ची के साथ लापता हो गई है।

### 392 आवेदनों का त्वरित निष्पादन

**कुंदा।** प्रखंड क्षेत्र के बौधाडीह पंचायत में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रमुख कमला देवी, उपप्रमुख सतेंद्र गुप्ता, बीडीओ बिपिन कुमार भारती, मुखिया अनिता देवी, पंचायत समिति प्रतिमा देवी, बीपीओ अजय कुमार सिंहा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 1600 सौ आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मौके पर 392 का निष्पादन किया गया। वहीं 1208 मामले फिलहाल लंबित है। सर्वाधिक अबुआ आवास को लेकर 1124 आवेदन प्राप्त हुए।

# योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ पहुंचा रही सरकार : मिथिलेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा प्रखंड के मधेया पंचायत में मंगलवार को आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर कर किया. मौके पर मंत्री ने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के बीच गोद भराई एवं बच्चां का अन्नप्राशन किया. साथ ही मंत्री ने लाभुकों के बीच परिसंपतियों एवं स्वीकृति पत्र भी बांटे. मधेया पंचायत मुखिया बसंत चौबे ने मंत्री को पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट किया. मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपकी समस्याओं को आपके घर पर आकर उसका समाधान करना है. साथ ही सरकारी योजनाओं के योग्य लाभुकों को लाभान्वित करना है. समाज के अंतिम पंक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही सरकार का उद्देश्य है. आपको जिला कार्यालय का चक्कर लगाना न पड़े इसलिए सरकार ने यह व्यवस्था की है. आपकी सरकार एवं जिला प्रशासन आपके समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए दृढसंकल्पित है. कार्यक्रम में प्राप्त होने वाले आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जा रहा है सरकार द्वारा ऐसी व्यवस्था की गई है कि आपके आवेदनों का निष्पादन ऑन द स्पॉट या एक सप्ताह के अंदर सुनिश्चित हो।

### आप अपने आवेदनों का स्टेटस देख पाएंगे : मंत्री

मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया की सूचना मैसेज के माध्यम से आपके मोबाइल पर उपलब्ध होगी. आप अपने आवेदनों का स्टेटस देख पाएंगे. पूर्व में वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन समेत अन्य पेंशन का लाभ लेने के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था. परंतु आज राज्य के अधिकांश वृद्ध महिला, पुरुष या विधवा महिलाओं को सर्वजन पेंशन के लाभ से जोड़ा गया है. सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अपना हक अपना अधिकार मिले यह राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य है उन्हांने कहा कि पूर्व में गढ़वा जिले में बिजली की काफी समस्या थी, परंतु वर्तमान समय में लगभग 22 घंटे बिजली इस जिला में उपलब्ध है. साथ ही आमजनों को 100 यूनिट तक फ्री बिजली राज्य सरकार उपलब्ध करा रही है. अगले एक माह के अंदर हर घर नल से जल की सुविधा दी जाएगी. जिसमें प्रति व्यक्ति 55 लीटर तक पेयजल उपलब्ध होगा. डीडीसी राजेश कुमार राय ने लोगां को विस्तारपूर्वक योजनाओं की जानकारी दिया. मौके पर मुख्य रूप से डीसी शेखर जमुआर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, गढ़वा एसडीओ बिजय कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय गढ़वा सीओ मयंक भूषण, बीडीओ, सीडीपीओ सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### मधेया में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

#### परिसंपत्तियों का किया वितरण

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मधेया पंचायत में छात्रा पूजा कुमारी, नीतू कुमारी, अंजली कुमारी, प्रियंका कुमारी एवं मोनिका भारती को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मौके पर ही राशि भुगतान की स्वीकृति पत्र प्रदान किया. जबकि सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत रामहरख बिंद, राधा देवी, कुसमी देवी, सुखदेव चौधरी, हकीम अंसारी आदि कुल 13 लाभुकों के बीच धोती, साड़ी एवं लुंगी का वितरण किया. जेएसएलपीएस के तहत सविता देवी एवं शिवांगी देवी सहित तीन सखी मंडल समूहों के बीच आठ लाख रूवये का डेमो चेक प्रदान किया. कृषि विभाग का बिरसा कूप संवर्धन का अजय पाल एवं सहदा बीबी को लाभ दिया गया. बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत गेहूं का बीज वितरण किया गया. कलावती कुंवर, बरती कुंवर, जासमती कुंवर एवं रंजू कुंवर सहित 10 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया।

## मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना में पलामू के 322 विद्यार्थी सफल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पलामू। मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना-2023 में पलामू जिले के 322 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है। इसमें 169 छात्राएं एवं 153 छात्र शामिल हैं। झारखंड सरकार की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना को लेकर झारखंड अधिविध परिषद, रांची द्वारा 13 अगस्त को परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें जिले के 20 प्रखंड के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। झारखंड राज्य के सभी जिलों से 2855 विद्यार्थी सफल हुए हैं। इसमें 1386 छात्राएं एवं 1469 छात्र शामिल हैं। इसी के अंतर्गत जिले में 322 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित कर जिला का मान-सम्मान बढ़ाया है।

**मध्य विद्यालय तुकबेरा के चार विद्यार्थियों ने लहराया परचम:** सीएमएमएसएस के तहत आयोजित परीक्षा में नावाबाजार प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तुकबेरा टोला के 4 विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है। सफल विद्यार्थियों में दीपिका कुमारी, विकास कुमार, सनी कुमार एवं अनुष्का सोनम शामिल हैं। स्कूल के प्रधानाध्यापक बृन्दा प्रसाद गुप्ता ने बताया कि 2022-23 सत्र के लिए आयोजित परीक्षा में शामिल विद्यालय के सभी 4 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं। प्रधानाध्यापक ने सफल अभ्यर्थियों को कॉपी एवं कलम देकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी पूर्व में भी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्णता हासिल कर स्कूल का मान-सम्मान बढ़ाया है। विद्यालय के शिक्षक रविंद्र नाथ ठाकुर ने सफल विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी मन लगाकर अपने रुचि के अनुरूप पढ़ाई करें, तो सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने समय प्रबंधन कर पढ़ाई करने की भी सलाह विद्यार्थियों को दी है।

## बिना हेलमेट वालों के वाहन जब्त

खरौंधी। सड़क सुरक्षा के तहत पुलिस अधिक्षक के निर्देश पर खरौंधी थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया के नेतृत्व में मंगलवार को थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया एवं चार पहिया वाहन के चालकों को सावधानी से गाड़ी चलाने व ट्रैफिक नियम का पालन करने को निर्देश दिया गया। वहीं वाहन का कागजात, हेलमेट, लाइसेंस की जांच की गई। बिना कागजात, लाइसेंस, हेलमेट वाले वाहन को जब्त भी किया गया। सअनि सुरेंद्र दुबे ने बताया कि उच्च पदाधिकारीयों के निर्देश पर खरौंधी-भवनाथपुर मुख्य पथ थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बिना हेलमेट के वाहन को चलाना किया जा रहा है ताकि लोगों को दुर्घटना से बचाया जा सकें।

सुरेंद्र दुबे ने बताया कि आज सड़क पर जो दुर्घटना हो रही है उसमें से सबसे अधिक मोटरसाइकिल दुर्घटना हो रही है। उसमें भी जो हेलमेट नहीं लगा रहा है उसकी मौत हो रही है। ऐसे में पुलिस जागरूकता अभियान चलाते हुए वाहन चेकिंग अभियान चला रही है ताकि लोगो को हेलमेट के प्रति जागरूकता बढ़े और लोग हेलमेट लगा कर वाहन का परिचालन कर सकें। वाहन दुर्घटना में सबसे ज्यादा मौत होती है। अगर किसी घर का व्यक्ति वाहन दुर्घटना का शिकार होता है तो उससे कई जिंदगियां प्रभावित होती हैं। वहीं वाहन चेकिंग अभियान में चालकों को हेलमेट के संबंध में विशेष जानकारी दी गई ताकि दुर्घटना से निजात मिल सकें। थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने बताया कि बिना हेलमेट के बाइक चलाना जानलेवा साबित होता है। यातायात नियमों के पालन से ही सड़क दुर्घटना पर विराम लगना संभव है।

## आईजी ने लिया न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

पलामू आईजी आर के लकड़ा ने सोमवार को अनुमंडल न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। लकड़ा ने अनुमंडल न्यायालय परिसर में बने कैदी को रखने के लिए बने कोर्ट सेल का जानकारी ली। इस दौरान कोर्ट सेल में नियुक्त पुलिस कर्मियों ने बताया कि प्रत्येक दिन सात से आठ कैदी आते हैं। आईजी ने कोर्ट परिसर में की जारी पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मियों के रहने की व्यवस्था की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उक्त स्थल पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी लिए एक कमरे का निर्माण कराने की बात कही। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल न्यायलय के रजिस्टार अमित खन्ना ने पलामू आईजी को जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में कोर्ट का प्रवेश द्वार नहीं है। कोर्ट गेट के सामने से मुख्य द्वार का निर्माण कराने को लेकर प्रस्ताव किया गया है। पलामू आईजी ने कोर्ट परिसर में जाने के लिए बने तीन गेट पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कोर्ट परिसर में दो गेट सही है। निरीक्षण के बाद पलामू आईजी ने कहा कि न्यायलय की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुख्य रूप से जानकारी ली जा रही है। मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक पांडे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### एसआईटी का खुलासा : हत्या को एक्सीडेंट का रूप देने का हुआ था प्रयास

# चतरा : ब्लाइंड मर्डर केस में 2 महिला समेत 4 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

विगत एक दिसंबर को सदर थाना क्षेत्र के चतरा-हजारीबाग मुख्य मार्ग पर स्थित रामटुंडा फुटबॉल मैदान के पास से शव बरामदगी मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। इस मामले में एसपी राकेश रंजन द्वारा सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो हत्यारों को धर दबोचा है। वहीं घटना में शामिल टाटा विकटा गाड़ी को भी जब्त कर लिया है। हालांकि घटना का मास्टरमाइंड अभी भी पुलिस गिरफ्त से दूर है।

सदर थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि विगत 1 दिसंबर को रामटुंडा फुटबॉल मैदान के पास एक शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति का शव लहूलुहान अवस्था में पड़ा मिला। साथ ही मौके से गंभीर अवस्था में जख्मी एक अन्य व्यक्ति को भी उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया था, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई थी। जांच के दौरान पता चला था कि मृतक चाचा-भतीजा चतरा कोर्ट से एक पुराने मामले में गवाही देकर लौट रहे थे। इस मामले में परिजनों ने संदेह के आधार पर गांव के ही कुछ लोगों के विरुद्ध हत्या की आशंका जताते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद एसआईटी का गठन कर जांच शुरू की गई थी। एसआईटी में प्रशिक्षु डीएसपी और सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली समेत अन्य शामिल थे। जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि दोनों की पत्थर और लोहे के रॉड से पीट-पीट कर निर्मम हत्या कर उसे सड़क किनारे फेंक कर रोड एक्सीडेंट का रूप देने का प्रयास किया गया था। इस मामले में प्राप्त साक्ष्य के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं समेत अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार सीकेंद्र कुमार और जितेंद्र कुमार सदर थाना क्षेत्र के हसोत गांव के रहने वाले हैं। इन लोगों ने घटना के मास्टरमाइंड के साथ मिलकर पूरी वारदात को अंजाम दिया था।

#### आगजनी में शामिल दो अपराधी गिरफ्तार

पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र के मोक्तमा पंचायत के आरा देवरिया गांव में वन विभाग के ट्रेंच काटने में लगी पोकलेन मशीन में हुई आगजनी कांड का 72 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए घटना में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अपराधी सदर थाना क्षेत्र के हसोत और आरा देवरिया गांव के रहने वाले हैं। इस दौरान गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने आगजनी की योजना बनाने में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया है। मामले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने लेवी की मांग को लेकर पोकलेन मशीन में आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि घटना में अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम छापेमारी अभियान चला रही है।

### 'साहू की लोकप्रियता डरी हुई है भाजपा, इसी वजह से आयकर विभाग को लगाया'

बालूमाथ। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू प्रतिनिधि आमिर हयात ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि साहू सीधे-साधे और सामाजिक प्रतिष्ठा के धनी व्यक्ति हैं। जिस तरह से धीरज प्रसाद साहू के यहां आयकर विभाग की छापेमारी हुई है वह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। कहा कि जिस तरह से भाजपाई बयानबाजी कर रहे हैं उनसे कहना चाहता हूं कि धीरज प्रसाद साहू कोई मुख्यमंत्री या केंद्रीय मंत्री नहीं थे। उन्होंने धन अर्जित अपने व्यवसाई से किया है। चतरा लोकसभा क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवार धीरज प्रसाद साहू की लोकप्रियता बढ़ने से भाजपा पूरी तरह से डरी हुई है।

## सूबे के विकास को बाधित करना चाहता है केंद्र : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाजपा महिला मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री गिरजा देवी सहित पार्टी छोड़कर पेसका के 50 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री ने सभी को पार्टी का पट्टा पहना कर और मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल करते हुए उनका स्वागत किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिला सहित पूरे राज्य में काफी तेज गति से चौतरफा विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंडियों की जनभावनाओं, उनकी समस्याओं एवं जरूरतों को अच्छी तरह से समझते हैं। राज्य की बेहतरी एवं जनता की हर जरूरत को ध्यान में रखकर आज पूरे राज्य में बेहतर विकास कार्य किया जा रहा है। इन्हीं कार्यों से प्रभावित होकर काफी संख्या में लोग दूसरे दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हो रहे बेहतर विकास कार्य एवं पूरे राज्य में झामुमो की ओर जनता की बढ़ रहे रुझान से भाजपा घबरा गई है। वह अपनी पूरी ताकत लगाकर राज्य के विकास को बाधित करने एवं हेमंत सरकार को अस्थिर करने का हर हथकंडा अपना रही है, परंतु जनता विपक्ष के इस मंसूबे को कभी कामयाब नहीं होने देगी। पार्टी में शामिल होने वाले भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री गिरजा देवी, मदन कुमार भुइयां आदि ने कहा कि वे लोग लंबे समय से भाजपा में रहे हैं।

## पेज एक के शेष

### 15 फरवरी से ...

शीट तैयार करते समय, बोर्ड ने इस दौरान होने वाली जेईई समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का भी ध्यान रखा है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज के मुताबिक आमतौर पर दोनों कक्षाओं में एक छात्र द्वारा पेश किए जाने वाले दो विषयों के बीच पर्याप्त अंतर दिया गया है। बारहवीं कक्षा की डेटशीट तैयार करते समय जेईई मेन सहित प्रतियोगी परीक्षाओं का ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि ये डेट शीट 40,000 से अधिक विषयों के संयोजन से बचते हुए तैयार की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी छात्र की दो विषयों की परीक्षाएं एक ही तारीख पर न पड़ें। परीक्षा शुरू होने का समय सुबह 10 बजकर 30 मिनट होगा। बोर्ड का कहना है कि डेटशीट काफी पहले ही जारी कर दी जाती है ताकि छात्र अपनी परीक्षाओं की अच्छी तैयारी कर सकें। देशभर में मौजूद छात्र यह डेट शीट आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

### भविष्य के राजनीति...

एमपी की बहनों ने आपको चुनने के लिए वोट दिया था।

**3.** मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता की। पत्रकारों ने शिवराज से मुख्यमंत्री पद को लेकर एक सवाल पूछा। इसके जवाब में शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मुझसे उस दिन इस संदर्भ में पूछा गया कि बाकी दिल्ली में हैं, आप दिल्ली जाएंगे क्या? एक बात मैं बड़ी विनम्रता से कहता हूं कि अपने लिए कुछ मांगने जाने से बेहतर, मैं मरना समझूंगा। वो मेरा काम नहीं है। शिवराज ने कहा, ..मैंने माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव से आग्रह किया है कि मुझे प्रतिदिन पौधरोपण करने दें और उसके लिए मुझे जगह मिलती रहे।

**4.** तीनों दृष्टांतों को मिलाकर देखें तो जो तस्वीर उभरती है...वह बताती है कि भाजपा कई स्थापित राजनीतिक वर्जनाओं को तोड़ रही है। साथ ही जातीय जनगणना के राष्ट्रव्यापी होते मांग के बीच भाजपा अपने सोशल इंजीनियरिंग का मॉडल पेश कर रही है। राजस्थान में भाजपा बता रही है कि पार्टी से बागी हुए व्यक्ति को भी वह गले लगाने को तैयार है। वहीं अगड़ों के लिए भाजपा में शीर्ष पद पर पहुंचने का अवसर समाप्त नहीं हुआ है। जबकि मध्यप्रदेश में सबकुछ मामा में पक्ष (जैसे पिछड़ा वर्ग का होना, मजबूत और डेलिवरी करने वाले नेता की छवि) में होने के बावजूद भाजपा ने बताया कि वह जहां जातीय या वर्ग का संघर्ष का मामला नहीं है वहां वह नए प्रयोग करने में नहीं चुकेगी।

### जानलेवा या जरूरी हैं ...

सुविधाओं के एवज में ली जा रही कीमत अंग्रेजी और स्थानीय भाषा में चस्पा करना होगा। प्रावधानों का उल्लंघन करने पर अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रद करने से लेकर जुमार्ना भी वसूला जा सकता है। नियमों का उल्लंघन करने एवं बिना पंजीकरण अस्पताल के संचालन पर पहले अपराध के लिए 50 हजार, दूसरे अपराध के लिए दो लाख और इसके बाद पांच लाख रुपए तक का जुमार्ना लगाया जा सकेगा। गैर पंजीकृत संस्थानों पर 25 हजार रुपए तक का जुमार्ना लगाया जा सकेगा। जुमार्ना नहीं देने पर भू-राजस्व बकाया के रूप में यह धनराशि वसूली जाएगी। सच यह है कि डॉक्टर जिन्हें धरती का भगवान कहा जाता है उनके स्थान पर ये नकली भगवान धड़ल्ले से इलाज और ऑपरेशन कर रहे हैं और भोले-भले लोग इन्हें भी असली डॉक्टर ही समझते हैं क्योंकि इनकी डिग्री की या योग्यता की कभी कोई जांच नहीं होती। डॉ प्रदीप की मांग है कि लाइसेन्स की तरह हर डॉक्टर के क्लीनिक या अस्पताल के बाहर सर्टिफिकेट का प्रदर्शन अनिवार्य किया जाए और नियमित जांच प्रशासन कराए।

### बंद खदानों को चालू कराने के लिये दंडाधिकारी तैनात किये गये हैं

# पलामू में माइंस से ढुलाई शुरू कराने गयी प्रशासनिक टीम पर पथराव

### महिलाओं को आगे कर ग्रामीणों ने किया हमला,दो पुलिसकर्मी घायल

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

नौड़िहा बाजार में खदान चालू कराने गयी प्रशासनिक टीम पर सोमवार देर शाम ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। घटना में एक महिला व दो पुलिसकर्मी घायल हो गये। आक्रोशित ग्रामीणों को अधिकारियों ने समझाने का प्रयास किया कि लाइसेंसी माइंस को सिर्फ इस आधार पर नहीं रोका जा सकता कि उससे सड़क खराब होने की संभावना है क्योंकि इससे कहीं भी खदान नहीं चल पाएंगे ।ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि सड़क यदि खराब होगी तो उसे बनवा दिया जाएगा पर सारे प्रयास विफल होने पर उन्हें तितर-बितर करने के लिए प्रशासनिक टीम को बल प्रयोग करना पड़ा। घटना के बाद उक्त स्थल पर खनन का कार्य बंद कर दिया गया है। बताया जाता है कि नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के झरहा इलाके में पत्थर खदान कंपनी व ग्रामीणों के बीच विवाद चल रहा है। विवाद के कारण पत्थर खदानों से उत्पादन बंद हो गया है। बंद खदानों को चालू कराने के लिये दंडाधिकारी तैनात किये गये हैं। सोमवार को झरहा क्षेत्र की खदानों से उत्पादन शुरू कराने के लिए मजिस्ट्रेट बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ गये। इसे देखकर सैकड़ों महिलाओं ने माइंस जाने वाले हाईवा को रोक दिया। ग्रामीणों ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ही पथराव शुरू कर दिया। प्रतिउत्तर में प्रशासनिक टीम ने भी हल्का बल प्रयोग किया। ग्रामीणों की भीड़ व हंगामा को देखते हुए प्रशासनिक टीम माइंस से वाहनों के साथ वापस लौट गयी। नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि फिलहाल उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुये खनन का काम रोक दिया गया है। मामले में कुछ ग्रामीण जहां सड़क क्षतिग्रस्त होने व बढ़ते प्रदूषण को प्रमुख कारण बता रहे हैं तो दूसरी तरफ कुछ ग्रामीण और माइंस संचालक इसे कुछ राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले लोगों की प्रतिद्वंदिता का परिणाम बता रहे हैं। माइंस संचालक अनूप कुमार का कहना है कि पिछले छह वर्ष से उक्त रोड से माइंस का काम हो रहा है। क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत के लिये क्षेत्रीय विधायक ने लोक निर्माण विभाग से संस्तुति भी की है। माइंस संचालन के लिये सभी गाइड लाइन का अनुपालन किया जा रहा है। ग्रामीणों से सकारात्मक वार्ता भी की गयी थी। किंतु मामले के राजनीतिकरण से बात बिगड़ जा रही है।

**मजिस्ट्रेट व अनुमंडल पदाधिकारी को भी लगी चोट :** बताया जाता है कि मामले में मजिस्ट्रेट सुरेंद्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी व सीओ को भी चोटें आई हैं। एक कांस्टेबल के हाथ में चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद सभी खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं। 17 नामजद, 200 अज्ञात पर मामला दर्ज डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि मामले में 17 लोगों को नामजद किया गया है। इसके साथ ही 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। उनके निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के तरीडीह पंचायत के झरहा गांव में दूसरे दिन भी माइंस के हाइवा का परिचालन नहीं हो पाया । परिचालन नहीं होने देने की मांग पर अड़े कुछ लोगों ने कुछ नेताओं की अगुवाई में झरहा मंदिर परिसर में बैठक की, जिसमें जान देंगे, हाइवा को सड़क से नहीं जाने देंगे का निर्णय लिया। ग्रामीण सड़क टूटने से नाराज हैं और सड़क बनाने की मांग कर रहे हैं । स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह ग्रामीण सड़क है लेकिन इस पर 30 से 40 टन के हाइवा चलते हैं, जिससे सड़क पूरी तरह खराब हो गई है । कुछ महीने पहले ग्रामीणों और खाद्यान संचालकों के बीच झड़प हुई थी, इस क्रम में खाद्यान संचालकों को उग्र लोगों ने घेर लिया था और दोनों ओर से प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी थी जिसमें धम्की देने का आरोप भी लगाया गया था।

तीन दिन पहले ग्रामीणों ने सड़क को लोहे से बैरिकेड कर दिया था। रविवार को प्रशासनिक टीम ने बैरिकेडिंग उखाड़ दी थी, जिससे तनाव बढ़ गया है।

> **सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है। विस्तृत जांच के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।**
>
> हीरा कुमार, एसडीओ छतरपुर

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमला, छह सुरक्षाकर्मी मारे गए

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के सबसे ज्यादा अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को दरबान थाने पर आत्मघाती आतंकी हमले में कम से कम छह सुरक्षाकर्मी मारे गए और 28 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि आत्मघाती हमलावरों ने दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले की सीमा से सटे अशांत डेरा इस्माइल खान जिले में दरबान थाने को निशाना बनाया। विस्फोटकों से लदे वाहन से थाने की इमारत में टक्कर मार दी और फिर मोर्टार से हमला किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस दौरान सुरक्षाबलों और हमलावरों के बीच गोलीबारी में कम से कम छह सुरक्षाकर्मी मारे गए और 28 अन्य घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने सभी हमलावरों को मार गिराया है।

## राजस्थान में दो डिप्टी सीएम

### एक राजघराने से तो दूसरा दलित परिवार से

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान के उप मुख्यमंत्री बनाए गए दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा की पृष्ठभूमि एकदम अलग है लेकिन दोनों की भूमिका अहम है। एक तरफ जहां दीया कुमारी जयपुर के राजघराने से हैं। वहीं, प्रेमचंद बैरवा दलित समुदाय से ताल्लुक रखते हैं।

### जयपुर राजघराने से है दीया का ताल्लुक

दीया कुमारी (52) का जयपुर के राजघराने से ताल्लुक है। वह जयपुर की विद्याधर नगर विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह इससे पहले लोकसभा की राजसमंद सीट से सांसद थीं। वह महारानी गायत्री देवी की पोती हैं। उन्होंने अपनी दादी गायत्री देवी के नक्शेकदम पर चलते हुए ही राजनीति में कदम रखा था। वह मुगल सम्राट अकबर के नवरत्नों में से एक मान सिंह के राजघराने से हैं, इसे पहले आमेर और बाद में जयपुर के नाम से जाना गया। इसी परिवार में जन्मे पूर्व महाराज सवाई भवानी सिंह की पत्नी का नाम पद्मिनी देवी है। कहा जाता है कि जयपुर राजघराना खुद को भगवान राम का वंशज बताता है। जयपुर के पूर्व महाराजा भवानी सिंह भगवान राम के बेटे कुश के 309वें वंशज बताए जाते हैं। दीया कुमारी भवानी सिंह व पद्मिनी देवी की ही इकलौती संतान हैं। दीया कुमारी की शुरूआती पढ़ाई दिल्ली और बाद में जयपुर से हुई। बाद में वह उच्च शिक्षा के लिए लंदन चली गई थीं। उन्होंने 1997 में नरेंद्र सिंह से गुपचुप तरीके से कोर्ट में शादी कर ली थी।

### बैरवा ने कांग्रेस के धाकड़ नेता को हराया

मौजमाबाद तहसील के श्रीनिवासीपुरा के रहने वाले प्रेमचंद बैरवा दलित परिवार से आते हैं। दलित परिवार में जन्मे प्रेमचंद बैरवा जयपुर के दूदू सीट से बीजेपी के विधायक हैं। उन्होंने इस बार कांग्रेस के धाकड़ नेता बाबूलाल नागर के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की थी। बैरवा ने नागर को 35743 वोटों के अंतर से हराया था। उन्होंने 1995 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के साथ राजनीतिक जीवन की शुरूआत की थी। उन्होंने 1995 से दूदू ब्लॉक संगठन में काम किया, बैरवा एमफिल और पीएचडी की शिक्षा हासिल कर चुके हैं। एससी मोर्चा में भाजपा के सह प्रभारी और बैरवा महासभा के अध्यक्ष के पद पर कार्यरत है। वह मौजूदा समय में पेट्रोल पंप डीलर भी है। चुनाव आयोग में दाखिल हलफनामे के मुताबिक, प्रेमचंद बैरवा के पास 4.83 करोड़ की संपत्ति है। इसमें से 4.45 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है। उनके ऊपर 98 लाख से ज्यादा की देनदारी है।

## आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन नए विधेयक लोकसभा में पेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन नए विधेयकों, भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक-2023, को मंगलवार को लोकसभा में पेश कर दिया। इससे पहले अमित शाह ने मानसून सत्र के दौरान 11 अगस्त, 2023 को लोकसभा में पेश किए गए तीन विधेयकों, भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 को सदन से वापस ले लिया था। आपको बता दें कि 11 अगस्त को पेश किए गए इन तीनों बिलों को उस समय अमित शाह के अनुरोध पर ही स्टैंडिंग कमेटी को भेज दिया गया था। स्टैंडिंग कमेटी की कई सिफारिशें आने के बाद सरकार ने यह तय किया कि इन तीनों पुराने बिलों को वापस लेकर नए बिलों को सदन में पेश किया जाए। इसी आधार पर अमित शाह ने मंगलवार को मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में पेश किए गए तीनों विधेयकों को सदन की सहमति से वापस ले लिया और फिर स्टैंडिंग कमेटी की सिफारिशों के आधार पर तैयार किए गए तीन नए बिलों को सदन में पेश कर दिया। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के इन तीनों बिलों को जॉइंट सेलेक्ट कमेटी को भेजने की मांग को खारिज करते हुए अमित शाह ने कहा कि स्टैंडिंग कमेटी ने इस पर विस्तार से विचार कर अपनी सिफारिशें दी हैं और उनमें से कई सिफारिशों को सरकार ने स्वीकार कर लिया है। शाह ने विपक्षी सांसदों की आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा कि इन संशोधनों को पढ़ने के लिए सांसदों के पास 48 घंटे का पर्याप्त समय है क्योंकि उन्होंने इन बिलों को आज सिर्फ पेश किया है और इन पर सदन में 14 दिसंबर को चर्चा होगी। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार की तरफ से 15 दिसंबर को चर्चा का जवाब दिया जाएगा क्योंकि ये महत्वपूर्ण विधेयक हैं और वे भी इसे हड़बड़ी में नहीं लाना चाहते हैं।

### केंद्र से राज्यों को मिल रहा है पूरा पैसा : वित्त मंत्री

केंद्रीय वित्त मंत्री ने मंगलवार को लोस में कहा कि मोदी सरकार देश के हर नागरिक के लिए कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र से जो भी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जाती हैं, उनके लिए समय पर पैसा जारी किया जा रहा है। सीतारमण ने लोस में चालू वित्त वर्ष और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अनुदान और अतिरिक्त अनुदान की मांगों की सूची पर चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री के जवाब के बाद लोकसभा ने वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए अनुपूरक मांगों की पहली सूची तथा वित्त वर्ष 2020-21 से संबंधित अतिरिक्त अनुदान की मांगों की सूची को पारित कर दिया। सीतारमण ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सूची में कुल एक लाख 29 करोड़ रुपये की 79 अनुदान की अनुपूरक मांगे और तत्संबंधी चार विनियोग प्रस्तुत किए थे। इनमें से 58 हजार 378 करोड़ रुपये पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति व वेतन से जुड़ा विधेयक राज्यसभा में हुआ पेश

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव से जुड़ा विधेयक मंगलवार को राज्यसभा में पेश किया गया। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023 पेश किया। विधेयक के प्रावधानों के तहत सीईसी और ईसी की नियुक्ति चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी।

### 285 लाख टन पहुंचा देश में उर्वरक उत्पादन : मांडविया

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में उर्वरक उत्पादन में वृद्धि हुई है और किसानों को रियायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को राज्यसभा में पूछे गये एक सवाल के जवाब में बताया कि अभी नैनो यूरिया के नौ संयंत्र देशभर में काम कर रहे हैं। सरकार वर्ष 2025 तक 13 और संयंत्र शुरू करेगी। इन संयंत्रों के माध्यम से नैनो यूरिया के उत्पादन को और अधिक बढ़ाया जाएगा।

### कांग्रेस का नाम करप्शन पार्टी होना चाहिए

भाजपा कांग्रेस सांसद के कथित कैश कांड पर लगातार हमलावर है। यहां मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस पार्टी (कांग्रेस) का नाम करप्शन पार्टी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके गठबंधन आईएनडीआईए के कई नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उनमें कुछ जेल में तो कुछ बेल पर हैं। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि मोदी की गारंटी लोगों की सेवा की गारंटी है। भ्रष्टाचारियों को बेनकाब करने की गारंटी है। कांग्रेस भ्रष्टाचारियों के साथ है। किरेन रिजिजू ने धीरज साहू से राहुल गांधी की नजदीकियों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस को कैश कांड पर जवाब देना चाहिए।

## निराशा व हताशा की जगह विकास और लोकतंत्र ने ली

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में पिछले चार साल जमीनी स्तर के लोकतंत्र में नए सिरे से विश्वास के प्रतीक रहे हैं और मोहभंग, निराशा एवं हताशा की जगह विकास, लोकतंत्र एवं गरिमा ने ली है।

उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने के बाद मंगलवार को कई अखबारों में छपे आलेख में मोदी ने उल्लेख किया कि इस मुद्दे से कई दशकों से भारतीय जनता पार्टी

(भाजपा) के एक सदस्य के रूप में जुड़े रहते हुए उन्होंने इसमें शामिल बारीकियों और जटिलताओं के बारे में कैसे सूक्ष्म समझ विकसित की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह एक बात को लेकर बिल्कुल स्पष्ट हैं कि जम्मू-कश्मीर के लोग विकास चाहते हैं और अपनी क्षमता एवं कौशल के आधार पर भारत के विकास में योगदान देना चाहते हैं। मोदी कहा कि वे अपने बच्चों के लिए हिंसा और अनिश्चितता से मुक्त जीवन की बेहतर गुणवत्ता चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने नागरिकों की चिंताओं को समझने, सहायक कार्यों के माध्यम से विश्वास पैदा करने तथा विकास और अधिक विकास को प्राथमिकता देने के तीन स्तंभों को प्राथमिकता दी है। मोदी ने कहा कि अपने फैसले से उच्चतम न्यायालय ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत किया है और हमें याद दिलाया है कि जो चीज हमें परिभाषित करती है वह एकता के बंधन और सुशासन के लिए साझा प्रतिबद्धता है। मोदी ने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में पैदा होने वाला हर बच्चा जीवंत आकांक्षाओं से भरे भविष्य के अपने सपनों को साकार कर सकता है। आखिरकार, विकास, लोकतंत्र और गरिमा ने मोहभंग, निराशा और हताशा का स्थान ले लिया है।

### पीएम-ममता के बीच बैठक 20 को संभव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सचिवालय सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार के लंबित केंद्रीय बकाया के मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम ममता बनर्जी के बीच महत्वपूर्ण बैठक 20 दिसंबर को होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने पहले पीएमओ को एक विज्ञप्ति भेजकर विवादास्पद मामले पर चर्चा के लिए 18 दिसंबर से 20 दिसंबर के बीच का समय मांगा था। राज्य सरकार के सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित बैठक के बारे में पीएमओ से सकारात्मक संकेत मिले हैं और बैठक की संभावित तारीख और समय 20 दिसंबर को सुबह 11 बजे संसद परिसर में है।

## एक नजर

### संजय सिंह की जमानत पर फैसला 21 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में मंगलवार को दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। स्पेशल जज एमके नागपाल ने जमानत याचिका पर 21 दिसंबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया। संजय सिंह की न्यायिक हिरासत भी 21 दिसंबर को पूरी हो रही है।

### अनंतनाग में हथियार के साथ दो संदिग्ध गिरफ्तार

**अनंतनाग।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षाबलों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से हथियारों और अन्य युद्धक सामग्री भी बरामद की गई है। यह जानकारी मंगलवार को सेना ने दी है। चिनार कॉर्प्स के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर 11 दिसंबर को जबिलपुरा, बिजबिहाडा अनंतनाग में सेना और जेएमयू और केएमआर पुलिस ने एक संयुक्त मोबाइल वाहन चेक पोस्ट (एमवीसीपी) स्थापित किया था।

### पोलैंड के नए प्रधानमंत्री होंगे डोनाल्ड टस्क

**वारसॉ।** पोलैंड की संसद ने सोमवार को मध्यमार्गी पार्टी के नेता डोनाल्ड टस्क को प्रधानमंत्री के रूप में चुन लिया। इसी के साथ आठ साल पुराने राष्ट्रीय रूढ़िवादी शासन के बाद यूरोपीय संघ समर्थक नई सरकार का मार्ग प्रशस्त हो गया। पोलैंड के ऑनलाइन समाचार पोर्टल द वारसॉ आवाज के अनुसार टस्क को राष्ट्रीय चुनाव के लगभग दो महीने बाद प्रधानमंत्री चुना गया। यह वामपंथी से लेकर उदारवादी रूढ़िवादी पार्टियों तक जीत है।

### नेहरू पर दिए गए बयान से भड़के राहुल गांधी

## अमित शाह को इतिहास की जानकारी नहीं: राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर हमले के लिए गृह मंत्री अमित शाह पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा नेता शायद इतिहास नहीं जानते हैं, वे बस इसे फिर से लिखते रहते हैं। गांधी ने कहा कि पूरा मामला जाति जनगणना के मुद्दे से ध्यान भटकाने और देश का पैसा किसके हाथों में जा रहा है, इस बारे में है। गौरतलब है कि सोमवार को राज्यसभा में बोलते हुए, शाह ने असामयिक युद्धविराम का आदेश देने और मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले जाने की गलतियों की ओर इशारा करते हुए, कश्मीर समस्या के लिए नेहरू को दोषी ठहराया था। राहुल ने कहा, पंडित नेहरू ने इस देश के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। वह वर्षों तक जेल में थे, अमित शाह शायद इतिहास नहीं जानते। उन्होंने कहा

कि मूल मुद्दा जाति जनगणना और भागीदारी का है, देश का पैसा किसके हाथ में जा रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ओबीसी हैं लेकिन सरकार 90 अधिकारियों द्वारा चलाई जाती है। 90 अधिकारियों में से तीन ओबीसी हैं और उनका कार्यालय कोने में है। मेरा कहना यह है कि संस्थागत प्रणाली में ओबीसी की भागीदारी क्या है, दलितों, आदिवासियों की भागीदारी क्या है, यह देश के सामने मुख्य प्रश्न है।

### म्यामांर दुनिया का शीर्ष अफीम उत्पादक देश बना : संयुक्त राष्ट्र

**बैंकॉक।** संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक गृह युद्ध से प्रभावित म्यामांर अफगानिस्तान को पीछे छोड़कर दुनिया का शीर्ष अफीम उत्पादक देश बन गया। मादक पदार्थ और अपराध संबंधी संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) ने अपने दक्षिण-पूर्व एशिया अफीम सर्वेक्षण 2023 में कहा कि म्यामां का अफीम उत्पादन अफगानिस्तान से भी अधिक है। तालिबान के शासन में आने के बाद अफगानिस्तान में अफीम के उत्पादन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। यूएनओडीसी ने पिछले महीने कहा था कि तालिबान के प्रतिबंध के कारण अफीम पोस्ता की खेती में 95 प्रतिशत की गिरावट आई है। यूएनओडीसी की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 से 2023 के बीच म्यामांर में अफीम की खेती का क्षेत्रफल 18 प्रतिशत बढ़कर 47,100 हेक्टेयर (1,16,400 एकड़) हो गया।

## विदेश में सेटल होना चाहता था गोगामेड़ी का कातिल

**एजेंसी। जयपुर**

पांच दिसंबर को करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के साथ ही शूटरों और पुलिस के बीच भाग-दौड़ का खेल शुरू हो चुका था। हत्या के कारण भी अनेक थे। एक शूटर को जेल जाने का बदला लेना था, तो दूसरे को जेल जाने से बचने के लिए विदेश जाना था और तीसरा अपना मुंह बंद रखने के लिए ज्यादा पैसे चाहता था। जबकि इन तीनों का सरगना और मास्टरमाइंड सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मौत चाहता था, और इसी ताने-बाने बीच रची गई सुखदेव सिंह की मौत की पूरी साजिश। वारदात को अंजाम देने के बाद शूटर जयपुर से निकले और अलग-अलग शहरों से होते हुए लगातार भागते रहे और अंत में चंडीगढ़ में पकड़े गए।

### शूटर्स के पास नहीं था पुख्ता 'एग्जिट प्लान'

गोगामेड़ी के कत्ल की साजिश जितनी गहरी थी, वहीं शूटरों के भागने और छुपने की कहानी उतनी ही कच्ची है। इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों शूटरों के पास निकल भागने का कोई पुख्ता 'एग्जिट प्लान' नहीं था। दोनों पुलिस से बचने और दूर निकल भागने के लिए पूरी तरह से अपने उन आकाओं पर ही निर्भर थे, जिन्होंने उन्हें कत्ल की सुपारी दी थी और उन्हें फर्जी दस्तावेजों से विदेश भिजवाने की बात कही थी। लेकिन इससे पहले कि ऐसा हो पाता, दोनों धर लिए गए।

### फिल्म जगत

## ऋतिक-दीपिका के इंटीमेट सीन से मची खलबली

मच अवेटेड फिल्म फाइटर का टीजर जारी हो गया है। फिल्म के टीजर में दमदार एक्शन के साथ-साथ न्यू ऑन-स्क्रीन कपल ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की सिजलिंग केमिस्ट्री भी देखी गई। उनके इंटीमेट सीन ने फैंस को हैरान कर दिया। सोशल मीडिया पर दोनों की केमिस्ट्री की जोरों पर चर्चा हो रही है। दीपिका पादुकोण, ऋतिक रोशन और अनिल कपूर के धमाकेदार फर्स्ट लुक रिवील होने के बाद मेकर्स ने फिल्म का शानदार टीजर जारी किया है। पहली बार दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन ने साथ में स्क्रीन शेयर किया है। एक जगह दोनों को लिप-लॉक करते हुए देखा जा सकता है, तो दूसरी ओर दोनों समंदर के किनारे इश्क में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, कुछ लोग दोनों को इंटीमेट सीन को लेकर ट्रोल भी कर रहे हैं।

### चंद्रयान-3 चंद्र मिशन — इसरो की 2040 तक की योजना पर तेजी से चल रहा काम

## चंद्रमा पर पहला भारतीय यात्री भेजना है लक्ष्य

### भारतीय वायु सेना के चार परीक्षण पायलट को मिशन के लिए अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

भारतीय अतंरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा है कि चंद्रयान-3 चंद्र मिशन की शानदार सफलता के बाद, इसरो 2040 तक चंद्रमा पर पहली बार भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की अपनी

योजना पर जोर-शोर से काम कर रहा है।

सोमनाथ ने कहा कि इसरो का लक्ष्य गगनयान कार्यक्रम के साथ अंतरिक्ष अन्वेषण में अगला कदम उठाना है, जिसमें दो से तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के एक दल को तीन दिनों तक पृथ्वी की कक्षा (एलईओ) में पहुंचाने की योजना है, जिसके बाद उन्हें पूर्वनिर्धारित साइट पर भारतीय जल क्षेत्र में सुरक्षित रूप से वापस भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना के चार परीक्षण पायलटों को मिशन के लिए अंतरिक्ष यात्री के रूप में नामित चुना गया है। वर्तमान में, ये लोग बेंगलुरु में अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण सुविधा (एटीएफ) में मिशन-विशिष्ट प्रशिक्षण से गुजर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वैश्विक अंतरिक्ष पर भारत की उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन को चालू करने और वीनस ऑर्बिटर मिशन और मंगल लैंडर की विशेषता वाले अंतरग्रहीय अन्वेषण जैसे महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं।